www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–198 । सागर, बुधवार, 6 सितंबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

नर्मदा अस्पताल के कर्मचारियों को 4 से नहीं मिली पगार पृष्ठ 3

- भारतीय अस्मिता और हिन्दू राष्ट्र
- भारत के उच्च व्यापार घाटे के पीछे डंप चीनी निर्यात पृष्ठ 4

- सहायक उत्पादन इकाई दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर : डॉ. कुमार पृष्ठ 6

गुरुजनों का सम्मान करना मेरा राज धर्म, जब तक मैं जीवित हूं, क्षेत्र के गुरुओं का सम्मान होता रहेगा: गोपाल भार्गव पृष्ठ 8

सार-समाचार

मोदी 14 को बीना आएंगे

भोपाल, देशबन्धु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 14 सितम्बर को मध्य प्रदेश के सागर जिले के बीना के पास भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की रिफाइनरी में लगभग 50 हजार करोड़ रुपयों के निवेश संबंधी कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यहां अपने निवास से विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर चौहान ने अपने संबोधन में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्री मोदी 14 सितम्बर को बीना आएंगे।

छात्रों को हीरे की तरह तराशते हैं शिक्षक : सिन्हा

श्रीनगर, एजेंसी। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को शिक्षक दिवस पर कहा कि शिक्षक छात्रों को हीरे, जवाहरात और मोतियों की तरह तराशता है। शिक्षक दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल ने शिक्षक को रत्न विज्ञानी बताते हुए कहा कि वह विविध प्रतिभाओं वाले हीरों को परखता है और उन्हें तराशता है। उपराज्यपाल ने कहा कि शिक्षक एक जौहरी है और बहुमूल्य रत्नों को सही आकार और चमक देता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक एक साथ कई भूमिकाएं निभाता है। वह एक खोजकर्ता है जो छात्रों को हीरे, जवाहरात और मोतियों की तरह तराशने का काम करता है। उपराज्यपाल ने समारोह के दौरान घाटी से पुरस्कार विजेता शिक्षकों को भी सम्मानित किया।

ईडी ने नुसरत जहां को जारी किया समन

कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की नेता व अभिनेत्री नुसरत जहां को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने समन जारी किया है, जिसमें एक रियल एस्टेट फर्म के साथ उनके कथित संबंध में 12 सितंबर को जांच अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा है। केंद्रीय एजेंसी ने सेवन सेंस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक राकेश सिंह को भी उसी तारीख को सुबह 11 बजे तलब किया है।

किश्तवाड़ में आतंकवादी ठिकाने का किया भंडाफोड़

जम्मू, एजेंसी। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सुरक्षा बलों ने मंगलवार को हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकवादी के ठिकाने का भंडाफोड़ किया। किश्तवाड़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खलील पोसवाल ने कहा कि पुलिस ने सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के साथ मिलकर हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकवादी जहांगीर सरूरी के ठिकाने को ध्वस्त कर दिया है। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादी ठिकाने से दो कंबल, खाद्य वस्तुएं और निजी उपयोग की वस्तुएं बरामद की गईं, जो ठिकाने में आतंकवादी की मौजूदगी का संकेत देती हैं।

मेघालय में 2 करोड़ रुपए की हेरोइन जब्त

शिलांग, एजेंसी। मेघालय पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने मंगलवार को एक अंतरराज्यीय ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार किया और हेरोइन जब्त की जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में दो करोड़ रुपए आंकी गई है। आरोपी की पहचान मिजोरम के आइजवाल निवासी थांगसियामाविया पाइते के रूप में हुई है। उसे राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की जांच के दौरान पूर्वी जैंतिया हिल्स जिले के उम्त्यरा इलाके से गिरफ्तार किया गया। वाहन की जांच के दौरान पुलिस को एक छोटा भूरे रंग का कार्टन बॉक्स मिला जिसमें 20 साबुन के डिब्बे थे, जिनमें 252 ग्राम वजन का पीला नारंगी पाउडर भरा हुआ था, जिसमें हेरोइन होने की पुष्टि हुई।

फर्जी भर्ती घोटाले का भंडाफोड़, 5 गिरफ्तार

श्रीनगर, एजेंसी। जम्मू कश्मीर पुलिस ने मंगलवार को कुपवाड़ा जिले में पांच लोगों को गिरफ्तार कर सैन्य इंजीनियरिंग सेवा (एमईएस) में फर्जी भर्ती घोटाले का भंडाफोड़ करने का दावा किया। पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए कुपवाड़ा एमईएस में युवा नौकरी चाहने वालों की आकांक्षाओं को प्रभावित करने वाले एक फर्जी भर्ती घोटाले का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने कहा कि एक सितंबर, 2023 को गुंड जोनरेशी चौकीबल निवासी मुमताज अहमद मीर ने क्रालपोरा ■ शेष पृष्ठ 5 पर

संसद के विशेष सत्र में लाया जा सकता है विधेयक

संविधान से इंडिया शब्द हटाने की तैयारी!

नई दिल्ली, एजेंसी। केन्द्र सरकार संविधान से इंडिया शब्द हटाने की तैयारी कर रही है। इससे संबंधित विधेयक संसद के विशेष सत्र में लाया जा सकता है। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने भी आरोप लगाया है कि सरकार संविधान से इंडिया शब्द हटाने की योजना बना रही है।

सूत्रों ने दावा किया कि इससे जुड़े प्रस्ताव की तैयारियां जारी हैं। हाल ही में आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने भी कहा था कि सदियों से हमारे देश का नाम भारत रहा है। उन्होंने लोगों से इंडिया की जगह भारत शब्द का इस्तेमाल करने की अपील भी की थी। यही नहीं संसद के मानसून सत्र में भाजपा के राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल ने इंडिया शब्द को हटाकर भारत शब्द के इस्तेमाल की मांग की थी।

उनका कहना था कि इंडिया शब्द औपनिवेशिक दासता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी ने 25 जुलाई को भाजपा संसदीय दल की बैठक में विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए पर निशाना साधते हुए कहा था कि ईस्ट इंडिया कंपनी और इंडियन नेशनल

कांग्रेस का गठन अंग्रेजों ने किया था। उल्लेखनीय है कि सरकार ने 18 से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है, लेकिन इसके एजेंडे की कोई जानकारी नहीं दी है। विशेष सत्र में चंद्रयान-3 और आदित्य एल-1 मिशन समेत हाल में हासिल की गई सफलताओं पर भी चर्चा हो सकती है। साथ ही 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का रोडमैप बनाया जाएगा और इस विषय पर चर्चा भी हो सकती है।

विपक्षी गठबंधन से डरी मोदी सरकार

इस मुद्दे पर कांग्रेस ने केन्द्र सरकार को घेरा है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दावा किया कि राष्ट्रपति भवन में 9 सितम्बर को जी-20 के नेताओं को दिए जा रहे रात्रि भोज के निमंत्रण पत्र में प्रेसिडेंट इंडिया की जगह प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा गया है। उन्होंने इसको लेकर मोदी सरकार पर हमला करते हए कहा कि संविधान के अनुच्छेद-1 में उल्लिखित भारत, जो इंडिया है, राज्यों का एक समूह होगा। लेकिन अब राज्यों के समूह पर भी हमला हो रहा है। इससे साफ है कि मोदी सरकार विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' से डरी है इसीलिए 'इंडिया' के स्थान पर 'भारत' शब्द का इस्तेमाल किया गया है।

सीबीआई की कार्रवाई

50 लाख की रिश्वत मामले में गेल के कार्यकारी निदेशक सहित 5 गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी। सीबीआई ने 50 लाख रुपये के कथित रिश्वत मामले में गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल) के एक कार्यकारी निदेशक सहित 5 लोगों को गिरफ्तार किया, जिसमें गैस पाइपलाइन परियोजनाओं में कुछ ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने के लिए पैसे का आदान-प्रदान किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि गेल के कार्यकारी निदेशक (परियोजनाएं) केबी सिंह के अलावा चार अन्य को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए चार लोगों में वडोदरा स्थित एडवांस इंफ्रास्ट्रक्चर के निदेशक सुरेंद्र कुमार भी शामिल हैं।

दो गेल पाइपलाइन परियोजनाओं श्रीकाकुलम से अंगुल और विजयपुर से औरैया में कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए कथित तौर पर रिश्वत दी गई थी। रिश्वत के आदान-प्रदान के बारे में इनपुट मिलने पर, सीबीआई ने एक अभियान चलाया और गिरफ्तारियां कीं। मामले के सिलसिले में दिल्ली, नोएडा और विशाखापत्तनम में कई स्थानों पर चल रही तलाशी के बीच ये गिरफ्तारियां हुईं। इस रिपोर्ट के दाखिल होने के समय गेल के शेयर की कीमत 123.40 रुपये थी।

मुख्यमंत्री ने सुबह की घोषणा, शाम होते-होते अधिसूचना जारी

मैहर बना प्रदेश का 55वां जिला

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार सुबह मैहर को जिला बनाने की घोषणा की। शाम होते-होते अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।

चित्रकूट से तीन सितंबर को शुरू हुई जन आशीर्वाद यात्रा मंगलवार को मैहर पहुंची। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस यात्रा को भोपाल स्थिता निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान मैहर को जिला बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मुझे मैहर आकर ही जिला बनाने की घोषणा करने थी, लेकिन केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जी के मंडला और श्योपुर आगमन के कारण मेरा मैहर आना संभव नहीं हो सका। मैं माँ का आशीर्वाद लेकर ही आज यह घोषणा कर रहा हूँ। साथ ही उन्होंने कहा कि यह सिर्फ घोषणा नहीं है बल्कि आज हम इसके लिए कार्यवाही शुरू कर रहे हैं।

इससे पहले 2018 में भी उन्होंने मैहर को जिला बनाने की घोषणा की थी, लेकिन तब सरकार नहीं बन सकी थी। इस बार उन्होंने घोषणा के साथ ही उसे लागू भी कर दिया है। इसके कुछ ही देर बाद यात्रा का नेतृत्व कर रहे प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि मैहर के लिए खुशी का दिन है। सात दिन में प्रक्रिया पूरी होगी। 15 दिन में कार्यालय स्थापित होगा। आचार संहिता लागू होने से पहले मैहर में कलेक्टर और एसपी की नियुक्ति हो जाएगी। ऐसा मुख्यमंत्री जी ने कहा है। बहुत खुशी की बात है। चुनावी साल में मुख्यमंत्री ने अब तक तीन नए जिले बनाए हैं। 15 अगस्त को रीवा से अलग कर मऊगंज बनाया था। नए कलेक्टर और एसपी भी नियुक्त हो चुके हैं। इसी तरह छिंदवाड़ा से अलग कर पांढुर्णा को जिला बनाने की घोषणा के अगले ही दिन 26 अगस्त को अधिसूचना जारी हो गई है। मैहर इस कड़ी में तीसरा और प्रदेश का 55वां जिला है। मुख्यमंत्री ने इससे पहले पिछोर और नागदा को भी जिला बनाने की घोषणा की है। हालांकि, इसकी अधिसूचना अभी जारी नहीं हुई है।

मैहर की सभा में गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के अलावा राज्य मंत्री रामखेलावन पटेल, सांसद गणेश सिंह उपस्थित थे। जबकि भोपाल स्थित निवास कार्यालय स्थित समत्व भवन में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, सांसद वी.डी. शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा तथा श्रीमती कृष्णा गौर, पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह और पूर्व महापौर आलोक शर्मा उपस्थित थे।

नए जिले का स्वरूप

सतना जिले की तहसील मैहर के समस्त 122 पटवारी हल्का एवं तहसील अमरपाटन के समस्त 53 पटवारी हल्का तथा तहसील रामनगर के 59 पटवारी हल्के सहित कुल 234 पटवारी हल्के रहेंगे। प्रस्ताव अनुसार नवीन निर्मित होने वाले जिले मैहर के पूर्व में सीधी एवं रीवा, पश्चिम में पन्ना, उत्तर में सतना और दक्षिण में कटनी, उमरिया और शहडोल जिला रहेगा।

विकास रथों को हरी झंडी दिखाई, कहा-

प्रदेश के विकास और जनकल्याण का रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच रखेंगे विकास रथ

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ प्रदेश भर में सरकार की उपलब्धियों और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन को देंगे। ये विकास रथ आमजन को अवगत कराने के लिए विकास किया है-विकास करेंगे की थीम पर आधारित हैं। विकास रथों को जिलों की यात्रा के लिए रवाना किया। यह रथ ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में 40 दिन तक भ्रमण करेंगे। प्रदेश में कुल 127 विकास रथ चलाये जा रहे है।

श्री चौहान ने इस अवसर पर कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि हमारी सरकार ने प्रदेश को देश के विकसित राज्यों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा कर दिया है। हमारी सरकार की अनेकों उपलब्धियाँ हैं, यह हमारा कर्तव्य है कि हम प्रदेशवासियों को यह बताएं कि प्रदेश के विकास और जन-कल्याण के लिए हमने क्या-क्या कार्य किए हैं। हमारे विकास रथ हमारी उपलब्धियों और रिपोर्ट कार्ड को जनता के सामने रखेंगे। सड़कें, सिंचाई की व्यवस्था, अर्थव्यवस्था की प्रगति, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली के प्रबंध आदि हर क्षेत्र में प्रगति हुई है। गाँव-शहरों का विकास, फसलों का उत्पादन, प्रदेश में आने वाला निवेश निरंतर बढ़ा है। प्रचार रथ के द्वारा राज्य सरकार की उपलब्धियों का प्रदर्शन किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि विकास रथों में लगी एलईडी के माध्यम से विभिन्न वीडियो फिल्म और गाने दिखाये जायेंगे। इन वीडियो में जिले के विकास पर केन्द्रित फिल्म दिखाई जायेगी। जिसमें इसके साथ रघुवीर यादव द्वारा गाया गया मध्यप्रदेश गान, मध्यप्रदेश पर आधारित फिल्म तब और अब, मध्यप्रदेश में केन्द्र सरकार की योजनाएँ तब और अब, अद्भुत मध्यप्रदेश, जन-सरोकार, वंदे-मध्यप्रदेश, महिला सशक्तिकरण, लाड़ली बहना सेना, ■ शेष पृष्ठ 5 पर

शिक्षक दिवस पर बोले राहुल

विरोधियों को भी मानता हूं अपना गुरु

नई दिल्ली, देशबन्धु। शिक्षक दिवस पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बड़ा बयान दिया है। अपने संदेश में उन्होंने कहाकि वे अपने विरोधियों को ही अपना शिक्षक मानते हैं। जो अपने व्यवहार,झूठ और शब्दों से उन्हें सिखाते हैं कि वे जिस रास्ते पर चल रहे हैं वह बिल्कुल सही है। इस रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए हर कीमत कम है। उन्होंने देश नागरिकों के लिए भी कहाकि भारत के लोग भी शिक्षकों की तरह हैं, जो विविधता में एकता का उदाहरण देते हैं। वे हर समस्या से लड़ने के लिए प्रेरित करने वाले विनम्रता व तपस्या के प्रतीक हैं। इस अवसर देश के महापुरुषों को याद करते हुए उन्होंने कहाकि वे महात्मा गांधी,गौतम बुद्ध, श्री नारायण गुरु जैसे महापुरुषों को अपना गुरु मानते हैं। जिन्होंने समाज में सभी लोगों को समानता और सभी के प्रति दया व प्रेम दिखाने का संदेश दिया। पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद कर राहुल गांधी ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहाकि एक शिक्षक का जीवन में बहुत ऊंचा स्थान है। क्योंकि शिक्षक ही जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है और सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

विश्व कप के लिए भारतीय टीम घोषित, रोहित शर्मा संभालेंगे कमान

कोलंबो, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को रोहित शर्मा की कप्तानी और हार्दिक पांड्या की उपकप्तानी में एकदिवसीय विश्व कप 2023 के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की। चोट के कारण लंबी छुट्टी के बाद भारतीय टीम में वापसी करने वाले केएल राहुल और श्रेयस अय्यर विश्व कप टीम में बने हुए हैं। भारत की कोर टीम में विराट कोहली, शुभमान गिल, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जाडेजा, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। भारत ने आखिरी बार 2011 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में विश्व कप जीता था। एशिया कप के लिए चुने गए प्रसिद्ध कृष्णा और तिलक वर्मा विश्व कप टीम में जगह नहीं बना सके। संजू सैमसन को भी 15 खिलाड़ियों की स्कवाड में जगह नहीं मिली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ■ शेष पृष्ठ 5 पर

राष्ट्रपति मुर्मू ने नई दिल्ली में प्रदान किया सम्मान

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से प्रदेश के 5 शिक्षक सम्मानित

भोपाल, देशबन्धु। प्रदेश के पांच शिक्षकों को आज शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में नर्मदापुरम की श्रीमती सारिका घारू, इंदौर की श्रीमती चेतना खंबेटे, भोपाल के डॉ. यशपाल सिंह, दतिया के रविकांत मिश्रा और रतलाम की श्रीमती सीमा अग्निहोत्री को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान किया।

समारोह में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार और श्रीमती अन्नपूर्णा देवी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में देश के कुल 75 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। नर्मदापुरम के पिपरिया स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती सारिका घारू ने जनजातीय छात्रों का नामांकन बढ़ाने के लिए अपनी कक्षा को मस्ती की पाठशाला बनाया। इनके परिश्रम से विद्यालय के जनजातीय छात्रों ने कई पुरस्कार प्राप्त किए हैं। इंदौर के केंद्रीय विद्यालय नंबर 2, बीएसएफ की शिक्षिका श्रीमती चेतना खंबेटे 18 वर्षों से रुचिकर तरीके से जीव विज्ञान का अध्यापन करा रहीं हैं। इन्होंने विज्ञान प्रयोगशाला के लिए 3-डी मॉडल और इंटरएक्टिव शिक्षण सामग्री विकसित की हैं। भोपाल के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के डॉ. यशपाल सिंह को सामाजिक बदलाव लाने और शिक्षण क्षेत्र के प्रयासों के लिए पुरस्कृत किया गया। छात्रों को ज्ञान देने के साथ उन्होंने पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दों और बाल विवाह, दहेज जैसी कुरीतियों के विरुद्ध समाज में जागरूकता लाने का सराहनीय ■ शेष पृष्ठ 5 पर

राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में 14 शिक्षक सम्मानित

विद्यार्थियों को माता-पिता और राष्ट्र की सेवा का संस्कार दें शिक्षक

भोपाल, देशबन्धु। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि शिक्षक विद्यार्थियों को माता-पिता और राष्ट्र की सेवा के संस्कार दे। श्री पटेल ने कहा कि तक्षशिला और नालंदा जैसे विश्व प्रसिद्ध विद्यापीठ, हमारी गौरवशाली धरोहर हैं। दुनिया भर के लोग शिक्षा प्राप्त करने भारत आते थे। उन्होंने शिक्षकों का आहवान किया कि वे भारतीय शिक्षा के प्राचीन गौरव की पुनर्स्थापना के लिए संकल्पित हों।

श्री पटेल प्रशासनिक एवम् प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह लोक शिक्षण संचालनालय और स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में हुआ। राज्य मंत्री स्कूल शिक्षा इन्दर सिंह परमार और प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा श्रीमती रश्मि अरुण शमी उपस्थित थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि यह शिक्षकों की महती जिम्मेदारी है कि राष्ट्र निर्माण के लिए सर्वस्व समर्पण के लिए तत्पर भावी पीढ़ी के निर्माण के लिए एकजुट होकर कार्य करें। शिक्षा और शिक्षण का स्वरूप ऐसा हो जो विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दे। सफलता की चकाचौंध में भी ■ शेष पृष्ठ 5 पर

राज्यपाल ने शिक्षकों को सम्मानित किया

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने 14 शिक्षकों को शाल, श्रीफल, प्रशस्ति-पत्र और सम्मान निधि चेक प्रदान कर सम्मानित किया। प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल के 8 और हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के 6 शिक्षक सम्मानित हुए। राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान 2022 से सम्मानित प्रदेश के 3 शिक्षकों और शैक्षिक संगोष्ठी में चयनित प्रथम 3 शिक्षक-शिक्षिकाओं का भी सम्मान किया गया। आयुक्त स्कूल शिक्षा श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव ने आभार माना। समारोह में अध्यक्ष पंतजलि संस्कृत संस्थान भरत बैरागी, अध्यक्ष मध्य प्रदेश पाठ्य-पुस्तक निगम शैलेन्द्र बरुआ, अध्यक्ष योग आयोग वेद प्रकाश, संचालक राज्य शिक्षा केंद्र धनराजू एस, उपाध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा मंडल डॉ. रमा मिश्र, शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और सम्मानित शिक्षकों के परिजन उपस्थित थे।

सार-समाचार

मतदान को लेकर किया जागरूक

मकरोनिया, देशबन्धु। नगर पालिका परिषद मकरोनिया द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए भोपाल से आए कलाकारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। यह विशेष अभियान नपा परिषद मकरोनिया के प्रत्येक वार्डों में चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत मंगलवार को वार्ड क्र. 11 कोरेगांव में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया एवं वार्ड क्र. 6 रचना मेडिकल के पास नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान को प्रति जागरूक किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक संख्या मे मतदान करने की अपील की जा रही है एवं जो भी व्यक्ति 18 वर्ष के हो गए हैं उनको अपना वोटर कार्ड बनवाने के लिए जागरूक किया जा रहा है नुक्कड़ नाटक का उद्देश्य लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना है।

निताई प्ले स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया

सागर, देशबन्धु। विचार समिति द्वारा संचालित निताई प्ले स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया। जिसमें समिति अध्यक्ष कपिल मलैया के मार्गदर्शन में कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता अरिहंत ने विद्यालय की शिक्षिकाओं का शाल, श्रीफल एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया। प्राचार्य साक्षी दांगी ने शिक्षक दिवस की जानकारी बच्चों को दी। इस अवसर पर बच्चों ने भी शिक्षकों का श्रीफल से सम्मान किया। विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जिसमें विद्यालय की छात्रा भूमिका, गौरवी, श्रेया द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में रागनी राय, खुशबू चढ़ार आदि शिक्षिकाएं उपस्थित थीं। विचार समिति एवं लीफी द्वारा संचालित स्कूलों में भी शिक्षक दिवस मनाया गया जिसमें शिक्षकों का सम्मान किया।

बारिश नहीं होने से किसानों की फसलें नष्ट होने की कगार पर

जैसीनगर, देशबन्धु। इन दिनों पूरे अगस्त के माह में बारिश ना होने से सागर जिले में किसानों की सोयाबीन सहित खरीफ की अन्य फसलें नष्ट होने की कगार पर जिसको लेकर कांग्रेस और भारतीय किसान श्रमिक जनशक्ति यूनियन द्वारा अलग-अलग ज्ञापन जैसीनगर तहसीलदार विनोद कुमार कुशवाहा को सौंपे गए। जिसमें जिले मे कम बारिश होने से किसानों की सोयाबीन मक्का, उड़द धान आदि की फसलें सूख का नष्ट होने की कगार पर इन फसलों का 15 दिनों मे पटवारियों द्वारा सर्वे कराकर किसानों के नुकसान का उचित मुआवजा देने की मांग की, भारतीय किसान श्रमिक जनशक्ति यूनियन ने कृषि संबंधित दवाइयां जो कि बाजार में नकली बेची जा रही हैं इन पर तत्काल कार्यवाही की मांग की साथ ही किसानों को निशुल्क स्थाई पंप कनेक्शन दिए जाने की भी मांग की।

विधायक लारिया ने संकटमोचन को किया ध्वज अर्पण

सागर, देशबन्धु। नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने मंगलवार को सिध्द क्षेत्र परेड मंदिर पहुंचकर संकट मोचन श्री हनुमान जी को ध्वज चढ़ाया, पूजा अर्चना की विधायक लारिया ने बताया कि बारिश ना होने के कारण क्षेत्र का किसान काफी चिंतित है और फसलें नष्ट होने की कगार पर है। हम सब लोगों ने किसानों की खुशहाली और बारिश की कामना को लेकर हनुमान जी से विनय की है और पूजा अर्चना कर ध्वज अर्पण किया है। हमे पूर्ण विश्वास है कि ईश्वर हमारी यह अर्जी स्वीकार करेगें और जल्द बारिश होगी जिससे क्षेत्र के किसानों के चहरे पर खुशियां देखने को मिलेंगी।

भारतीय जीवन बीमा निगम में मनाया शिक्षक दिवस

बीना, देशबन्धु। भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा बीना में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ शाखा प्रबंधक हरिशंकर कोष्टा, एबीएम विजय मीना, प्रशासनिक अधिकारी गोविंद तिवारी, संध्या दीवान एवं अभिकर्ताओं ने विकास अधिकारी संजय यादव का पुष्पहार से सम्मानित किया। श्री कोष्टा ने कहा कि अभिकर्ता नियुक्ति से लेकर उनके प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और उनके सुख-दुख का साथी विकास अधिकारी होता है। इस अवसर पर पूरन सिंह कुर्मी, मनोहर कुशवाहा, कोमल साहू, यादवेंद्र सिंह यादव, नीरज राय आदि सहित बड़ी संख्या में अभिकर्ता और कर्मचारी उपस्थित रहे।

समनापुर में बिजली सब स्टेशन के बनने से 30 गांवो को मिलेगा लाभः गोविंद सिंह राजपूत

सागर, देशबन्धु। सुरखी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम समानपुर में केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत 33/11 केवी सब स्टेशन का निर्माण होगा। इस सब स्टेशन का मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने भूमिपूजन किया। इस स्टेशन को 2.65 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जा रहा है। इस सब स्टेशन का निर्माण 2 महीने में पूरा करने के लिए मंत्री राजपूत ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र में हम बिजली की सतत् आपूर्ति और लो.वोल्टेज की कमी को दूर करने के लिए काम कर रहे हैं। इस स्टेशन के पहले फीडर से समनापुर सहित ग्राम गुरैया, नर्टरी, भिलैया को बिजली मिलेगी और दूसरे फीडर से ग्राम अगरा, गौसरा, रैपुरा एवं चितौरा को बिजली की आपूर्ति होगी। वहीं तीसरे फीडर से क्षेत्रवासियों को अपने व्यवसाय का विकास करने के लिए अलग से बिजली उपलब्ध रहेगी। सब स्टेशन स्थापित होने से 30 गांव के लगभग हजारों लोगों को बिजली का सीधा लाभ मिलेगा। वर्तमान में इन गांवों को सुरखी फीडर से बिजली मिल रही है। फीडर की लंबाई ज्यादा होने से बार-बार बिजली गुल होने और लो.वोल्टेज की समस्या क्षेत्र में बनी रहती है। सब स्टेशन बनने से बिजली गुल नहीं होगी और लो.वोल्टेज की समस्या से भी निजात मिलेगी। बिजली के सब स्टेशन के बनते ही हाईवे से लगे क्षेत्रों में व्यवसाय एवं रोजगार के लिए बिजली मिलेगी। इसके साथ ही क्षेत्र के लोगों को बिजली से संबंधित समस्याओं के लिए सुरखी के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उनकी समस्या समनापुर में ही हल हो जाएंगी।

यादव महासभा के प्रतिनिधि मंडल ने महापौर प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा

सागर, देशबन्धु। सिद्ध क्षेत्र भगवान श्रीदेव गोर्वधन मंदिर रिमझिरिया के पहुंच मार्ग की सड़क का निर्माण एवं हाईमास्क लाईट लगवाने की मांग को लेकर यादव महासभा के एक प्रतिनिधि मंडल ने नगर निगम कार्यालय में महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी से मुलाकात की और महापौर संगीता तिवारी के नाम ज्ञापन दिया। इस पर महापौर प्रतिनिधि ने उनकी मांगे मानते हुए कहा कि श्री देव गोवर्धन मंदिर हम सभी की आस्था का केंद्र है। वहा सड़क निर्माण और बिजली की समुचित व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही मंदिर परिसर क्षेत्र को अधिक बेहतर बनाया जाएगा। यादव महासभा के अध्यक्ष एवं पार्षद शिवशंकर यादव ने बताया कि श्रीदेव गोर्वधन मंदिर यादव समाज के साथ-साथ सभी सनातनियों की आस्था का केन्द्र है यहां सैकडों लोग प्रतिदिन दर्शन करने एवं पूजा पाठ करने जाते है मंदिर जाने का पहुंच मार्ग बहुत ही जर्जर हो गया है जिससे श्रद्धालुओं को मंदिर जाने में असुविधा होती है मंदिर परिक्षेत्र पर स्ट्रीट लाईट की उचित व्यवस्था न होने से अंधेरा रहता है। इस अवसर पर प्रमोद यादव, गोपीलाल यादव, अन्जय यादव, संजीव यादव, अतुल यादव समेत अनेक लोग शामिल रहे।

खण्डित तिथि से मंहगाई राहत देने एवं लंबित, समस्याओं का समाधान नहीं होने से पेन्शनर्स आक्रोशित

सागर, देशबन्धु। पेन्शनर्स एसोसियेशन मप्र जिला शाखा सागर की मासिक बैठक हरिओम पाण्डेय प्रान्तीय संगठन सचिव एवं जिला अध्यक्ष सागर की अध्यक्षता में पुरानी कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित की गई। ब्रजबिहारी उपाध्याय संभागीय अध्यक्ष ने बैठक का संचालन एवं अरविन्द चौबे जिला सचिव ने आभार व्यक्त किया। बैठक में उपस्थित पेन्शनर्स ने राज्य शासन द्वारा पेन्शनर्स एवं परिवार पेन्शनर्स को 1 जुलाई 2022 एवं 1 जनवरी 2023 से लंबित 38 प्रतिशत एवं 42 प्रतिशत मंहगाई राहत के आदेश अलग-अलग तिथियों में जारी कर खण्डित तिथि 1जुलाई 2023 से क्रमशः 5 प्रतिशत एवं 4 प्रतिशत मंहगाई राहत में वृद्धि करने के आदेश जारी कर पेन्शनर्स एवं परिवार पेन्शनर्स को 18 महीने के एरियर्स से वंचित कर पेन्शनर्स एवं परिवार पेन्शनर्स को हजारों रुपयों की नुकसान करने पर असंतोष व्यक्त कर शासन के विरुद्ध नारे लगाकर अपना आक्रोश व्यक्त करते हुये मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से पेन्शनर्स के लिये जारी मंहगाई राहत के आदेश में संशोधन कर एरियर्स सहित जुलाई 2022 एवं जनवरी 2023 से आदेश जारी करने हेतु वित्त विभाग को निर्देश दिये जाने की मांग की है। बैठक में उपस्थित पेन्शनर्स ने एक स्वर में सरकार को सबक सिखाने का संकल्प लेते हुये स्पष्ट किया कि सरकार पेन्शनर्स को निरीह और कमजोर समझने की भूल नहीं करें, हर एक पेन्शनर्स अपने परिवार के मुखिया होकर प्रत्येक जिले में चालीस-पचास हजार मतों को प्रभावित कर जीत-हार के समीकरण को प्रभावित करने में सक्षम है। बैठक में सुदामा प्रसाद रैंकवार, बलराम शांडिल्य, रघुनन्दन तिवारी उपाध्यक्ष, सुरेन्द्र शुक्ला, अनिल भट्ट, श्यामकान्त तिवारी, जे.पी पाण्डेय ने भी विचार व्यक्त किये।

बीना रेलवे स्टेशन पर मारपीट

बीना, देशबन्धु। रेलवे स्टेशन पर दो अलग-अलग मामलों में वेंडरों ने यात्रियों और जीआरपी पुलिसकर्मी के साथ मारपीट कर दी। पहले मामले में साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन से यात्रा कर रहे पांच भाइयों के साथ बीना रेलवे स्टेशन पर वेंडरों ने मारपीट कर दी। जिसका एक वीडियो बीती रात को सामने आया हैं। पांचों भाई अपनी दादी की अंत्येष्टि में उप्र के उरई जा रहे थे। साबरमती एक्सप्रेस से उरई जा रहे राज तिवारी ने बताया कि वह अपने भाई रत्नेश तिवारी, ध्रुव तिवारी, नरेंद्र तिवारी, अनिकेत तिवारी के साथ अहमदाबाद में रहकर पढ़ाई करते हैं। दो दिन पहले दादी के निधन की सूचना मिली थी। इसके बाद पांचों भाई अंत्येष्टि में शामिल होने जा रहे थे। राज ने बताया कि साबरमती एक्सप्रेस जैसे ही बीना रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 5 पर आकर रुकी वैसे ही उनके चारों भाई प्लेटफार्म पर फल खरीदने उतरे थे। फिर वह प्लेटफार्म पर बैठकर फल खा रहे थे तभी दो लोगों ने आकर उनके भाइयों पर फल चोरी करने का आरोप लगाकर मारपीट कर दी। जब मैंने ट्रेन के अंदर से इसका विरोध किया तो वह अंदर आकर मुझसे भी मारपीट करने लगे। बार-बार चैन पुलिंग होने के बाद आरपीएफ पहुंची। फिर पांचों यात्रियों को कोच से बाहर निकाला गया और जीआरपी थाने पहुंचाया गया। यात्रियों ने आरोप लगाया हैं कि वेंडर प्लेटफार्म पर मारपीट करते रहे और जीआरपी ने कुछ नहीं किया। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया हैं कि पुलिस थाने में जीआरपी ने उनसे 35 हजार रुपए भी ले लिए। मामले में जीआरपी थाना प्रभारी एमपी ठक्कर ने बताया कि जो आरोप लगाए जा रहे हैं वह सभी निराधार है। दोनों पक्षों को थाने लाया गया था। जहां दोनों पक्षों में राजीनामा हो गया था। दूसरे मामले में बीना के झांसी आउटर पर अवैध वेंडरों की सूचना मिलने के बाद उन पर कार्रवाई करने गए जीआरपी पुलिसकर्मी के साथ वेंडरों ने मारपीट कर दी। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। बीना जीआरपी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि झांसी आउटर पर ट्रेनों से अवैध वेंडर उतरते हैं। जिसके बाद अवैध वेंडरों पर कार्रवाई करने के लिए थाने से तीन पुलिसकर्मी गए हुए थे। जिसमें एक पुलिसकर्मी के साथ कुछ वेंडरों ने मारपीट कर दी। जानकारी के मुताबिक आरक्षक नीरज बाजपेई, प्रधान आरक्षक महेंद्र सिंह, आरक्षक राकेश नरवरिया गए थे। तभी झांसी की ओर से आ रही पंजाबमेल एक्सप्रेस से चार अवैध वेंडर उतरे जिन्हें जीआरपी ने रोका। तो उन्होंने आरक्षक नीरज के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी। पुलिस ने इन लोगों पर किया मामला दर्ज किया हैं। जीआरपी ने आरोपी बजीर पिता साबिर खान, आरिफ पिता मुन्ना खान, जाकिर पिता शहजाद खान, अफरीद पिता अल्लाउद्दीन निवासी भिंड के खिलाफ धारा 353, 332, 294, 506, 34 के तहत मामला दर्ज किया हैं।

मंत्री भूपेन्द्र सिंह की दूरदर्शिता ने युवाओं के सपनों को लगा दिए हैं पंखः लखन सिंह

बरोदियाकलां, देशबन्धु। मंत्री प्रतिनिधि लखन सिंह ने बरोदिया कलां नगर परिषद में फ्री वाई.फाई सेवाएं 1 करोड़ की लागत से नवीन स्ट्रीटलाईट पोल का शुभारंभ किया और 45 लाख की लागत से जेट सक्शन मशीन व्हीकल का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए लखन सिंह ने कहा कि मंत्री भूपेंद्र सिंह की दूरदर्शिता ने पूरे खुरई क्षेत्र के युवाओं के सपनों को पंख लगा दिए हैं ताकि वे ऊंचे सपने देखें और उन्हें साकार कर सकें। खुरई, मालथौन, बांदरी के बाद अब बरोदिया कलां में फ्री वाई सेवा उपलब्ध करा कर विद्यार्थियों को प्रगति की रफ्तार में आगे खड़ा कर दिया है ताकि वे इंटरनेट के माध्यम से उच्चस्तरीय शिक्षा और जानकारियां हासिल कर सकें। मंत्री प्रतिनिधि ने बटन दबा कर बरोदिया कलां की स्ट्रीट लाइट का शुभारंभ करते हुए कहा कि खुरई क्षेत्र में आज शांति, कानून व्यवस्था और प्रगति का प्रकाश फैला हुआ है। खुरई क्षेत्र को गुंडागर्दी और अपराधों से मुक्त कर दिया है। आधुनिक स्ट्रीटलाईट के प्रकाश में हमारे क्षेत्र के नगरों और ग्रामों की बहिनें, बेटियों का जीवन सुरक्षित किया है, और वे आज देर शाम तक अपने कामकाज के लिए घरों के बाहर निकल सकती हैं।

बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्रकृष्ण शास्त्री की तीन दिवसीय कथा आयोजन

खुरई, देशबन्धु। मंगलवार सुबह बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्रकृष्ण शास्त्री की तीन दिवसीय श्री हनुमंत कथा आयोजन के पहले दिन नगर में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में मुख्य रूप से मंत्री भूपेंद्र सिंह की धर्मपत्नी सरोज सिंह ने मां बीजासेन देवी मंदिर में विधिवत् पूजन अर्चन किया इसके बाद यात्रा में शामिल हुई महिलाओं माताओं बहनों के साथ समस्त कलशों का विधिविधान से पूजन कर यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा किला स्थित मां बीजासेन देवी मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई वापस किला में आकर संपन्न हुई। यात्रा में डीजे और बुंदेली परंपरा अनुसार ढ़ोल, नगाड़े, गाजे बाजों के साथ दुल दुल घोड़ी का नृत्य भी आकर्षण का केंद्र रहा साथ ही साथ यात्रा में शामिल हुईं सभी माताओं बहनों ने जमकर नाच गाना भी किया। इस मौके पर महापौर संगीता तिवारी, महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी, नवीन भट्ट सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

124 आवेदनों पर हुई कार्यवाही

सागर, देशबन्धु। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर शैलेंद्र सिंह राजपूत ने आम लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्परता से निराकरण के निर्देश दिए। जिले के 124 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

वरिष्ठ शिक्षक श्रीवास्तव का किया सम्मान

सागर, देशबन्धु। बुंदेलखंड विकास मंच के तत्वावधान में शिक्षक दिवस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वर्ष 1991 में शास. बहु. उच्च. माध्य. विद्यालय से सेवा निवृत्त शिक्षक जीआर श्रीवास्तव का आदर्श शिक्षक के रूप में सम्मान किया गया। श्री श्रीवास्तव अनुशासनप्रिय, ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक के रूप में आज भी जाने जाते हैं। सम्मान पत्र का वाचन कपिल बैसाखिया ने किया। शॉल, श्रीफल, पुष्पहार, सम्मान पत्र भेंट कर राजेंद्र मिश्रा, गणेश सोनी, अजय पुरम सोमेंद्र शुक्ला, अन्नु शुक्ला, चार्ली गौर ने सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन रमाकांत शास्त्री ने किया। आभार डॉ. राजू सेन ने व्यक्त किया।

16 साल से फरार स्थाई वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बण्डा, देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा स्थाई गिरफ्तारी, फरारी इनामी आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान पर डॉ. संजीव कुमार उईके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर, शिखा सोनी एसडीओपी बंडा के मार्गदर्शन में थाना क्षेत्र के स्थाई फरारी इनामी आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु थाना पर टीम गठित की गई। 5 सितम्बर को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम चतुर्भाटा में करीब 16 साल से फरार स्थाई वारंटी रामचरण पिता छोटेलाल निवासी ग्राम चतुर्भाटा बस्ती में घूम रहा है सूचना तस्दीक हेतु मौके से अधिकारी उप निरीक्षक के एस ठाकुर प्रआर आनंद तिवारी और खलन ने मौके से पहुंचकर तस्दीक किया जो उक्त फरार आरोपी पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। घेराबंदी कर पकड़ा नाम पूछा तो उसने अपना नाम रामचरण पिता छोटे लाल निवासी ग्राम नया खेड़ा का होना बताया जो उक्त आरोपी करीब 16 साल से प्रकरण क्रमांक 213/ 99 धारा 354, 456, 323 ताहि में फरार पाए जाने से आज दिनांक 5 सितम्बर को फरार आरोपी रामचरण पिता छोटेलाल 89 ग्राम नया खेड़ा हाल चतुर्भाटा थाना देवरी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक नासिर फारूकी, के एस ठाकुर, आनंद तिवारी और खिलान का विशेष योगदान रहा।

शिक्षक दिवस पर किया शिक्षकों का सम्मान

बीना, देशबन्धु। शिक्षक दिवस के अवसर पर सेवानिवृत शिक्षक रसिक बिहारी शर्मा एवं रामप्रसाद बिलगैया का शाल श्रीफल माल्यार्पण एवं मिष्ठान देकर सम्मान किया अनेकों पुस्तकों की रचनाकार सुप्रसिद्ध लेखिका डॉ. संध्या टिकेकर एवं मनोरमा नामदेव, सीताराम चौरसिया का नगर रत्न समिति के सुजीत क्लाडियस, सीताराम चौरसिया, मातृभूमि सेवा संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम शर्मा ने सम्मान किया।

पं. रविशंकर शुक्ल कन्या उच्च. माध्य. विद्यालय में मनाया गया शिक्षक दिवस

सागर, देशबन्धु। पं. रविशंकर शुक्ल विद्यालय में मर्यादा अनुशासन एवं ज्ञान की प्रतिमूर्ति सरस्वती पुत्र भारत के राष्ट्रपति डॉ. सर्व पल्ली राधाकृष्ण को याद करते हुए उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण एवं मां सरस्वती की अर्चना तथा वंदना के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। छात्राओं ने शिक्षकों का रोली का तिलक लगाकर एवं श्रीफल भेंट कर शिक्षकों का स्वागत किया। विद्यालय की कक्षा 12वीं की छात्रा कुमारी सलोनी अहिरवार एवं लक्ष्मी द्वारा मंच संचालन किया गया। शिक्षक दिवस पर छात्राओं ने हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में अपने विचार रखे नृत्य, गीत की सुंदर प्रस्तुतियां छात्राओं द्वारा दी गई। छात्राओं ने इस अवसर पर रंगोली सजाकर विद्यालय के शिक्षकों का स्वागत किया। कक्षा 12वीं की छात्रा आयुषी सोनी ने स्वरचित कविता का पाठ किया जिसमें छात्रा ने जीवन में शिक्षक तथा शिक्षा के महत्व को समझाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेन्द्र प्रताप तिवारी ने समस्त शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी एवं छात्राओं के द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि मात्र कोई दिवस मनाने से कार्य पूर्ण नहीं होता कार्य की पूर्णता उस दिवस पर उस व्यक्तित्व विशेष के गुणों को स्वयं के जीवन में अपनाने से होता है। ज्ञान की मशाल जीवन में निरंतर जलती रहे इसके लिए आवश्यक है कि ज्ञान की विपाशा सदा बनी रहे उसके लिए आवश्यकता है कि जीवन में अनुशासन बना रहे। अनुशासन कठिन से कठिन कार्य को भी सहज बना देता है और एक सच्चा शिक्षक अपने शिष्य को विपरीत परिस्थितियों का सामना करना सिखाते हैंऔर उनका जीवन सुधारने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं कार्यक्रम शुभा मिश्रा के मार्गदर्शन में छात्राओं ने संचालित किया।

कांग्रेस सेवादल ने सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान कर मनाया शिक्षक दिवस

सागर, देशबन्धु। कांग्रेस सेवादल ने देश के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उनके योगदान को याद किया और सेवानिवृत्त शिक्षकों के घर पहुंचकर उनका सम्मान कर आज के दिन को सार्थक बनाया। शिक्षकों को शाल, श्रीफल, मिठाई देकर और पुष्पमाला पहनाकर उनकी सेवाओं के लिये सेवादल ने उन्हें प्रणाम किया। सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन ने शिक्षा और दार्शनिक विचार पर एक अमिट छाप छोड़ी तथा उनकी श्विरासत आज भी हमारे मूल्यों का मार्गदर्शन कर रही है। शिक्षकों में मो. मास्टर इशाक, प्रभावती ठाकुर, रजनी तिवारी, प्रदीप दुबे आदि का सम्मान किया। शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे के साथ पंकज सिंघई, श्रीराम शर्मा, राजू राठौर, नितिन पचौरी, आनंद हैला, लल्ला यादव, अंकुर यादव, रोहित कनोजिया आदि उपस्थित रहे।

बीकेपी गुप में शिक्षकों का हुआ सम्मान

मालथौन, देशबन्धु। शिक्षक दिवस के अवसर पर बीकेपी गुप में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें सभी संस्थाओं के शिक्षकों का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह अवध प्रभा विद्यापीठ परिसर में किया गया इस अवसर पर संस्था के पूर्व प्राचार्य डॉ. जितेंद्र पांडेय उपस्थित रहे। अध्यक्षता बी के पी ग्रुप के संचालक डॉ. आशीष पटेरिया ने की। कार्यक्रम में अनुराग पांडे, देवाशीष यादव का साल श्रीफल उपहार से सम्मान किया गया। ग्रुप संचालक डॉ. आशीष पटेरिया ने देश के द्वतीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का स्मरण किया एवं अपने जीवन के समक्ष गुरुओ को प्रणाम किया। डॉली खरे ने अपने संबोधन में अच्छे शिक्षक बनने की नासीहत दी। कार्यक्रम का संचालन बाहरवीं कक्षा की सिद्धि समृद्धि एवं सिद्धांत विजय ने की आभार प्रदर्शन शिवांगी ताम्रकार ने किया।

शिक्षक मनुष्य के जीवन के मार्गदर्शक होते हैः राजकुमार पचौरी

सागर, देशबन्धु। शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला शहर सागर कांग्रेस कमेटी द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजकुमार पचौरी, जिला कांग्रेस ग्रामीण कार्यकारी अध्यक्ष अखिलेश मोनी केसरवानी एवं किसान मोर्चा अध्यक्ष ने शिक्षिकाओं को शाल श्रीफल एवं रुद्राक्ष माला भेंट कर सम्मानित किया। जिला शहर कमेटी द्वारा एक अनोखी पहल कर दिव्यांग शिक्षक कोमल लोधी को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने कहा कि शिक्षक मनुष्य के जीवन के मार्गदर्शक होते हैं। शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है। उनकी भूमिका काफी उल्लेखनीय है। यही वजह है कि समाज में शिक्षकों को विशिष्ट स्थान दिया गया है। शिक्षक हमारे जीवन का वो दीपक होते हैं जो स्वयं को जलाकर हमारे जीवन में अज्ञानता रूपी अंधेरे को दूर करो ज्ञान की रोशनी भर देते हैं। आज एक दिव्यांग शिक्षक को हम सम्मानित करके गौरांवित महसूस कर रहे हैं आप सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। कार्यक्रम की जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अवधेश तोमर ने दी एवं आभार शैलेंद्र तोमर ने माना। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहर की शिक्षिका एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

सार समाचार

जनसुनवाई में मिले 81 आवेदन

छतरपुर, देशबन्धु। जिला पंचायत सभाकक्ष में मंगलवार को अपर कलेक्टर नम: शिवाय अरजरिया द्वारा जिला स्तरीय जनसुनवाई में लोगों से प्राप्त आवेदनों की सुनवाई की गई। जनसुनवाई में प्राप्त 81 शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुये संबंधित विभाग को आवेदन निराकरण हेतु सौंपे गये। जनसुनवाई में जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में शिक्षा, राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, विद्युत मण्डल, स्वास्थ्य, खाद्य, श्रम, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न शिकायती आवेदन प्राप्त हुये।

4 फरार आरोपियों पर इनाम घोषित

छतरपुर, देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक छतरपुर अमित सांघी ने 4 फरार आरोपियों को पकड़वाने या सूचना देने के संबंध में नगद पुरस्कार घोषित किया है। फरार आरोपी सुनील पिता मालवा रजक उम्र 21 साल निवासी ग्राम झिकमऊ, राजा पिता रामकृपाल रजक उम्र 20 साल निवासी ग्राम मानपुरा थाना नौगांव, राजकुमार पिता खलवल रैकवार उम्र 23 वर्ष निवासी सिंहपुर और थान सिंह फौजी निवासी वृन्दावन जिला मथुरा उ.प्र. पर 3-3 हजार रूपए का इनाम घोषित किया गया है।

प्रदर्शन कर वेतन दिलाने प्रशासन से लगाई गुहार

नर्मदा अस्पताल के कर्मचारियों को 4 से नहीं मिली पगार

छतरपुर, देशबन्धु। शहर के नर्मदा अस्पताल का नर्सिंग स्टाफ इन दिनों वेतन न मिलने के कारण बेहद परेशान हैं। कर्मचारियों के मुताबिक उन्हें पिछले लगभग 4 माह से वेतन नहीं मिला है और ऐसे में उनके सामने परिवार के भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। मंगलवार को नर्मदा अस्पताल के कर्मचारियों ने जिला प्रशासन को इस आशय का ज्ञापन सौंपकर उनकी रुकी हुई वेतन दिलाने की मांग की है। नर्मदा अस्पताल के नर्सिंग अधीक्षक पुष्पेन्द्र यादव ने बताया कि नर्मदा अस्पताल की छतरपुर शाखा के 60 से 70 कर्मचारियों को पिछले करीब 4 माह से वेतन नहीं मिला है जिस कारण से सभी कर्मचारी परेशान है। पुष्पेन्द्र ने बतया कि नर्मदा अस्पताल का आधा प्रबंधन भोपाल का है और आधा छतरपुर का। जब कर्मचारियों ने छतरपुर प्रबंधन के नरेन्द्र सोलंकी और अशोक दीक्षित से बात की तो उनके द्वारा कोई ठोस जवाब नहीं दिया गया, उल्टा यह कहकर कर्मचारियों को भगा दिया गया कि उनके हाथ में कुछ नहीं है। अब कर्मचारियों को यह चिंता है कि उनका पैसा मिलेगा भी या नहीं। बहरहाल कर्मचारियों ने कलेक्टर को आवेदन देकर अपना वेतन दिलाने की मांग रखी है। छतरपुर नर्मदा अस्पताल के स्टाफ ने वेतन न मिलने के कारण काम करना भी बंद कर दिया है।

चुनाव की तैयारी में जुटे नर्मदा अस्पताल के मालिक

छतरपुर नर्मदा अस्पताल के कर्मचारी पुष्पेन्द्र यादव ने बताया कि नर्मदा अस्पताल के मालिक राजेश शर्मा इन दिनों भाजपा से चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। वे मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम से भाजपा के टिकिट पर चुनाव लड़ सकते हैं। जानकारी मिली है कि चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटे राजेश शर्मा ने चुनाव के लिए फंड जमा करने की मंशा से जानबूझकर अपने अस्पतालों के स्टाफ की वेतन रुकवा दी है। उनके इसी निजी स्वार्थ के चलते सैकड़ों कर्मचारी वेतन के लिए परेशान हो रहे हैं।

नौगांव जनपद के ग्राम पंचायत लुगासी का मामला

वर्षों से क्षतिग्रस्त पड़ी पुलिया, प्रशासन बेखबर

नौगांव, देशबन्धु। नौगांव जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत लुगासी के पठवापुरवा मोहल्ले में वर्षों पहले निर्मित पुलिया क्षतिग्रस्त पड़ी है। वर्षों से क्षतिग्रस्त पड़ी पुलिया के कभी भी धराशाई होने से बड़ा हादसा हो सकता है, जिसको लेकर प्रशासन बेखबर अंजान बना है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा गांवों के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य करते हुए ग्राम पंचायतों में पुलिया, नाली, सीसी जैसे महत्त्वपूर्ण विकास कार्य कराकर ग्रामीणों का जीवन बदलने का लगातार प्रयास कर रहे हैं, लेकिन जिला एवं जनपद के अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत के सरपंच ,सचिव के द्वारा गुणवत्ताहीन निर्माण कर रहे हैं। जिसके चलते निर्माण कार्य बनने बनते या फिर बनने के कुछ वर्षों बाद ही ध्वस्त हो रहे है। ऐसा ही एक मामला नौगांव जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत लुगासी का है। ग्राम पंचायत लुगासी के वार्ड नम्बर 16 के पठवापुरवा मोहल्ले में पंचायत द्वारा सीसीरोड एवं पुलिया का निर्माण कराया गया था। सीसी रोड एवं पुलिया की गुणवत्ता इतनी निम्न दर्ज के रही कि निर्माण होने के कुछ महीनों तक तो सड़क एवं पुलिया सही रही लेकिन जैसी ही मार्ग से लोड ट्रैक्टर निकले और बारिश आई तो सीसी रोड जगह जगह से ध्वस्त हो गई तो वहीं पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से इसमें जगह जगह से सरिया बाहर निकल आए हैं। पुलिया के सरिया बाहर निकल आने के बाद से ऐसे ही पुलिया क्षतिग्रस्त हाल में कई वर्षों से पड़ी है, पंचायत प्रशासन की उदासीनता देखिए कि क्षतिग्रस्त पुलिया होने के बावजूद सुधार कार्य नहीं कराया जाकर किसी अनहोनी का इंतजार किया जा रहा है।

इनका कहना है...

मैं अभी पंचायत में नया आया हूं, ग्रामीणों की जो भी मूलभूत सुविधाएं होगी उन्हें पूरा किया जाएगा। पुलिया का प्रस्ताव बनाकर दुरुस्त कराया जाएगा।

- खेमचंद्र अनुरागी, सचिव, ग्राम पंचायत लुगासी

बच्चों के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मोहित हुए मेहमान

छतरपुर, देशबन्धु। शहर के एक स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस मौके पर शीलिंग पब्लिक स्कूल एवं लायंस क्लब के पदाधिकारियों ने वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम के आरंभ में सरस्वती वंदना एवं सरस्वती पूजन किया गया। अतिथियों के सम्मान में बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में शीलिंग पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर संजीव आर. नगरिया सहित इंटरनेशनल समाजसेवी संस्था लायंस क्लब के पदाधिकारियों ने शिक्षक सुषमा दुबे, मोहनी खरे, मोहनी जैन, विकास खरे, अरविन्द तिवारी, रोहित नामदेव, नीतेश प्रजापति, संतोष गुप्ता के साथ ही शासकीय माध्यमिक शाला हमा में पदस्थ बहुमुखी प्रतिभा के धनी शिवदेव दीक्षित, शासकीय हाई स्कूल निवारी में पदस्थ माध्यमिक बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी दिनेश तिवारी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गहरवार में पदस्थ ऊर्जावान शिक्षक आरपी सोनी का शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।

कार्यक्रम का संचालन पूर्व रीजन चेयरमैन कृष्णा रावत ने किया। इस अवसर पर शीलिंग पब्लिक स्कूल संचालक पूर्व रीजन चेयरमैन लायन संजीव नगरिया, अध्यक्ष लायन सचिन अग्रवाल, सचिव लायन नर्मदा तिवारी, ब्रजेश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, सुशील शिवहरे, लायन लक्ष्मी सिंह बुंदेला, पूर्व रीजन चेयरमैन लायन आभा श्रीवास्तव एवं स्कूल की वाइस प्रिंसिपल ख्याति चतुर्वेदी उपस्थित थे। शिक्षकों के सम्मान के अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा एकल नृत्य, समूह गान, एकल गान आदि मनमोहक कार्यकम प्रस्तुत किये गए। इस कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षिका संध्या श्रीवास्तव के द्वारा किया गया।

लोक अदालत 9 को, प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी

छतरपुर,देशबन्धु। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 09 सितम्बर 2023 को आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश शुक्ला, विशेष न्यायाधीश उपेन्द्र प्रताप सिंह, न्यायाधीश एवं प्रधान न्यायाधीश ओपी रघुवंशी प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय आगामी 09 सितम्बर 2023 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के (प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। नेशनल लोक अदालत के बृहद प्रचार-प्रसार वाहन को ग्रामीण क्षेत्रों में भेजकर जन सामान्य को नेशनल लोक अदालत से होने वाले लाभों से अवगत कराया जाएगा। नेशनल लोक अदालत जिला मुख्यालय छतरपुर के साथ तहसील न्यायालय नौगांव बिजावर लवकुशनगर, बड़ामलहरा एवं राजनगर में किया जाएगा। उक्त नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य अपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम चौक बाउंस, राजस्व के लंबित प्रकरण एवं बैंक संबंधी नगर पालिका, दूरसंचार के प्री-लिटिगेशन के प्रकरणों का आपसी समझौते एवं सुलह के आधार पर निराकरण किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत में पांच तहसील एवं जिला मुख्यालय में कुल 29 खंडपीठों का गठन किया गया है। प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय की अध्यक्षता मे प्रथम खंडपीठ का गठन किया गया है जिसमें पारिवारिक प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। अन्य खंडपीठों के द्वारा भी प्री-लिटिगेशन एवं लिटिगेशन के मामलों का निराकरण किया जावेगा। इस नेशनल लोक अदालत मे जल विभाग एवं विद्युत विभाग एवं नगर पालिका द्वारा विशेष छूट प्रदान की जा रही है।

कहार महासंघ एवं मांझी जन जाति संयुक्त संघर्ष समिति ने 3 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

नौगांव, देशबन्धु। मांझी जनजाति संयुक्त संघर्ष समिति के द्वारा मंगलवार को रायकवार,ढीमर,केवट, मल्लाह,बाथम, निषाद,कहार,मांझी समाज केस द्वारा संवैधानिक अधिकार हेतु जन आक्रोश रैली निकालते हुए धरना प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। मंगलवार दोपहर को मांझी जनजाति संयुक्त संघर्ष समिति के द्वारा जनवरी 2018 के आदेश में संशोधन करने, पिछड़ा वर्ग सूची क्रमांक 12 से मांझी के पर्याय भोई, ढीमर, केवट, मल्लाह,इत्यादि को विलोपित करने एवं पेशा एक्ट में तुरंत संशोधन करने, मछुआ नीति 2008 में दिए गए अधिकारों को संरक्षण प्रदान करने को लेकर मांझी आरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री के नाम का एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अजय रायकवार राष्ट्रीय महासचिव, सह प्रभारी मध्य प्रदेश कहार महासंघ राम गोपाल रैकवार, प्रदेश अध्यक्ष कहार महासंघ दीपाली रैकवार, झांसी से अखिल भारतीय महासंघ मछुआरा समाज प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश कुमारी रानी रैकवार, ओबीसी महासभा प्रदेश अध्यक्ष और मांझी जन जाति संयुक्त संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुन्दर लाल रैकवार, प्रदेश महासचिव मांझी जन जाति संयुक्त संघर्ष समिति ब्रज लाल रैकवार, प्रदेश महासचिव कहार महासंघ वीरेन्द्र रैकवार, जिला अध्यक्ष छतरपुर कहार महासंघ काशी प्रसाद रैकवार, सुशील रैकवार, बंटी रैकवार, आनंद रैकवार, मोती रैकवार, सोहन रैकवार, कल्लू रैकवार, श्री मती उर्मिला रैकवार पूर्व पार्षद सहित रैकवार समाज के अनेक लोगों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

सीएम स्वेच्छा अनुदान से 2.70 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

छतरपुर, देशबन्धु। सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित 6 लोगों के बेहतर उपचार के लिए मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान मद से 2.70 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

गौरीशंकर पिता बंदी निवासी ग्राम सीलोन को 80 हजार रुपये, आशाराम लोधी निवासी नाथूराम निवासी ग्राम दलीपुर को 60 हजार, रतनदीप पिता भवानीदीन कुशवाहा निवासी सेवाग्राम खजुराहो को 25 हजार, राकेश कुमार गुप्ता आत्मज जानकी प्रसाद निवासी हरपालपुर को 30 हजार, ठाकुरदास कोरी आत्मज हरिप्रसाद कोरी निवासी हरपालपुर को 25 हजार और रसीद अहमद पिता सकुर खान निवासी नौगांव को 50 हजार रुपये की राशि दी गई है।

बुंदेली मातृभाषा के संरक्षण के लिए नये आव्हान की जरूरत

छतरपुर, देशबन्धु। साझा संसार नीदरलैंड्स की पहल पर बुंदेलखण्डी मातृभाषा का भविष्य और चुनौतियां पर अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन आयोजन, लीलाधर मंडलोई के मुख्य आतिथ्य और मुकेश वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

इस आयोजन में बुंदेलखण्डी भाषाविद ध्रुव शुक्ल, श्री महेश कटारे %सुगम और राजीव शुक्ला ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम का संयोजन साझा संसार के निदेशक रामा तक्षक (नीदरलैंड्स) के सान्निध्य में हुआ और इसका सफल सञ्चालन मनीष पाण्डेय (नीदरलैंड्स) ने किया। संयोजक रामा तक्षक ने अपने बीज वक्तव्य में बताया कि मातृभाषा, संस्कृति की जननी है। मातृभाषा और संस्कृति का आपसी सम्बन्ध अटूट है। मातृभाषा, देह और अस्तित्व का जोड़ है। उन्होंने बुंदेलखण्डी मातृभाषा के विषय में अपनी जिज्ञासा के साथ कार्यक्रम के सभी वक्ताओं का स्वागत किया।

राजीव शुक्ला ने कहा कि बुंदेली भाषा में कुछ फिल्में जरूर बन रही हैं लेकिन बुंदेलखण्डी मातृभाषा को सशक्त एवं समृद्ध करने के लिए दो चार फिल्मों का बना देना पर्याप्त नहीं है, वही आपने कहा कि बुंदेली भाषा के संरक्षण व संवर्धन तथा प्रोत्साहन के लिए बुंदेलखंड अंचल के उन पुरोधाओं को भी समय-समय पर अगर सम्मान के तौर पर प्रोत्साहित किया जाता रहे तो भी हम इस भाषा को समृद्धशाली व गौरवशाली बना सकते हैं, आपने कहा कि बुंदेली भाषा व गीतों को एक नया आयाम देने वाले पंडित देशराज पटेरिया जैसे नाम चीन कलाकार को पद्मश्री पुरस्कार के लिए कई बार उनके चाहने वालों व बुंदेलखंड वासियो के द्वारा कहा गया लेकिन नहीं मिला जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, आपने बुंदेली भाषा के अलावा बुंदेली संस्कार ,रीती- रिवाज एवं खानपान को बढ़ावा देने के लिए बुंदेलखंड अंचल के मध्य प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश के उन सभी जिलों के रहवासियों को आगे आकर काम करना होगा एवं अपनी भाषा को एक पहचान दिलाने के लिए सार्थक प्रयास करने होंगे ।

ध्रुव शुक्ल ने बुंदेली के इतिहास को एक हजार वर्ष पुराना होने की बात कही। साथ ही कहा कि लोकगीत, लोक शिक्षा का काम करते हैं। उन्होंने आश्चर्य जताया कि यह अजीब समय है जब हमें अपनी मातृभाषा के अस्तित्व की चिंता पर चर्चा करनी पड़ रही है।

बुंदेलखण्डी में ग़ज़ल विधा को स्थापित करने वाले महेश कटारे सुगम ने बुंदेली के समकाल पर विस्तार से बताया। आज भी पद्य साहित्य में वीर रस सृजन का आधिक्य है।

मेला जल बिहार समिति की बैठक संपन्न

नारायण मिश्रा को पुनः बनाया अध्यक्ष

छतरपुर, देशबन्धु। 26 सितंबर से आयोजित होने जा रहे श्री श्रवण द्वादशी अन्नपूर्णा मेला जलविहार समिति की आवश्यक बैठक 4 सितंबर सोमवार को अन्नपूर्णा मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई ।

बैठक में मेले की तैयारी की रूपरेखा तैयार करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई इसके अलावा मेला संचालन समिति हेतु अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष का मनोनयन किया गया । मेला समिति ने संरक्षक मंडल से विचार विमर्श कर पुन: पूर्व में मेला संचालित करने वाली टीम पर भरोसा जताया है जिसमें नारायण मिश्रा को अध्यक्ष, केतन अवस्थी, अंकित दुबे को महामंत्री, सौरभ तिवारी को कार्यवाहक अध्यक्ष, जगदीश पंसारी टिल्लू को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है । बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ संरक्षक देवकीनंदन मिश्रा ने की ।

इस अवसर पर संरक्षक मंडल के सदस्य प्रभात अग्रवाल, राजेश रुसिया, रमाशंकर अवस्थी, रवि शुक्ला, सोनू गुप्ता, दयाशंकर अवस्थी, रमाशंकर शुक्ला, बालकृष्ण पंसारी, पूर्व अध्यक्ष राकेश रूसिया, पूर्व कोषाध्यक्ष, अजय अग्रवाल ,आशीष शर्मा, गिरजा पाटकर, रमेश लालवानी, रानू पंसारी, महेंद्र गांधी, बबलू बाजपेई, नीरज गुप्ता, राकेश सेन, शंभू महाराज, राम लखन पाठक, लालू गुप्ता, हर्ष शुक्ला ,छोटू शुक्ला, सानू अवस्थी, आनंद पटेरिया, डालडे मातेले, भोले साहू, लखन रैकवार, राहुल असाटी, दिलीप सेन, अंजू खरे, वृंदावन गोस्वामी सहित संस्था के व्यापारी गण गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न

कोमल वर्मा इंदौर, लगन जिंबा भोपाल रहे प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

छतरपुर, देशबन्धु। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एक मार्च से आयोजित 5 दिवसीय राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा मंगलवार को एक्सीलेंस स्कूल के खेल मैदान में एडीएम नमनशिवाय अरजरिया के मुख्य आतिथ्य में आयोजित गरिमामय समारोह के साथ सम्पन्न हुई।

एडीएम ने विजयी खिलाडियों को बधाई दी तथा प्रतियोगिता में पीछे रह गए खिलाडियों से निराश होने की जगह सतत् प्रयासरत रहने का आह्वान किया। प्राचार्य एचएस त्रिपाठी ने प्रतियोगिता प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी केके तिवारी, एपीसी रामहित व्यास सहित शिक्षक और खिलाड़ी उपस्थित रहे। अंडर 19 कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में उज्जैन प्रथम, इंदौर द्वितीय तथा जबलपुर तीसरे स्थान पर रहा। बालिका वर्ग में इंदौर प्रथम, नर्मदापुरम द्वितीय तथा उज्जैन तीसरे स्थान पर रहा।

अंडर 14 फुटबाल प्रतियोगिता में बालक वर्ग में भोपाल प्रथम, सागर द्वितीय तथा इंदौर तृतीय स्थान पर रहा। बालिका वर्ग में नर्मदा पुरम प्रथम, भोपाल द्वितीय तथा इंदौर तृतीय स्थान पर रहा।

ओवरऑल चैम्पियन का खिताब इंदौर को- टूर्नामेंट में ओवरऑल चैम्पियन का खिताब इंदौर को दिया गया। बालक वर्ग कबड्डी स्पर्धा में बेस्ट रेडर का खिताब समीर खान उज्जैन को, बेस्ट कैचर का खिताब आयुष गौड़ इंदौर को मिला। बालिका वर्ग में बेस्ट रैडर मालती गौड़ इंदौर तथा बेस्ट कैचर पाशु राजपूत नर्मदापुरम घोषित किए गए। फुटबाल बालक वर्ग में बेस्ट प्लेयर का खिताब लगन जिंबा भोपाल, बालिका वर्ग में कोमल वर्मा इंदौर को बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब दिया गया। इस टूर्नामेंट में पीटीआई जीतेन्द्र सिंह, लक्ष्मन नायक, भारतभूषण सिंह, पंकज शुक्ला, मुकेश द्विवेदी, खेमराज सिंह, देवी राजपूत, दिग्विजय यादव के सहयोग से आयोजन पूरी तरह से सफल रहा।

श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में शिक्षकों का सम्मान समारोह सम्पन्न

सीखने की कोई उम्र नहीं होती, प्रत्येक शिक्षक ताउम्र एक विद्यार्थी होता है : त्रिपाठी

छतरपुर, देशबन्धु। विश्वविद्यालय के सभागार में आज शिक्षक दिवस के उपलक्ष में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कुलपति डॉ अनिल कुमार धगट, उपकुलपति गिरीश त्रिपाठी एवं कुलसचिव विजय सिंह ने संयुक्त रूप से सरस्वती पूजन दीप प्रज्ज्वलन एवं डॉ राधाकृष्णन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए उपकुलपति महोदय ने कहा कि एक शिक्षक को सदैव विनम्र रहना चाहिए, क्यों कि गुरूर को नष्ट करने वाले को ही गुरू कहते हैं। उन्होंने नीलआर्म स्ट्रांग का उदाहरण बताते हुये कहा कि शिक्षक को सामान्य परिस्थिति के अलावा विषम परिस्थितियों में भी कार्य करने का उत्साह होना चाहिए। सीखने की कोई उम्र नही होती अत: प्रत्येक शिक्षक ताउम्र एक विद्यार्थी होता है। अध्यापन से पवित्र कोई दूसरा कार्य नहीं है इसलिए शिक्षक को पूरी सत्य निष्ठा एवं परिश्रम से नियमित रूप से विद्यार्थी में ज्ञान एवं संस्कारों की स्थापना का कार्य करना चाहिए।

कुलपति महोदय ने कहा कि देश की आजादी के 75 वें साल पर अमृत महोत्सव शिक्षक दिवस समारोह मनाया जा

रहा है। शिक्षक देश, समाज के निर्माण और मर्गदर्शन करने की भूमिका निर्वहन करते है। शिक्षको के कारण ही राष्ट्र, समाज को प्रकाश मिलता है जैसे की दीपक की ज्योति स्वंय जलकर प्रत्येक घरों में ज्योति से प्रकाश देता है। शिक्षक सम्पूर्ण राष्ट्र का नायक होता है। शिष्य कितना भी ऊंचा पद धारण कर ले लेकिन अपने शिक्षक के सामने सदैव नत हो नमन करता। शिक्षक सेवा से निवृत्त होकर भी सदैव शिक्षक की भूमिका मे जाना जाता है।

कुलसचिव महोदय ने कहा कि डॉ राधाकृष्णन जी एक सफल शिक्षक,दार्शनिक और राजनेता थे। वे भारत की उस परम्परा के वाहक थे जिन्होने पश्चिम के दार्शनिक आधिपत्य को चुनौती दी। वे शिक्षको के लिये एक प्रेरणा स्रोत है। भारतीय परम्परा मे शिक्षक केवल शास्त्र ज्ञान ही नहीं देता था बल्कि गुरुकुल में छात्र के चरित्र का निर्माण भी करता था।

वरिष्ठ प्राध्यापक बी.एस. राजपूत ने कहा कि आज आवश्यक है कि शिक्षक को पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा से अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करना चाहिए। किसी भी राष्ट्र की प्रगति में शिक्षा और शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। भारत देश तपस्वियों एवं साधको की भूमि है। यहां का शिक्षक पूरे विश्व को सन्देश देता है हमारा देश विश्व शिक्षा का वाहक है।

इस अवसर पर श्रेष्ठतम शैक्षणिक उपलब्धियों में पेटेंट, पुस्तक प्रकाशन, शोधपत्र प्रकाशन और फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में सहभागिता करने वाले श्री गिरीश त्रिपाठी, डॉ. आशीष तिवारी, श्रीमती मेघना मिश्रा, डॉ. महेशचंद्र अहिरवार, डॉ. दिगंत द्विवेदी, डॉ. आलोक अग्रवाल, डॉ. निकेत मिश्रा, डॉ. गौरव स्वरूप निगम, डॉ. आकाश सिंह, डॉ. अल्का निगम, डॉ. शिवेन्द्र सिंह परमार, डॉ. कृष्णप्रताप सिंह चौहान, राममिलन विश्वकर्मा, सचिन चौरसिया, आदित्य लखेरा, आस्था जैन, नेहा यादव, पुष्पेन्द्र अहिरवार, दीपेन्द्र सिंह बुंदेला, अभिषेक पाठक, नीलेश अनुरागी, जीतेन्द्र कुशवाहा, वर्षा यादव, धीरेन्द्र भारती इत्यादि प्राध्यापकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर माननीय कुलपति, उपकुलपति एवं कुलसचिव के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विधि विभाग के सहायक प्राध्यापक माधव पाठक ने किया एवं रसायन विज्ञान के सहायक प्राध्यापक डॉ शिवेंद्र सिंह परमार ने आभार व्यक्त किया।

देशबन्धु

सागर, बुधवार 6 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

जी-20 का भारत और यथार्थ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि चमकाने का नया मौका दिन-ब-दिन करीब आता जा रहा है। साथ ही यह भी पता चल रहा है कि इसके लिये किस बड़े पैमाने पर पैसा खर्च किया जा रहा है। 9 और 10 सितम्बर को दिल्ली में आयोजित जी-20 के दौरान इवेंटबाजी में सिद्धहस्त मोदी भारत की एक ऐसी चमकदार तस्वीर पेश करने जा रहे हैं जिसके पीछे देश की बदहाली का अंधेरा छिप जाये। वैश्विक नेताओं के सामने वे खुद को एक उदार, लोकतांत्रिक तथा समतावादी नेता साबित करने की कोशिश करने जा रहे हैं ताकि पिछले नौ वर्षों के दौरान उनके सारे लोकतंत्र विरोधी कृत्यों पर पर्दा पड़ जाये। वे खुद और साथ ही कमजोर होती हुई उनकी भारतीय जनता पार्टी इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन का भरपूर लाभ आंतरिक राजनीति में उठाने पर आमादा दिखलाई पड़ रही है। इसके लिये एक तरफ आयोजन स्थलों को बेतहाशा सजाया-संवारा जा रहा है, तो दूसरी तरफ मोदी इस आशय के बयान दे रहे हैं हैं मानों उन्होंने मुल्क को ज़न्नत बना दिया हो।

पहले बात करें साज-सज्जा की। दिल्ली के हृदय स्थल पर बने प्रगति मैदान में 'भारत मंडपम' के नाम से भव्य आयोजन स्थल बनकर लगभग तैयार हो चुका है। 26 देशों के राष्ट्राध्यक्ष यहां भारत के आध्यात्मिक-सांस्कृतिक गौरव और परम्परा का प्रस्तुतिकरण देखेंगे। बाहरी मुल्कों से आने वाले जी-20 के संख्या में बहुत कम लेकिन बेहद प्रभावशाली राष्ट्राध्यक्षों को दिखलाने और आत्मसंतुष्टि के लिये मंडप के अलग-अलग हिस्सों में भारत का केन्द्रीय भाव 'वसुधैव कुटुम्बकम्' अभिव्यक्त हो रहा है। सांस्कृतिक वीथिका में 29 भाषाओं में बतलाया गया है कि 'संसार एक परिवार है।' हिन्दू धर्म से जुड़े कई प्रतीक चिन्ह भी यहां हैं- मोर पंख है तो शंख भी। यहां पंचतत्व है, सूर्य शक्ति है, योग है और वेद की पाण्डुलिपि भी। यानी वह सब कुछ जो प्राचीन भारत की देन है। हालांकि इस सम्पूर्ण वास्तु के दौरान यह भी ध्यान रखा गया है कि वर्तमान सत्ता को इन तमाम उपलब्धियों एवं अर्जित विकास का श्रेय देना है। 'जीरो से इसरो' इसी प्रयास की एक कड़ी है। तीन दर्जन सभा कक्षों वाली चार मंजिला इमारत में 14 हजार लोगों के बैठने तथा 5500 कारों की पार्किंग के लिये जगह है। शंखनुमा झूमर के साथ इतना आलीशान सभा कक्ष कि कोई देश की गरीबी का अंदाजा भी न लगा सके।

इसके साथ ही बात करनी ज़रूरी है उस साक्षात्कार की जो प्रधानमंत्री ने जी-20 सम्मेलन के अवसर पर एक समाचार एजेंसी को दिया है। उन्होंने इसमें बताया है कि पहले भारत को एक अरब भूखे लोगों का देश माना जाता था परन्तु अब वह एक अरब महत्वाकांक्षी दिमाग तथा 2 अरब कुशल हाथों में रोजगार का देश बन गया है। भारत के जल्दी ही दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बन जाने का दावा दोहराते हुए मोदी साहब बतलाते हैं कि 2047 तक, यानी आजादी के सौ साल पूरे होने पर देश एक विकसित राष्ट्र बन जायेगा। विकास के लिये 4-डी का फार्मूला देते हुए मोदी यह भी बताते हैं कि अब दुनिया का भारत को देखने का नजरिया बदल गया है। डेमोक्रेसी, डेमोग्राफी और डायवर्सिटी के साथ डेवलपमेंट शब्द को जोड़ते हुए प्रधानमंत्री ने देशवासियों को आश्वस्त किया है कि भारत का 1000 वर्षों के विकास का रास्ता प्रशस्त हो चुका है। एक अच्छे समाज सुधारक की तरह उन्होंने भ्रष्टाचार, जातिवाद एवं साम्प्रदायिकता से दूर रहने की सलाह दी है। इसके साथ ही उन्होंने देशी व अंतरराष्ट्रीय अर्थशास्त्र पर अपनी गहरी पकड़ व अनुभव के बल पर छोटे विकासशील देशों को सलाह भी दी है कि वे कर्जों के जाल में न फंसें। इसके अलावा भी उन्होंने अनेक बातें कही हैं जो भारत के नागरिक आधारित मॉडल, फेक न्यूज़ के खतरे, कोरोना काल में भारत द्वारा 150 देशों को टीके व दवाइयां देने और 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय' से सम्बन्धित है।

अगर मोदी के उपरोक्त साक्षात्कार के अलग-अलग हिस्सों पर विचार करें तो साफ है कि भारत में कम से कम ऐसा कुछ भी होता हुआ नहीं दिख रहा है। देश में रोजगार की स्थिति सर्वज्ञात है। देश की विकास दर निम्न स्तर पर है। देश में लोकतंत्र के जितने खराब दिन अभी चल रहे हैं, वैसे नागरिकों ने कभी भी नहीं देखे। मानवाधिकार कानून ताक पर रख दिये गये हैं, सारी संवैधानिक संस्थाएं इतनी कमजोर कर दी गई हैं कि वे एक तरह से सरकार की हां में हां मिला रही हैं। सत्ता से सवाल पूछने वाले जेलों में डाल दिये गये हैं। लोकतंत्र की जननी होने का दावा करने वाले मोदी का 9 साल का कार्यकाल नागरिकों के बुनियादी हकों और समावेशी संस्कृति को मटियामेट कर चुका है। जातिवाद और साम्प्रदायिकता का आलम यह है कि दलित महिलाओं से बलात्कार होते हैं, आदिवासियों पर पेशाब की जाती है तथा ट्रेन में बाकायदा शिनाख्त करते हुए मुस्लिमों को गोलियों से भुना है। संविधान बदलने की बात होती है और विपक्ष मुक्त भारत बनाया जा रहा है।

आधी से ज्यादा दिल्ली को ठहराकर या बन्द कराकर मोदी स्वयं को बाहरी लोगों के सामने देश का सबसे शक्तिशाली और देशवासियों के समक्ष एक लोकप्रिय वैश्विक नेता साबित करना चाहते हैं। आंतरिक राजनीति में अपनी कमजोर होती स्थिति को सुधारने के लिये मोदी बड़े पैमाने पर खर्च कर रहे हैं वरना नयी दिल्ली और उसके आसपास ऐसे सैकड़ों स्थल हैं जहां ये आयोजन सादगीपूर्ण ढंग से हो सकते हैं। दरअसल यह मोदी द्वारा वैश्विक नेताओं के समक्ष प्रस्तुतिकरण के लिये तैयार किया गया भारत है। असली हिन्दुस्तान बिलकुल अलग है- बदहाल, विपन्न, विभाजित और पिछड़ता हुआ।

भारतीय अस्मिता और हिन्दू राष्ट्र

■ अरुण कुमार डनायक

क्या भारत कभी हिन्दू राष्ट्र बन सकता है? क्या 'हिन्दी, हिन्दू, हिन्दुस्तान' का नारा कभी धरातल पर उतर सकता है? ये यक्ष प्रश्न हैं। इनका उत्तर 1947 के बहुत पहले, शायद सौ वर्षों से खोजा जा रहा है, लेकिन अभी तक जवाब नहीं मिला है। इस परिकल्पना में जीते अनेक हिंदूवादी संगठन अपना अस्तित्व अतीत को भेंट कर चुके हैं, जनता ने उन्हें कई बार सिरे से नकार दिया है, लेकिन एक संगठन जिसे हम फासिस्टवादी हिटलर और मुसोलिनी से प्रेरित बताते हैं, जिसका विस्तार आज़ादी की पूर्व संध्या तक केवल महाराष्ट्र के कतिपय ब्राह्मणों तक सीमित था और बंटवारे के समय वह कुछ सिंधी और पंजाबी शरणार्थियों पर असर डालने में सफल हुआ, आज भारत का सबसे प्रभावशाली संगठन बन गया है। उपरोक्त नारे इसी संगठन की दिमागी उपज हैं और एक मोटे अनुमान से कहा जा सकता है कि देश की पच्चीस से तीस प्रतिशत आबादी का विश्वास इन नारों में है।

भारत की इस आबादी के मनो-मस्तिष्क में यह बात भर दी गई है कि हिंदुत्व और भारतीयता एक-दूसरे के पर्याय हैं। हिन्दू शब्द का अस्तित्व वैदिक या पौराणिक नहीं है। इसकी उत्पत्ति ही पश्चिमी आक्रान्ताओं के, सिन्धु नदी को इंडस और इस भूभाग को इंडिया कहने से हुई। यही इंडस और इंडिया आगे चलकर हिन्दू और हिन्दुस्तान हो गए। इस आधार पर अगर विदेशी विद्वान यहां के सभी निवासियों को हिन्दू मानते हैं तो भला क्या आपत्ति हो सकती है, लेकिन आपत्ति तो उन लोगों को सबसे ज्यादा है जो 'हिन्दी, हिन्दू, हिन्दुस्तान' का नारा देते हैं। उनकी निगाह में हमारी धार्मिक मान्यताओं से परहेज रखने वाले अहिंदू हैं। ये अहिंदू उनके साथ बैठ तो सकते हैं, लेकिन उनका स्थान बराबरी का नहीं होगा। जब तक यह समानता स्वीकार नहीं की जायेगी, अहिंदू स्वयं को भारतीय कहलाने में तो गर्व महसूस करेंगे, लेकिन हिन्दू कहलाना कतई पसंद नहीं करेंगे।

फिर भारत तो ऐसा देश है जहां धर्म, आध्यात्म, संस्कृति और सामाजिक विचारों की अनेक धाराएं आकर समाहित हो गईं हैं। हमारे देश में ऐसे लाखों- करोड़ों लोग हैं जो किसी धर्म को नहीं मानते। उस वैदिक संस्कृति, आर्य सभ्यता पर भी उनका विश्वास नहीं है जिसे हिन्दुत्ववादी संगठन राष्ट्रीय स्वाभिमान से जोड़कर देखते हैं। इसलिए हमारी राष्ट्रीय पहचान हिंदुत्व व हिन्दू की जगह भारतीय रहनी चाहिए। भाषा को भी संस्कृत, उर्दू, हिन्दी के पचड़े से दूर रखना चाहिए। हमारे पूर्वज भले चाहे किसी भी भाषा को सम्प्रेषण का माध्यम मानते रहे हों, लेकिन यदि हम जिस भाषा को पढ़-लिख नहीं सकते वह हमारी मातृभाषा नहीं हैं। ऐसा मानने में क्या हर्ज है?

जब हम अंग्रेजों की गुलामी की बेड़ियों से मुक्त हुए तब विभाजन का दंश झेलना पड़ा। पाकिस्तान का जन्म धर्म के आधार पर हुआ, लेकिन हमारे तत्कालीन नायकों ने बहुसंख्यक हिन्दू आबादी वाले देश को हिदुस्थान मानने की बजाय 'इंडिया देट इज भारत' कहा। हमने धार्मिक आधार पर बंटवारे को सिरे से नकार दिया। हम लम्बे समय तक भारत विभाजन के लिए जिन्ना की कट्टरवादिता और हिन्दू-मुस्लिमों के बीच अविश्वास की गहरी खाई को दोषी मानते रहे, लेकिन इसके लिए हमारे इतिहासकारों ने कभी भी सुल्तानों और मुग़ल बादशाहों के अत्याचारों, धर्म परिवर्तन, आस्था स्थलों की तोड़-फोड़ को दोष नहीं दिया, वरन हमने अंग्रेजों की 'फूट डालो, राज करो' की नीति को हिन्दू-मुस्लिम वैमनस्यता का दोषी माना।

अब जो प्रयास इतिहास पुनर्लेखन को लेकर हो रहे हैं वे इन स्थापित धारणाओं के विपरीत हैं। विभाजन के आधार को यदि पुनर्जीवित कर इसे धार्मिक आधार देने का प्रयास सफल होता है तो इसका मतलब यही होगा कि जिन्ना, गोलवलकर, सावरकर एक ही हैं। जिन्ना ने यदि भारत को इस्लाम के नाम पर विखंडित कर दिया तो हिंदुत्व के नाम से यह नया प्रयास एक और विखंडन को जन्म देगा।

भारतीय मानसिकता जिसका मूलाधार वेदान्त में निहित है, राज धर्म की बात करता है। वह शासक से अपेक्षा करता है कि धर्म, जाति, विचारों के आधार पर प्रजा के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिये। भारत के संविधान निर्माताओं में बहुसंख्यक सदस्य वेद-पुराण में वर्णित राजनीतिक सिद्धांतों व नीति उपदेशों से प्रेरित थे। वे महात्मा गांधी के अनुयायी नहीं, तो प्रशंसक अवश्य थे। उन्होंने जिस संविधान की रचना कर भारत के लोगों को समर्पित किया था उसमें धर्म आधारित राज्य को तरजीह देने की जगह धर्मनिरपेक्षता को संविधान के मूल ढांचे में शामिल किया गया था।

> **भारतीय मानसिकता जिसका मूलाधार वेदान्त में निहित है, राज धर्म की बात करता है। वह शासक से अपेक्षा करता है कि धर्म, जाति, विचारों के आधार पर प्रजा के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिये। भारत के संविधान निर्माताओं में बहुसंख्यक सदस्य वेद-पुराण में वर्णित राजनीतिक सिद्धांतों व नीति उपदेशों से प्रेरित थे। वे महात्मा गांधी के अनुयायी नहीं, तो प्रशंसक अवश्य थे।**

यदि भारत के संविधान का आधार हिन्दू धर्म होता तो क्या होता? यह कल्पना ही मन को झकझोर देती है। हमारे दिमाग में सीरिया, सउदी अरब, ईरान, पाकिस्तान की आवाम का चित्र आ जाता है। भारत का संविधान भारतीय लोगों का संविधान है, वह हिन्दू संविधान नहीं है। इसीलिये यह देश हिन्दुस्थान नहीं भारत है और यहां के निवासी हिन्दू नहीं भारतीय हैं।

इतना कहने मात्र से हम साम्प्रदायिकता के जहर से मुक्त नहीं हो सकते। देश की बहुसंख्यक आबादी को यह भरोसा दिलाने की आवश्यकता है कि भले चाहे संविधान के अनुच्छेद 25 (धर्म को मानने और प्रचार करने का समान हक), अनुच्छेद 26 (धार्मिक संस्थाओं की स्थापना और पोषण की स्वतंत्रता), अनुच्छेद 28 (शिक्षा संस्थाओं में धार्मिक शिक्षा या धार्मिक उपासना में उपस्थित होने की स्वतंत्रता) और अनुच्छेद 29 (नागरिकों के किसी भी वर्ग को अपनी विशिष्ट भाषा, लिपि या संस्कृति को संरक्षित करने का अधिकार) आदि प्रावधान अल्पसंख्यकों में भेदभाव-रहित राज्य की कल्पना के लिए जोड़े गए हैं, लेकिन वे बहुसंख्यकों के अधिकारों का हनन नहीं करते और इन अनुच्छेदों के प्रावधान उन्हें भी अपने धर्म का पालन करने संबंधी पर्याप्त छूट देते हैं।

अल्पसंख्यकों को भी कतिपय मामलों में अपने विचार बदलने होंगे। वे भले ही हिन्दू आदर्शों को अपना नहीं मानें, लेकिन कुतबुद्दीन ऐबक, अलाउद्दीन खिलजी, औरंगजेब जैसे धर्मांध मुस्लिम शासकों को, जिन्होंने राजधर्म निभाने में चूक की, अपना आदर्श नहीं बताएं। उन्हें गैर-कानूनी व आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त अपने सजातीय बंधुओं की न केवल भर्त्सना करनी होगी, वरन उन्हें प्रश्रय देना भी बंद करना होगा। ऐसा करने में यदि उनकी जान भी चली जाय तो उन्हें उसकी परवाह नहीं करनी चाहिए। देश की एकता और अखंडता अक्षुण रखने के लिए कम-से-कम इतने बलिदान की अपेक्षा तो की जा सकती है।

मुसलमानों में भी बहुत सी सामाजिक कुरीतियां, जैसे-बहु-पत्नी प्रथा, पर्दा प्रथा, उत्तराधिकार, तलाक, असमानता आदि हैं। उन्हें इन पुरातन नियमों में परिवर्तन के लिए स्वयं आगे आना होगा। कुरआन ईश-निंदा की इजाजत नहीं देता। बहुसंख्यक समुदाय भी प्राय: अल्लाह, पैगम्बर साहब के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करता है, लेकिन कुछ मामलों में चूक हो ही जाती है। ऐसे में मुस्लिम समुदाय को फतवा देने से बचना चाहिए। अगर ऐसे कुछ उपाय मुसलमान करेंगे और सरकारें भी धार्मिक आधार पर आयोजनों से परहेज करेंगी तो यह देश भारत के संविधान के अनुसार चलता रहेगा।

(लेखक सामाजिक कार्यकर्ता हैं)

भारत के उच्च व्यापार घाटे के पीछे डंप चीनी निर्यात

■ नन्तु बनर्जी

यह समझना मुश्किल है कि भारत लगातार चीन का शिकार क्यों हो रहा है, अगर वह पूरी तरह से जानता है कि चीन निर्यात में भारी डंपिंग कर रहा है और वह अक्सर 'कच्चे माल की लागत से कम पर माल की आपूर्ति कैसे करता है?'

यह सवाल भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के हाल ही में दिल्ली में जी-20 देशों के व्यापार मंत्रियों के साथ एक पैनल चर्चा में मॉडरेटर के रूप में नाराजगी के संदर्भ में प्रासंगिक है, जहां उन्होंने चीनी उप मंत्री (वाणिज्य) वांगशौवेन से खुले तौर पर पूछा: 'आप सामान की आपूर्ति कैसे कर सकते हैं,कच्चे माल की लागत से भी कम पर?'

गोयल को यह बताना चाहिए कि भारत पिछले नौ वर्षों में चीन से इतनी भारी मात्रा में आयात करने के लिए क्यों मजबूर है, यह जानते हुए भी कि चीन माल डंप कर रहा है? चीन से डंप किये गये आयात भारत के समान वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों को कैसे प्रभावित कर रहे हैं? 2014 में जब भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार सत्ता में आई, तो चीन से भारत का आयात लगभग 58 बिलियन अमेरिकी डॉलर का था। पिछले साल, यूएन कॉम ट्रेड डेटा बेस के अनुसार, चीन से भारत का व्यापारिक आयात बढ़कर .102.25 बिलियन हो गया।

जबकि गोयल ने बताया कि, चीन के साथ उच्च व्यापार घाटे के डर से भारत आरसीईपी में शामिल क्यों नहीं हुआ, चीनी उप मंत्री (वाणिज्य) वांग शौवेन ने कहा, 'इसके विपरीत, आरसीईपी कार्यक्रम से बाहर निकलने के भारत के फैसले के बावजूद भारत-चीन व्यापार लगातार बढ़ रहा है।' चिंता थोड़ी अलग है, द्विपक्षीय व्यापार चीन के पक्ष में झुका हुआ है। उद्योग जगत का मानना है कि अगर हम आरसीईपी में शामिल होते तो व्यापार जरूर बढ़ता, लेकिन व्यापार घाटा और बढ़ जाता,' गोयल ने कहा।

भारतीय वाणिज्य मंत्री ने आगे कहा कि चीन को भारत सहित दुनिया के कई हिस्सों से अधिकतम एंटी-डंपिंग और एंटी-सब्सिडी प्रश्नों का प्राप्तकर्ता होने के कारण, आयातकों को आश्चर्य होता है कि चीन अपने निर्यात की कीमत कैसे तय करता है। उन्होंने कहा, 'यह एक ऐसी बात है कि मुझे लगता है कि सभी मंत्री यह जानना चाहेंगे कि आप कच्चे माल की लागत से कम पर सामान की आपूर्ति कैसे कर सकते हैं।'

हालांकि, चीनी मंत्री लापरवाह थे। वांग ने व्यावहारिक रूप से गोयल को फटकार लगाई और चीनी निर्यात डंपिंग के बारे में भारतीय वाणिज्य मंत्री की टिप्पणियों पर बहुत कम ध्यान दिया क्योंकि उन्होंने कहा कि आरसीईपी से बाहर रहने के भारत के फैसले के बावजूद, दोनों देशों के बीच व्यापार संबंध बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं।

'पिछले साल, द्विपक्षीय व्यापार 130 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। यदि द्विपक्षीय या आरसीईपी संदर्भ में कोई एफटीए होता है, तो व्यापार क्षमता का हमारे दोनों देशों के लाभ के लिए और अधिक दोहन किया जायेगा। आरसीईपी में शामिल होने का निर्णय आपका है, लेकिन भारत के लिए आरसीईपी के दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे, 'वांग शौवेन ने जवाब दिया।

वांग के बयान से यह आभास होता है कि भारत के पास चीन से अधिक से अधिक आयात करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। यहां तक कि दोनों देशों के बीच बढ़ती कूटनीतिक कड़वाहट और लद्दाख क्षेत्र से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक भारत की भूमि सीमाओं पर चीन की लगातार सैन्य ताकत चीन के साथ भारत के बेहद बढ़ते घाटे वाले व्यापार को प्रभावित करने में विफल रही है।

क्या गोयल के पास वांग की टिप्पणियों का कोई विशिष्ट उत्तर है? भारत चीन से इतना अधिक आयात क्यों करता है? भले ही भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने का दावा करता है, देश तेजी से आयात पर निर्भर होता जा रहा है और व्यापार घाटा लगभग हर साल बढ़ रहा है। पिछली बार भारत में व्यापार का अनुकूल संतुलन 1976-77 में देखा गया था - जिसे 'आपातकालीन' वर्ष के रूप में जाना जाता है - 86 करोड़ रुपये तक, जब एक अमेरिकी डॉलर का मूल्य केवल 8.5 रुपये के आसपास था। भारत ने पहली बार 1972-73 में अनुकूल व्यापार संतुलन दिखाया था। यह रकम 104 करोड़ रुपये थी और तब विनिमय दर एक अमेरिकी डॉलर के लिए 7.5 रुपये थी।

ये दो वित्तीय वर्ष स्वतंत्र भारत के इतिहास में एकमात्र ऐसे कालखंड हैं, जिनमें देश का व्यापार संतुलन अनुकूल रहा। वर्तमान में, भारत का व्यापार अधिशेष केवल अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, यूनाईटेड किंगडम और वियतनाम जैसे कुछ देशों के साथ है। 2022-23 में भारत का कुल निर्यात (माल और सेवाएं संयुक्त) साल-दर-साल 13.84 प्रतिशत बढ़कर 770.18 बिलियन डॉलर हो गया। पिछले वित्त वर्ष के दौरान कुल आयात 17.38 प्रतिशत की तेज गति से बढ़कर 892.18 अरब डॉलर हो गया। भारत का कुल व्यापार घाटा 2022-23 में बढ़कर 122 बिलियन डॉलर हो गया, जो पिछले वित्तीय वर्ष में 83.53 बिलियन डॉलर था।

जब विशेष रूप से व्यापारिक निर्यात की बात आती है, तो भारत की वैश्विक रैंक केवल 447.46 बिलियन डॉलर के निर्यात के साथ 19वीं थी। 2022 में, चीन ने दुनिया भर में 3.59 ट्रिलियन डॉलर का सामान निर्यात किया, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। भारत की आयात-आधारित आर्थिक वृद्धि के विपरीत, निर्यात ने चीन की अर्थव्यवस्था को अमेरिका के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए प्रेरित किया।

> **नवंबर 2019 में चीन के नेतृत्व वाले 15 देशों के व्यापार ब्लॉक, क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (आरसीईपी) से भारत के बाहर निकलने के बावजूद, ऐसा माना जाता है कि यह स्वदेशी जागरण मंच के आदेश पर किया गया है, जो अखिल भारतीय दक्षिणपंथी आरएसएस की रक्षा और रक्षा करने वाली शाखा है और मानता है कि सरकार भारतीय व्यापार और उद्योग का विकास करे।**

1995 से चीन लगातार व्यापार अधिशेष की बुकिंग कर रहा है। 2022 में, व्यापार अधिशेष 31 प्रतिशत बढ़कर 876 बिलियन डॉलर हो गया - जो कि 1950 में चीन द्वारा रिकॉर्ड बनाये रखना शुरू करने के बाद से सबसे अधिक है-फिर निर्यात सात प्रतिशत बढ़ा और आयात केवल एक प्रतिशत बढ़ा। चीन के व्यापार अधिशेष, पिछले साल, अकेले भारत के कारण .101.02 बिलियन था, जो 2021 में 69.38 बिलियन के स्तर से बढ़ रहा है।

नवंबर 2019 में चीन के नेतृत्व वाले 15 देशों के व्यापार ब्लॉक, क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (आरसीईपी) से भारत के बाहर निकलने के बावजूद, ऐसा माना जाता है कि यह स्वदेशी जागरण मंच के आदेश पर किया गया है, जो अखिल भारतीय दक्षिणपंथी आरएसएस की रक्षा और रक्षा करने वाली शाखा है और मानता है कि सरकार भारतीय व्यापार और उद्योग का विकास करे। अब समय आ गया है कि गोयल और उनकी चुनावी सरकार कूटनीतिक रूप से आक्रामक चीन से आयात को नियंत्रित करने और 'डंपिंग' मुद्दे से निपटने के बारे में एक मजबूत निर्णय ले।

भारत चीन से जो कुछ भी आयात करता है वह दुनिया के अन्य हिस्सों में उपलब्ध नहीं है। वर्तमान सरकार मई 2014 से सत्ता में है। संतुलित आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने वाली आयात-निर्यात नीति बनाने और उसे लागू करने में काफी समय लग गया है।

चीन के साथ तनावपूर्ण राजनयिक संबंध रखने वाले अधिकांश देश चीन से आयात में कटौती कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, अमेरिकी जनगणना ब्यूरो के अनुसार, 2023 के पहले पांच महीनों के दौरान, चीन से अमेरिकी आयात एक साल पहले की समान अवधि से 24 प्रतिशत कम था। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि देश की कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां अमेरिकी उपभोक्ताओं के लिए अपनी आपूर्ति लाइनों का स्थान बदल रही हैं, या तो प्रतिद्वंद्वी महाशक्तियों के बीच दबने के जोखिम से बचने के लिए या ग्राहकों के करीब सामान का उत्पादन करने की दीर्घकालिक रणनीति के हिस्से के रूप में। भारत को चीन से आयात में भारी कटौती करने के लिए इसी तरह की प्रथा का पालन करना चाहिए।

पावन प्रसंग

युवाओं की ऊर्जा एवं बुजुर्गों का अनुभव

यह हमेशा से रहा है कि पुरानी पीढ़ी नई पीढ़ी को नासमझ व भटका हुआ समझती है और नई पीढ़ी पुरानी पीढ़ी की परवाह नहीं करती। यह इसी मतभेद और विरोधाभास का विरोधाभासी होती है। अब आज के दौर को ही लें। साहित्यकारों से लेकर समाजशास्त्रियों तक की एक मुकम्मिल पुरानी पीढ़ी, आज के युवाओं को बेपरवाह, लापरवाह, भटकी हुई और गलत दिशा का राही मानती है, जबकि किशोर इस विस्फोटक सूचना के प्रौद्योगिकी युग में पुरानी पीढ़ी को चुका हुआ समझता है।

पुरानी पीढ़ी के पारंपरिक बुद्धिजीवी नई पीठी को अपने ढंग से परिभाषित करने की कोशिश कर रहे हैं और नई पीढ़ी उनकी इस हास्यास्पद कोशिश पर तरस खा रही है। नई पीढ़ी के साथ अपने दबाव और अपनी सम्मस्याएं होती हैं तो यह भी सही है कि उसकी अपनी एक सहूलियत भी होती है। मई पीढ़ी अगर पुरानी पीढ़ी से कुछ मामलों में पीछे होती है तो बहुत मामलों में आगे भी होती है लेकिन यह विरोधाभास ज्यादातर लोगों को समझ में नहीं आता। इसलिए नई और पुरानी पीढ़ी के बीच मतभेद होते हैं। दोनों ही पीढ़ियां एक दूसरे के महज नकारात्मक पहलुओं पर ही दृष्टि केंद्रित करती हैं और नतीजा यह होता है कि दोनों एक दूसरे को समझ नहीं पातीं और खारिज कर देती हैं।

कुछ बुजुर्गों का कहना है कि नई पीढ़ी पूरी तरह से मुगालते में है। वह भटकी हुई है। भ्रम में जी रही हैं। नई पीढ़ी जिसे अपनी सफलता, अपनी आजादी, रंगों और सपनों से भरी अपनी दुनिया मान रही है, वह दरअसल यह एक धोखा है और हकीकत में वह उसके पतन की प्रक्रिया है। नई पीढ़ी को लगता है वह नृत्य कर रही है,लेकिन वह नृत्य नहीं कर रही, बल्कि उनके पैरों के नीचे की धरती हलचल करते हुए खिसक रही है। दरअसल उनकी उछल कूद उनके पैरों के नीचे से खिसकती जमीन का नतीजा है। अगर इस कल्पना की नकारात्मकता की तह तक पहुंचेंगे तो केवल कल्पना ही नजर आती है। आखिर नई पीढ़ी क्यों और कैसे इस कदर मुगालते में हो सकती है? महज रुमानियत से भरी और अव्यावहारिक हैं? क्या वह मेहनत नहीं करती? क्या वह नया नहीं सोचती? क्या उस पर बेहतर साबित होने के दबाव नहीं है? क्या वह कल्पनाशील नहीं है? क्या वह दुनिया के तमाम खतरों से परिचित नहीं है?

हैरानी होती है, जब कोई पूरी पीढ़ी के बारे में एकतरफा नजरिया बना लेता है और वह भी बेहद नकारात्मक नजरिया। नई पीढ़ी को पुरानी पीढ़ी शायद इसलिए समझ नहीं पा रही है, क्योंकि बदलाव की जिस रफ्तार से नई पीढ़ी गुजर रही है और बदलाव की जिस तेज रफ्तार में नई पीढ़ी ने आंखें खोली हैं, उससे पुरानी पीढ़ी कदमताल कर पाने में खुद को असमर्थ पा रही है। इस पीढ़ी ने वास्तविक ग्लोबल जेनरेशन की अवधारणा के विकास क्रम के दौर में आंखें खोली हैं और पुरानी पीढ़ी ने सिर्फ नीति- वचनों में ही वसुधैव कुटुम्बकम् जैसे आप्त वचन पढ़े हैं। इस पीढ़ी का भावनाओं से कम, वास्तविकता से ज्यादा लेना देना है। पुरानी पीढ़ी वास्तविकता में कम और भावनाओं में ज्यादा जीती है।

यह पीढ़ी अगर सचमुच में ग्लोबल जेनरेशन है, भूमंडलीय पीढ़ी है तो इसका मतलब सिर्फ यह नहीं है कि नई पीढ़ी सिर्फ और सिर्फ बुराइयों या खामियों का ही वैश्विक विस्तार कर रही हैं। नई पीढ़ी अपनी खूबसूरत मौलिक ऊर्जा कल्पनाओं, क्षमताओं, कोशिशें और सपनों को भी एक दूसरे के साथ बांटती हैं।

इसी युग में हिंदुस्तानी युवाओं को डिस्कवरी और हिस्ट्री जैसे चैनल भी दिए हैं, जो इतना ज्ञान परोसते हैं, जो बड़ी-बड़ी लाइब्रेरियों तक में नहीं है। अगर ग्लोबल जेनरेशन एक दूसरे के ऐबों से रूबरू हुई है तो एक दूसरे की खूबियों से भी परिचित हुई हैं। आज कितने बच्चे हैं जो दुनिया के किसी भी कोने के बारे में सटीक और वास्तविक जानकारी रखते हैं।

अखंड ज्योति

आपके पत्र

बौद्धिकता की जड़ों को खोखला करता अज्ञानता, अंधविश्वास

अशिक्षा और अज्ञानता ने अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता को भारत में फैलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी है। यदि अशिक्षित मनुष्य धार्मिक अंधविश्वास को मानता है तो यह बात कुछ थोड़ी देर के लिए समझ में आती है किंतु इस वैज्ञानिक युग में अत्यंत शिक्षित एवं पढ़े-लिखे लोग भी अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता के पीछे भागने लगे तो यह समाज और देश के लिए दुर्भाग्य की बात है। यह तो तय है की शिक्षा, ज्ञान अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर के विवेकपूर्ण विचारों को सोचने की शक्ति प्रदान करता है और इसके पश्चात ही मनुष्य वैज्ञानिक आधार पर तर्क रखकर अपनी बात को मानना शुरू करता है। पूर्व में हम मानते थे कि पृथ्वी चपटी है किंतु वैज्ञानिक प्रयोगों तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के अनुसार यह सिद्ध हो गया कि पृथ्वी गोल है। अब लोगों ने लॉजिक और वैज्ञानिक प्रमाण के आधार पर यह मान लिया है की पृथ्वी गोल ही है।

युवा शक्ति ही देश में नए विचारों की क्रांति ला सकती है और अंधविश्वास को समूल नष्ट करने में इनकी ऊर्जा इस कार्य के लिए लगाई जा सकती है। दूसरी तरफ शिक्षा का प्रचार प्रसार होना भी नितांत आवश्यक है। शिक्षा ही ऐसा मूल मंत्र है जिससे अंधविश्वास एवं आडंबर की पोल खोली जा सकती है। शिक्षा से हमारा तात्पर्य विज्ञान से भी है विज्ञान ने अनेक अंधविश्वास को जन सूचियों में अविश्वास के रूप में स्थापित किया है और शिक्षा तथा विज्ञान तकनीकी ऐसे मार्ग हैं जिन पर चलकर हम न सिर्फ चांद पर पहुंचे हैं बल्कि सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से पूरी दुनिया एक परिवार की तरह एक दूसरे के एकदम करीब आ चुकी है। ऐसे में अंधविश्वास, धार्मिक कट्टरता एवं संप्रदायवाद की जगह कहां बच जाती है भला? शिक्षा का स्तर इतना ऊंचा हो जाना चाहिए कि इन अंधविश्वासी बातों और मिथकों का अस्तित्व ही मूल रूप से विस्मृत किया जाना चाहिए। बिल्ली के रास्ता काटने से काम रुक जाता है, किसी की छींक देने से अशुभ संकेत स्थापित होने लगते हैं यदि कौंवा बोलता है तो मेहमान आने का संकेत माना जाना- इन सब बातों की कोई तार्किक अथवा वैज्ञानिक पृष्ठभूमि नहीं है और जनमानस द्वारा अपने दिमाग का प्रयोग कर ऐसी अतार्किक और वैज्ञानिक बातों में विश्वास करना भी अंधविश्वास को सामाजिक स्तर पर मान्यता प्रदान करता है। यह भी अशिक्षा का एक बहुत बड़ा परिणाम है। शिक्षा विज्ञान तथा तकनीकी ज्ञान समाज में तर्कसंगत बातों का विश्वास करने पर भरोसा दिलाता है और धीरे-धीरे अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता से मनुष्य को परे ले जाता है। मूलत: अंधविश्वास को दूर करने के लिए हमें शिक्षा जैसे अस्त्र का इस्तेमाल तीव्र गति से किया जाना चाहिए। अंधविश्वास तंत्र मंत्र के अधीन होकर पशुओं की बलि देना भी एक प्रकार से अंधविश्वास को बढ़ावा देना ही है, तंत्र मंत्र में विश्वास कर मानव न केवल पशुओं की बलि देते बल्कि बच्चों तक की बलि देने से भी परहेज नहीं करता है। समाज में व्याप्त अंधविश्वास तथा कट्टरपंथ का लाभ समाज के कुछ चालबाज तथा धोखेबाज लोग उठाते हैं और यही लोग इन अंधविश्वासी लोगों को भूत, प्रेत ,राहु-केतु,काल सर्प दोष इत्यादि का भय दिखाकर पूजा पाठ, तंत्र मंत्र के नाम से हजारों रुपए लूट लेते हैं। यह सिर्फ गांव में ही नहीं हो रहा है यह शहरों में भी बुरी तरह व्याप्त है तंत्र मंत्र तथा भूत प्रेत से छुटकारा भारत के कस्बों तथा गांव में एक व्यवसाय के रूप में विकसित हो गया है जो देश के लिए एक बड़ी विसंगति और विडंबना है।

संजीव ठाकुर

सार-समाचार

शास. हाई स्कूल मेनपानी में मनाया गया शिक्षक दिवस

सागर, देशबन्धु। पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन पर आयोजित शिक्षक दिवस शास. हाई स्कूल मेनपानी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य अंजू श्रीवास्तव ने सभी छात्र-छात्राओं को शिक्षक दिवस के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर शाहीन एजाज, अर्चना, लता कुर्मी, मनोज नेमा, राजेश दुबे, विशाल चौबे, शांति समध, शिवाकांत अहिरवार एवं छात्राओं द्वारा आयोजित कार्यक्रम के उपलक्ष्य में बच्चों को अपनी तरफ से उपहार दिए। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य एवं शिक्षकों ने वृक्षारोपण भी किया।

ग्राम पंचायत डिलोना में शिक्षक दिवस मनाया

बण्डा, देशबन्धु। ग्राम पंचायत डिलौना में शिक्षक दिवस मनाया गया। जिसमें सभी शिक्षकों का राम बिहारी सिंह महदेले ने रोरी माला पेन डायरी देकर सम्मान किया। साथ ही सभी शिक्षकों से ग्राम पंचायत के बच्चों को सही दिशा और संस्कार देने की बात कही क्योंकि बच्चे कच्चे घड़ा के जैसे होते हैं उन्हें शिक्षक जैसा बदले वह बदल जाते हैं सभी शिक्षकों से निवेदन पूर्वक बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ सभी शिक्षकों ने बच्चों के लिए प्रेरक वाक्य कहे स्कूल के सभी छात्रों ने भी शिक्षकों का सम्मान किया और नए कीर्तिमान करने के लिए संकल्पित हुए। शिक्षकों में कमलेश साहू, हरिराम अहिरवार, अमृतलाल राय, बलराम सिंह लोधी, सीमा सेन, आरती गुप्ता, नंदिनी कोफ्ते, पल्लवी चौधरी आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन स्कूल प्राचार्य कमलेश साहू ने किया एवं आभार माना।

इतवारी वार्ड से 30 भैसों को डेयरी विस्थापन स्थल रतौना शिफ्ट किया

सागर, देशबन्धु। निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त राजेश सिंह की उपस्थिति में हुई कार्रवाई के तहत इतवारी वार्ड से मुकेश यादव की डेयरी की 30 भैंसो को डेयरी विस्थापन स्थल रतौना नगर निगम के वाहन द्वारा शिफ्ट किया गया। इस अवसर पर पार्षद बाबूसिंह यादव स्वच्छता अभियान के चलते शहर हित में सहयोग करने पर डेयरी संचालक मुकेश यादव एवं अन्य पशुपालकों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। कार्रवाई के दौरान दल प्रभारी शिवनारायण रैकवार, राजू रैकवार, उमेश चौरसिया, पुलिस बल सहित दल के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में आए 55 आवेदन

पन्ना, देशबन्धु। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में अधिकारियों ने आम लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और तत्परता से समस्याओं का निराकरण किया। जिले के 55 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया गया।

महाविद्यालय की सौगात मिलने से सुलभ होगी उच्च शिक्षा: मंत्री श्री सिंह

पन्ना, देशबन्धु। मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि ग्राम खोरा में नवीन शासकीय महाविद्यालय के शुभारंभ से आसपास क्षेत्र के कई ग्रामों के छात्र-छात्राओं को आसानी से उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। वर्ष 1972 से खोरा में महाविद्यालय स्थापना की क्षेत्रवासियों की लंबित व बहुप्रीतिक्षित मांग अब पूर्ण हो गई है। महाविद्यालय में सभी संकायों की पढ़ाई होगी। मंत्री श्री सिंह ने शिक्षक दिवस के मौके पर खोरा के शासकीय छात्रावास भवन में महाविद्यालय का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही 15 एकड़ में कॉलेज का स्वयं का भवन बनकर तैयार होगा। महाविद्यालय भवन के निर्माण के लिए 6 हेक्टेयर जमीन आरक्षित की गई है। कॉलेज में शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टॉफ की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी। शुभारंभ कार्यक्रम के मौके पर अन्य जनप्रतिनिधियों सहित एसडीएम सत्यनारायण दर्रो, छत्रसाल शास. स्नातकोत्तर एवं अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एचएस शर्मा, गुनौर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. जेपी अहिरवार भी उपस्थित थे। मंत्री श्री सिंह ने खोरा में जल संसाधन विभाग के 3 करोड़ 58 लाख रूपए लागत राशि की सुहावा बैराज योजना और 4 करोड़ 56 लाख रूपए की लागत से बनने वाली 5.80 किलोमीटर लम्बाई की खोरा सुहावा मार्ग का भूमिपूजन भी किया। सुहावा बैराज से 210 हेक्टेयर जमीन में किसानों को सिंचाई की सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक ग्रामों में पक्की सड़क बनवाई जाएगी। सुहावा और धूनी आश्रम में रपटा निर्माण की मांग भी पूरी की गई है। सड़क के अतिरिक्त बड़े पुल पुलिया का निर्माण भी करवाया जा रहा है। भविष्य में कोई भी ग्राम विकास कार्यों से अछूता नहीं रहेगा। खोरा.भदैया पुल और हरनामपुर भखुरी रोड भी लोगों की मांग पर स्वीकृत करवाई गई है। साथ ही चंदौरा सड़क और नहरा नहरी पुल की सौगात प्रदान की गई है। आगामी नवम्बर माह तक जैतूपुर में 220 केव्ही, का पॉवर स्टेशन भी बनकर चालू हो जाएगा। इससे वृहद स्तर पर बिजली की समस्या का निराकरण हो सकेगा। उन्होंने कहा कि खनिज विभाग के मद से 100 करोड़ रूपए विकास कार्यों के लिए स्वीकृत करवाए गए हैं। इसमें सुदूर सड़क सहित सामुदायिक भवन और अन्य विकास कार्यों का निर्माण शामिल है।

भाजपा को झटका पूर्व विधायक महेन्द्र बागरी कांग्रेस में शामिल

पन्ना, देशबन्धु। भाजपा को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है, प्रदेश के पन्ना जिले की आरक्षित गुनौर विधानसभा सीट से पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ नेता महेन्द्र बागरी ने भोपाल में कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के हाथों कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। गुनौर से भाजपा के टिकिट के प्रबल दावेदार रहे इंजी. महेन्द्र बागरी हाल ही में वहां से पिछले चुनाव के पराजित प्रत्याशी डॉ. राजेश वर्मा को पुनः टिकिट दिए जाने के बाद से काफी नाराज चल रहे थे। बता दें, बागरी वर्ष 2013 से 2018 तक गुनौर से भाजपा के विधायक रहे है। लेकिन 2018 के चुनाव में पार्टी ने उनका टिकिट काटकर पूर्व विधायक डॉ. राजेश वर्मा को चुनावी समर में उतारा था। इस चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार रहे गुनौर के मौजूदा विधायक शिवदयाल बागरी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राजेश वर्मा को करीब 2000 से कम मतों के अंतर से पराजित किया था। भाजपा ने मप्र विधानसभा चुनाव 2023 के लिए 39 प्रत्याशियों की पहली सूची पिछले माह जारी की थी। जिसमें गुनौर सीट से राजेश वर्मा को पुनः टिकिट दिया गया है। पिछला चुनाव हारने वाले राजेश वर्मा को पुनः प्रत्याशी बनाए जाने के फैसले पर पूर्व विधायक महेन्द्र बागरी सहित टिकिट के दावेदार रहे अन्य भाजपा नेताओं ने कड़ा विरोध दर्ज कराया था। लेकिन पार्टी नेतृत्व ने इसे अनसुना कर दिया। कांग्रेस में शामिल होने के बाद पूर्व विधायक गुनौर महेन्द्र बागरी ने भोपाल में पत्रकारों को बताया वह बिना किसी शर्त के कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए हैं। बागरी के द्वारा कांग्रेस का हाथ थामने की खबर आने के बाद से ही गुनौर विधानसभा क्षेत्र सहित समूचे पन्ना जिले में सियासी हलचल बढ़ गई है।

5 माह से नहीं हुआ राशन वितरण, एसडीएम को ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

देवरीकलां, देशबन्धु। देवरी क्षेत्र में गरीबों को मिलने वाला निशुल्क राशन सेल्समेन और खाद्य अधिकारी मिलकर डकार रहे हैं। जिसे पूरे क्षेत्र में राशन वितरण व्यवस्था बुरी तरह लड़खड़ा गई है। हालत यह है कि पिछले 5 माह से दर्जनों गांव में राशन वितरण नहीं हुआ है जिस गांव-गांव के लोग राशन की मांग को लेकर देवरी पहुंच रहे हैं और एसडीएम को ज्ञापन दे रहे हैं। ताजा मामला देवरी विधानसभा क्षेत्र के आदिवासी विकासखंड केसली की ग्राम पंचायत खटोला के बगदरी गांव का है। जहां के ग्राम बगदरी के बड़ी संख्या में लोगों ने देवरी आकर एसडीएम कार्यालय के सामने करीब आधा घंटे तक फूड इंस्पेक्टर के खिलाफ नारे लगाने लगे और 5 महीने के राशन देने की मांग करने लगे, जब एसडीएम ज्ञापन लेने नहीं पहुंचे तो ग्रामीण धरने पर बैठ गए और फूड इंस्पेक्टर राशन दुकानदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे और फूड इंस्पेक्टर द्वारा जबरन हस्ताक्षर करने पर हटाने की मांग करने लगे। दरअसल आदिवासी अंचल ग्राम बगदरी से करीब 50 से अधिक गरीब मजदूर को पिछले 5 माह से राशन नहीं मिला है जिससे वह परेशान हैं। भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री संदीप जैन बबलू के नेतृत्व में सभी ग्रामीण ज्ञापन देने के लिए शाम को एसडीएम कार्यालय पहुंचे लेकिन जब ज्ञापन लेने के लिए एसडीएम नहीं पहुंचे तो ग्रामीण नाराज हो गए और कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया एवं फूड इंस्पेक्टर के खिलाफ जोर जोर से नारे लगाने लगे और हटाने की मांग करने लगे। ग्रामीण यह भी नारे लगा रहे थे कि राशन नहीं तो वोट नहीं। करीब आधा घंटे बाद पहुंचे एसडीएम गगन बिसेन ने ग्रामीणों का ज्ञापन लिया और जांच करने का आश्वासन देकर चले गए। भाजपा के किसान मोर्चा के जिला महामंत्री संदीप जैन बबलू ने कहा कि ग्राम बगदरी में राशन विक्रेता द्वारा 5 माह से गरीब लोगों को निःशुल्क राशन नहीं दिया गया। जबकि शासन द्वारा हर माह निःशुल्क राशन भेजा जा रहा है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने 181 एवं फूड इंस्पेक्टर द्वारा ग्रामीणों को राशन दिलाने के नाम पर शिकायत को बंद कर दिया गया। जब मैंने इंटरनेट मीडिया पर राशन न मिलने की बात उजागर की तो फूड इंस्पेक्टर ने गांव पहुंचकर उपभोक्ताओं से एक माह का राशन दिलाने की बात कह कर जबरन हस्ताक्षर कर लिए अंगूठा लगवा लिए। उन्होंने आरोप लगाया कि फूड इंस्पेक्टर राशन विक्रेता से मिलकर गरीबों का आदिवासियों का राशन हड़प रहे हैं। राशन विक्रेता यह कह रहा है कि हड़ताल चल रही है कहीं मशीन खराब है जबकि सरकार आदिवासी गरीबों के लिए क्या-क्या योजनाएं लाकर मदद कर रही है लेकिन भ्रष्ट फूड इंस्पेक्टर के कारण ग्रामीण परेशान हैं और उन्हें 5 माह से राशन नहीं मिल रहा है। इसी तरह कोपरा एवं झिरिया में भी तीन-चार माह से राशन नहीं मिला है। ऐसे भ्रष्ट फूड इंस्पेक्टर को निलंबित किया जाना चाहिए। ग्राम बगदरी निवासी राजकुमारी डांगी ने बताया कि राशन विक्रेता रणवीर यादव द्वारा 5 में का राशन वितरण नहीं किया है जिससे सभी गरीब गांव के लोग परेशान हैं राशन दुकानदार द्वारा यह कहा जाता है कि राशन नहीं आ रहा है हड़ताल चल रही है और मशीन खराब है। गेंदा रानी का कहना है कि 5 माह से राशन नहीं मिला है राशन दुकानदार कहता है। मशीन बिगड़ गई है कभी कहता है कि हड़ताल चल रही है। बगदरी निवासी मोहन सिंह ने बताया कि पिछले 5 महीने से राशन का वितरण नहीं किया जाता है एवं बगदरी के लोगों को राशन लेने के लिए खटोला जाना पड़ता है और यहां चार गांव खटोला बगदरी खजुरिया खेड़ी के लोगों का राशन वितरण किया जाता है जो महीने में एक दिन दुकान खुलती है, उसके बाद राशन वितरण नहीं किया जाता है। ज्ञापन देने वालों में संदीप जैन बबलू के अलावा राजकुमार दांगी राम दुलारी, चंद्र रानी, गेंदारानी भूरी गौड, मोहन सिंह, देवी सिंह, अमित, महेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

शिक्षक दिवस पर हुआ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

पन्ना, देशबन्धु। जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राजेन्द्र कुमार पाटीदार की अध्यक्षता में शिक्षक दिवस के मौके पर शासकीय आरपी उत्कृष्ट उमा विद्यालय पन्ना में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला न्यायाधीश पाटीदार ने शिक्षकों और विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को प्राप्त अमूल्य अवसर और समय का लाभ उठाते हुए केवल पढ़ाई पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। पढ़ाई के दौरान लक्ष्य निर्धारित करना भी जरूरी है। किसी भी स्थिति में छात्र-छात्रों को गलत गतिविधियों में संलिप्तता से बचना चाहिए। यातायात अधिनियम की विस्तार से जानकारी भी दी। जागरूकता शिविर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र सिंह शाक्य द्वारा मौलिक अधिकार व कर्त्तव्य की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित विद्यार्थियों को मोबाइल का न्यूनतम और रचनात्मक कार्यों में उपयोग करने की समझाईश दी गई। प्रशिक्षु न्यायाधीश श्वेता रघुवंशी ने विद्यार्थियों को लक्ष्य प्राप्ति तक निरंतर अध्ययनरत रहने की सलाह दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते ने न्याय सबके लिए अवधारणा के बारे में बताया और प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन सुनील श्रीवास्तव और आभार प्रदर्शन विद्यालय प्राचार्य रंजना खरे द्वारा किया गया।

नेशनल लोक अदालत 9 सितंबर को विद्युत प्रकरणों के निराकरण में छूट

पन्ना, देशबन्धु। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला न्यायाधीश सह अध्यक्ष भावना साधौ के मार्गदर्शन में 9 सितम्बर शनिवार को जिला न्यायालय एवं समस्त तहसील सिविल न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में आपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम, श्रम, मोटर दुर्घटना दावा, निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के अंतर्गत चेक बाउंस, कुटुम्ब न्यायालय, ग्राम न्यायालय, बैंक आदि विभागों के लंबित व बैंक, विद्युत, नगर पालिका आदि के प्री.लिटिगेशन प्रकरणों का आपसी समझौते से निराकरण किया जाएगा। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजेन्द्र कुमार पाटीदार के द्वारा बताया गया कि 9 सितम्बर को आयोजित नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम के तहत न्यायालय में लंबित प्रकरणों में छूट प्रदान की जाएगी, जिसमें निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू, 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को निर्धारित छूट दी जाएगी।

शक्कर कारखाना चालू कराना ग्रामीणों की आवश्यकता

▶ आधा दर्जन गांवों के लोगों ने की बैठक

गुना, देशबन्धु। शक्कर कारखाना चालू करो संघर्ष समिति द्वारा ग्राम भुलाए में आसपास के गांव के किसान प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। जिसमें ग्राम उदयपुरी, काकवासा बमोरिया,सनोतिया और बैराखेड़ी गांव के किसान शामिल हुए। मीटिंग में अलग-अलग गांव से आए किसान प्रतिनिधियों ने शक्कर कारखाना चालू करने की मांग पर आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए कई सारे सुझाव दिए। जिसमें 3 अक्टूबर को होने वाली मोटरसाईकिल रैली को सफल बनाने की योजना किया गया।

समिति के सदस्यों ने बताया कि शक्कर कारखाना जो पिछले काफी लंबे समय से बंद पड़ा हुआ है, उसका चालू होना आज किसानों की मूलभूत जरूरत बन चुका है। इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व जन सेवकों को इस कारखाने को चालू करने का प्रयास करना चाहिए। आज जब किसान परेशान हो रहे हैं सूखा के कारण उनकी फसलें बर्बाद हो रही हैं ऐसी स्थिति में अगर गन्ने की फसल होती तो उन्हें इस समस्या का सामना करना नहीं पड़ता। आगामी 3 अक्टूबर को शक्कर कारखाना चालू करने की मांग को लेकर एक विशाल मोटरसाईकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है जो जंजाली से शुरू होकर गुना कलेक्ट्रेट तक निकाली जाएगी। आगामी समय में और भी अलग-अलग गांव में जाकर इसका प्रचार प्रसार किया जायेगा। 60 से 70 गांव के किसानों की इस बाइक रैली में शामिल होने की संभावना है।

शक्कर कारखाने को शुरू करने की मांग के अलावा किसानों को समय पर पर्याप्त खाद,बीज,बिजली उपलब्ध कराने व फसल का बाजिब दाम देने,जिले को सूखाग्रस्त घोषित कर पर्याप्त बीमा व मुआवजा देने जैसी अनेक मांगों को किसान आंदोलन में शामिल किया गया।

प्रथम पृष्ठ का शेष

प्रदेश के विकास और जनकल्याण.... कृषि और सिंचाई, स्व-सहायता समूह और सीखो-कमाओ योजना पर आधारित वीडियो फिल्में दिखाई जायेगी। जिलों में लगने वाले हाट-बाजार तथा विभिन्न धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों, ग्रामीण क्षेत्रों, नगरीय क्षेत्रों के वार्डों में और प्रमुख स्थलों पर विकास रथ से वीडियो फिल्मों का प्रदर्शन कर प्रचार-प्रसार करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक श्रीमती कृष्णा गौर, पूर्व महापौर आलोक शर्मा तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

विश्वकप के लिए भारतीय टीम.... को विश्व कप टीम सौंपने की समय सीमा पांच सितंबर है, लेकिन टीमें आईसीसी से अनुमोदन की आवश्यकता के बिना 28 सितंबर तक बदलाव कर सकती हैं। भारत एशिया कप के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन और एकदिवसीय मैच खेलेगा, जबकि उसे अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत आठ अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही करनी है। **वनडे विश्वकप के लिए भारतीय टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या (उप-कप्तान), सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव।

फर्जी भर्ती घोटाले का भंडाफोड़.... पुलिस थाने में एक औपचारिक शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि उनका पुत्र मोहम्मद सामी मीर फर्जी भर्ती घोटाले के चंगुल में फंस गया है। फर्जी घोटाले को अंजाम देने वाले आरोपी की पहचान दूलीपोरा त्रेहगाम निवासी नजीर अहमद खान के रूप में हुई। आरोपी खान को बाद में घोटाले के संबंध में गिरफ्तार कर लिया गया और पूछताछ के बाद नए खुलासे सामने आए हैं। आरोपी ने एमईएस में नौकरी चाहने वाले बेरोजगार युवाओं को धोखा देने के लिए एक विशिष्ट कार्यप्रणाली को नियोजित करने वाले घोटालेबाजों के एक गिरोह के साथ अपने संबंध होने का भी खुलासा किया है। आरोपी ने अन्य चार सहयोगियों रावथपोरा निवासी जहूर अहमद मीर, अवंतीपोरा निवासी शकील अहमद मकरू, शाल्टांग श्रीनगर निवासी फिरोज अहमद खाशू और पंपोर पुलवामा निवासी शफकत अहमद शाह की पहचान भी बताई। पुलिस ने कहा कि सबूतों के आधार पर इस मामले में समर्पित विशेष पुलिस टीमों ने अन्य चारों आरोपियों को तत्काल पकड़ लिया। इस गिरोह का मास्टरमाइंड शकील अहमद मकरू है, जो उर्फ 'राजू' नाम के तहत इस गिरोह को संचालित कर रहा था, जो पीड़ितों को खुद को कश्मीरी पंडित और रंगरेथ श्रीनगर में एक एमईएस अधिकारी के रूप में बताता था।

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से.... प्रयास किया है। दतिया के बीकर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के रविकांत मिश्रा को तकनीक के उपयोग से शिक्षा को सरल और रोमांचक बनाने के लिए पुरस्कृत किया गया। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर पढ़ाने, पीएम ई-विद्या राष्ट्रीय चैनलों पर सजीव कक्षा लेने और स्वास्थ्य जैसे महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूकता लाने जैसे कई कदम उठाए हैं। रतलाम के सीएम राइज शासकीय विनोबा उच्चतर माध्यमिक शाला की श्रीमती सीमा अग्निहोत्री को सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से शिक्षण सामग्री को आनंददायक बनाने के लिए सम्मानित किया गया। शिक्षा को रुचिकर बनाने के लिए उन्होंने समुदाय को शामिल कर कहानी पढ़ने की प्रतियोगिता, समाचार पत्र लेखन, नाटक और नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की हैं।

विद्यार्थियों को माता-पिता और.... अपने माता-पिता, समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि प्राप्त सम्मान की गरिमा बनाये रखना सम्मानित शिक्षकों का दायित्व है। शिक्षक बच्चों को जो भी सिखाते हैं, उसे जीवन में उतारने के लिए प्रेरित करें। उन्हें अपने आचरण और व्यवहार से बच्चों को प्रेरित और प्रोत्साहित करें। उनमें सदाचार, व्यवहार एवं संस्कार के बीज रोपित करे। उन्हें बताये कि आचरण एवं व्यवहार जीवन में सफलता का आधार है। श्री पटेल ने कार्यक्रम के प्रारम्भ में सरस्वती वंदना की संगीतमय प्रस्तुति की सराहना की। समारोह में राज्य मंत्री स्कूल शिक्षा इन्दर सिंह परमार ने कहा कि गुरु एक श्रेष्ठ नागरिक का निर्माण करता है। गुरु परम्परा भारतीय संस्कृति में महत्वपूर्ण है। हमारी सांस्कृतिक मान्यताओं में शिक्षक का स्थान सर्वश्रेष्ठ है। शिक्षक समुदाय विद्यार्थी एवं समाज के लिए प्रेरणा-पुंज के रूप में काम करे। अपने कार्य व्यवहार से दूसरों को प्रेरित करें।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता म.प्र. पू. क्षे. वि. वि. कं.लि. छतरपुर संभाग

दूरभाष नं. 07682-245565 | Email-eechhatarpur@vahoo.co.in
क्र./काअछ/सामा./ | छतरपुर, दिनांक

विद्युत प्रदाय बन्द रहने बाबत आवश्यक सूचना

सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि वितरण केन्द्र हरपालपुर अन्तर्गत 11 के.व्ही. लाइनों के प्री मानसून मेंटीनेंस किये जाने हेतु 11 के.व्ही. लाइनों को प्रातः 07.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक क्षेत्रवार विद्युत प्रवाह अवरुद्ध रहेगा।

क्रमांक	33/11 kv सब-स्टेशन	11 kv फीडर का नाम एवं दूरी	दिनांक	विद्युत प्रभावित क्षेत्र	संबंधित कर्मचारी का नाम
1	हरपालपुर	हरपालपुर फर्स्ट फीडर	04.09.2023	राजा कालोनी, स्टेशन मोहल्ला, मेन बाजार, पुरानी गल्ला मण्डी, नये थाने के पास का एरिया बस स्टेण्ड तक, गलान रोड, कपासमील,हरिहर रोड, गर्ल्स स्कूल	श्री परसराम रजक
2	हरपालपुर	हरपालपुर सेकण्ड फीडर	05.09.2023	कृष्णा कालोन, राठ रोड, लहचूरा रोड, कपासमील हरपाल सिंह कालेज का एरिया, नीमांक रोड, दुर्गा,मंत्री कालोनी श्री देवेन्द्र पटेल, तोडी, काकुनपुरा रोड	श्री परसराम रजक
3	हरपालपुर	हरपालपुर थर्ड फीडर	08.09.2023	राजपूत कालोनी, पावर हाउस के पीछे का एरिया, और रानीपुरा	श्री परसराम रजक
4	हरपालपुर	कराठा फीडर	09.09.2023	कैमाहा, पपटुवा, कराठा, चिरवारी, जोरन और रानीपुरा	श्री अजुदीदी साहू
5	हरपालपुर	सरसेड फीडर	11.09.2023	बारबई, गलान, नाठपहरिया, मडोरी, लहरदा, सरसेड, पपरन, गुडो, काकुनपुर, कैथोकर	श्री रमेश श्रीवास
6	महेड	महेड	12.09.2023	अमा, महेड, भदरां, परंवा, बोदी	श्री अजुदीदी साहू
7	महेड	इमलिया	13.09.2023	इमलिया, मवैया, भडयापुरा,गणेली, देवाथा	श्री अजुदीदी साहू
8	अलीपुरा	अलीपुरा	14.09.2023	अलीपुरा, करतोल, बडगांव, टीला, पुतरिया, पचवारा	श्री लखन रिछारिया
9	अलीपुरा	कराठा	15.09.2023	धरमपुरा, कराठ, पहाडी, कुकरेल, अलीपुरा, खुशीपुरा	श्री सरमन साहू

नोटः- 1.असुविधा के लिए खेद हैं। 2. आवश्यकतानुसार उक्त कार्य की समयावधि बढ़ाई/घटाई जा सकती हैं। 3. विद्युत प्रदाय बंद होने पर अपनी शिकायत 1912 एवं स्थानीय शिकायत फोन नम्बर 07682245566, 07682245567 एवं मोबाइल नम्बर 9425613757 पर शिकायत दर्ज कराऐं एवं सुधार न होने पर क.अभि. श्री देवेन्द्र पटेल मोबाइल नम्बर 9617448867 । 4. विद्युत बिल का भुगतान समय पर करें। 5. विद्युत चोरी करना दण्डनीय अपराध हैं।

कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग, म.प्र. पू.क्षे. वि.वि. कं. लि. छतरपुर

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र वितरण कं. लि. रहली संभाग
कार्यालय का नाम कार्य पालन अभियंता (सं./सं) संभाग रहली
फोन नं. 07585292155 ई-मेल ee9554700@ymail.com
1912

बिजली आपूर्ति बंद रहने की सूचना

बिजली लाईनों का आवश्यक मेन्टेनेन्स कार्य करने के लिए निम्नानुसार क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति बंद रखी जाएगी।

आपूर्ति बंद रहने का दिनांक / दिन	समय	फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र	संबंधित अधिकारी का नाम	मोबाईल नंबर
06.09.2023	सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक	33 केव्ही. केसली से सहजपुर	सहजपुर, तेन्दुडाबर, अमोदा, नादिया, सरईवन, निवारी, मेहका, केरपानी,चौराडोंगरी, मुहली से संबंधित समस्त क्षेत्र	श्री संजय रघुवंशी सहायक अभियंता	9425613985
06.09.2023	सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक	33 केव्ही. केसली -1	33/11 केव्ही. उपकेन्द्र पटनाखुर्द एवं सहजपुर से संबंधित समस्त क्षेत्र	श्री संजय रघुवंशी सहायक अभियंता	9425613985
06.09.2023	सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक	33 केव्ही. गौरझामर से देवरी	33/11 केव्ही. उपकेन्द्र देवरी एवं जमुनियाचिखली से संबंधित समस्त क्षेत्र	श्री भगवानसींग गौंड सहायक अभियंता	9425929155
06.09.2023	सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक	33 केव्ही. गौरझामर से महाराजपुर	33/11 केव्ही. उपकेन्द्र महाराजपुर एवं रसेना से संबंधित समस्त क्षेत्र	श्री भगवानसींग गौंड सहायक अभियंता	9425929155
06.09.2023	सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक	34 केव्ही. छिरारी	छिरारी, रजवॉस, बमूराकुंज, तिखी, मुहली, कुटपुरा, बंदरचुआ से संबंधित समस्त क्षेत्र	श्री शैलेन्द्र चौबे कनिष्ठ अभियंता	9425613979
07.09.2023	सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक	33 केव्ही. केसली से टडा	टडा, दुधवारा, अर्जुनी, इदलपुर, खैरीकलॉ, गोगई, थावरी से संबंधित समस्त क्षेत्र	श्री संजय रघुवंशी सहायक अभियंता	9425613985
07.09.2023	सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक	33 केव्ही. केसली - 2	33/11 केव्ही. उपकेन्द्र केसली से संबंधित समस्त क्षेत्र	श्री संजय रघुवंशी सहायक अभियंता	9425613985
07.09.2023	सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक	33 केव्ही. डोंगर सलैया से देवरी	33/11 केव्ही. उपकेन्द्र देवरी एवं कोपराजैतपुर से सबंधित समस्त क्षेत्र	श्री भगवानसींग गौंड सहायक अभियंता	9425929155
07.09.2023	सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक	34 केव्ही. गढाकोटा से जूना	जूना, तिन्सी, निवार, बरखेरा, बगरोन से संबंधित समस्त क्षेत्र	श्री शैलेन्द्र चौबे कनिष्ठ अभियंता	9425613979
08.09.2023	सुबह 08.00 से 2.00 बजे तक	33 केव्ही. केसली बरकोटी से टडा	नन्हीदेवरी, नाहरमऊ, नवलपुर, मोहासा, टडा, दुधवारा, थावरी, मनकापुर, कोनिया, अर्जुनी, तुलसीपार से संबंधित समस्त क्षेत्र	श्री संजय रघुवंशी सहायक अभियंता	9425613985
08.09.2023	सुबह 08.00 से 2.00 बजे तक	11 केव्ही. पटनाखुर्द घरेलू एवं कृषि	पटनाखुर्द, बम्हनी, चिरई, रानीपुरा से संबंधित समस्त क्षेत्र	श्री आर.आर. कारपेंटर प्रभारी अधिकारी	9425613893
08.09.2023	सुबह 08.00 से 2.00 बजे तक	11 केव्ही. बिजौरा घरेलु एवं कृषि	11 केव्ही. बिजौरा से संबधित समस्त क्षेत्र	श्री सुनील अहिरवार कनिष्ठ अभियंता	9425613984
08.09.2023	सुबह 08.00 से 2.00 बजे तक	11 केव्ही. मानेगांव घरेलू एवं कृषि	मानेगांव, डुंगरिया, भानपुर, सागौनी से संबंधित समस्त क्षेत्र	श्री सुनील अहिरवार कनिष्ठ अभियंता	9425613984
08.09.2023	सुबह 08.00 से 2.00 बजे तक	33 केव्ही. पटना बुजुर्ग	पटना बुजुर्ग, ढिकुआ, रिछौड़ा, पट्टी बडगान, जामघाट, डोभी रमखिरिया, सहजपुरी, तालमपुर से संबंधित समस्त क्षेत्र	श्री शैलेन्द्र चौबे कनिष्ठ अभियंता	9425613979
09.09.2023	सुबह 08.00 से 2.00 बजे तक	11 केव्ही. तेन्दुडाबर घरेलू एवं कृषि	तेन्दुडाबर, अनघोरी, खैरी, मुडेरी से संबंधित समस्त क्षेत्र	श्रीआर.आर. कारपेंटर प्रभारी अधिकारी	9425613893
09.09.2023	सुबह 08.00 से 2.00 बजे तक	11 केव्ही. मेहका घरेलू एवं कृषि	मेहका, पिपरिया, नयानगर, सरदई से संबंधित समस्त क्षेत्र	श्री आर.आर. कारपेंटर प्रभारी अधिकारी	9425613893
09.09.2023	सुबह 08.00 से 2.00 बजे तक	11 केव्ही. सिमरिया घरेलू एवं कृषि	11 केव्ही. सिमरिया से संबंधित समस्त क्षेत्र	श्री सुनील अहिरवार कनिष्ठ अभियंता	9425613984
09.09.2023	सुबह 08.00 से 2.00 बजे तक	11 केव्ही. महाराजपुर मिक्स	बीना बारहा, चदौना, क्षीर, कांसखेडा, खैरीवीर, समनापुरसेठ से संबंधित समस्त क्षेत्र	श्री सुनील अहिरवार कनिष्ठ अभियंता	9425613984
09.09.2023	सुबह 08.00 से 2.00 बजे तक	11 केव्ही. ढिकुआ घरेलू 11 केव्ही. बडगान घरेलू	ढिकुआ, डोभी, पिपरिया, सॉवलखिरिया, जामघाट, पटना बुजुर्ग, पिपरिया, नरसिंह, बडगान, समनापुरकलॉ से संबंधित समस्त क्षेत्र	श्री शैलेन्द्र चौबे कनिष्ठ अभियंता	9425613979

नोटः- आवश्यकतानुसार उक्त समयावधि बढाई / घटाई जा सकती है।
'बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए 1912 डायल करें'
समय पर बिजली बिल जमा करें

कार्यपालन अभियंता (सं./ सं.)
म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. संभाग रहली

केन्द्रीय मंत्री ने एलिम्को की कृत्रिम अंग फिटिंग केन्द्र का किया भूमिपूजन

सहायक उत्पादन इकाई दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर : डॉ. कुमार

टीकमगढ़, देशबन्धु। केन्द्रीय मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार तथा टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने ग्राम पहाड़ी खुर्द तहसील टीकमगढ़ में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) की सहायक उत्पादन इकाई एवं कृत्रिम अंग फिटिंग केन्द्र का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही उन्होंने परियोजना कार्यालय का उद्घाटन भी किया। केन्द्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने सर्वप्रथम अतिथियों के साथ विधि विधान से पूजन कर भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) की सहायक उत्पादन इकाई एवं कृत्रिम अंग फिटिंग केन्द्र का भूमिपूजन किया। तत्पश्चात उन्होंने परियोजना कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर टीकमगढ़ विधायक राकेश गिरि गोस्वामी, अमित नुना, विवेक चतुर्वेदी, अनुराग वर्मा, श्रीमती विभा श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग भारत सरकार राजेश यादव, सीएमडी एलिम्को प्रवीण कुमार, एसडीएम टीकमगढ़ संजय दुबे, उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग आरके पस्तोर सहित संबंधित अधिकारी तथा स्थानीयजन उपस्थित रहे।

केन्द्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने संबोधित करते हुये कहा कि टीकमगढ़ में बनने वाली एलिम्को की सहायक उत्पादन इकाई

बुन्देलखंड क्षेत्र में अपनी तरह की पहली और एकमात्र उत्पादन यूनिट होगी जो आने वाले समय में क्षेत्र के दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि जिले में एलिम्को ईकाई लगभग 7 एकड़ क्षेत्र में 35 करोड़ रूपये से अधिक के अनुमानित बजट के साथ बनाई जा रही है। टीकमगढ़ में इस नयी सुविधा के बनने के बाद एलिम्को द्वारा सहायक उपकरणों का उत्पादन और वितरण का कार्य भी शुरू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि उपकरणों, उपकरणों के मूल्यांकन और कृत्रिम अंग प्रदान करने की सुविधा के लिये विशेषज्ञों के साथ एक ऑर्थोटिक और प्रोस्थेटिक सेंटर भी होगा। उत्पादन के अतिरिक्त आधुनिक कृत्रिम अंग फिटिंग सेंटर के माध्यम से दिव्यांगजनों को आधुनिक कृत्रिम अंग की सुविधा भी उपलब्ध हो पायेगी। यूनिट में व्हील चेयर, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, मैनुअल ट्राइसाइकिल, बैसाखी, श्रवण यंत्र जैसे सहायक उपकरणों और उपकरणों का पर्याप्त स्टॉक रखने के लिये एक गोदाम भी होगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि क्षेत्र में दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार तुरंत सेवा प्रदान की जा सके।

डॉ. कुमार ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार अंतर्गत कार्यरत एलिम्को उच्चकोटि के आधुनिक उपकरण व कृत्रिम अंग के निर्माण एवं वितरण का कार्य करते हुये अपने 50 वर्ष पूरे कर चुका है। उन्होंने कहा कि हमें एलिम्को की एक ईकाई की जरूरत बुन्देलखण्ड क्षेत्र के दिव्यांगजनों को लिये महसूस हुई। मध्य प्रदेश सरकार से हमारे मंत्रालय द्वारा टीकमगढ़ जिले में भूमि आवंटन के लिये सहयोग मांगा गया और मध्य प्रदेश द्वारा ग्राम पहाड़ी खुर्द में भूमि प्रदान की गई और हमने अविलंब एलिम्को की ईकाई के निर्माण के लिये एलिम्को के अधिकारियों को निर्देश दिये।

वर्तमान में एलिम्को अपने 5 सहायक उत्पादन केन्द्रों के माध्यम से पूरे देश के दिव्यांगजनों के लिये सहायक उपकरणों के निर्माण का कार्य कर रहा है। साथ ही क्षेत्र की स्थानीय जनता के लिये प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों द्वारा प्राप्त किये गये सहायक उपकरण में यदि किसी भी प्रकार की खराबी आती है तो उस समस्या के निवारण के लिये इकाई में एक पूरी तरह से सुसज्जित उपकरण सुधार सेवा केन्द्र भी बनाया जायेगा। साथ ही उपकरण प्रदान करने के बाद केन्द्र यह सुनिश्चित करेगा कि दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्राप्त होने के बाद किसी भी समस्या का सामना नहीं करने पड़े।

शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर सड़क पर उतरीं महिलाएं

- झांसी हाइवे मार्ग पर आधा घंटा लगा रहा जाम
- कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित आबकारी अधिकारी को दिया ज्ञापन

टीकमगढ़, देशबन्धु। झांसी हाइवे पर दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बम्होरी खास में कलारी के सामने मंगलवार की सुबह हरिजन बस्ती की महिलाओं ने जाम लगा दिया। हाइवे सड़क पर यह जाम तकरीबन आधा घंटा तक लगा रहा। जाम लगने से सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइनें लग गई, जिससे कई राहगीरों को भारी परेशानी हुई। बम्होरी में हाइवे सड़क किनारे हरिजन बस्ती में स्थित आबकारी शराब की दुकान को हटाने के लिए सैकड़ों महिलाओं द्वारा यह जाम लगाया गया था। सूचना मिलने पर दिगौड़ा थाना प्रभारी नीरज लोधी ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर जाम लगाने वाली महिलाओं को समझा बुझाकर आश्वासन दिया और हाइवे सड़क पर लगे हुए जाम को खुलवाया गया। पुलिस के आश्वासन के बाद महिलाएं कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई में पहुँची। जहां पर कलेक्टर कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, आबकारी अधिकारी सहित दिगौड़ा पुलिस थाने में आवेदन देकर ग्राम बम्होरी में हरिजन बस्ती में स्थित शासकीय आबकारी दुकान को हटाने की मांग की गई।

ग्राम बम्होरी निवासी अनीता, विनीता, बेनी बाई अहिरवार, रामदेवी, कस्तूरी बाई, भागवती, सुमन, क्रांति देवी सहित अन्य महिलाओं ने बताया कि ग्राम स्थित हरिजन बस्ती बम्होरी में झांसी हाईवे के किनारे शासकीय आबकारी दुकान स्थापित है, जिसके कारण इस दुकान पर शराबियों का जमावड़ा दिन भर लगा रहता है। हर समय झगड़े व विवाद होते रहते हैं, जिससे हरिजन बस्ती के निवासियों, महिलाओं, बच्चों व गांव वालों के ऊपर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। सुबह शाम यहां से महिलाएं सुरक्षित नहीं निकल पाती हैं। शराब की दुकान के सामने शराबियों के द्वारा सड़क पर शराब एवं बीयर की बोतलों को फोड़ दिया जाता है और शराबी शराब पीकर गाली गलौज करते हैं। महिलाओं ने हरिजन बस्ती से शराब की दुकान को हटाकर दूसरी जगह स्थापित करने की मांग शासन व प्रशासन से की है।

केटी मेमोरियल पब्लिक उमा विद्यालय में शिक्षक दिवस पर सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मानित

जीवन के अंधियारे का उजला दीपक है गुरुः सुरेंद्र त्रिपाठी

पलेरा, देशबन्धु। नगर के केटी मेमोरियल पब्लिक हायर सेकेंडरी विद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया गया। केटी मेमोरियल पब्लिक हायर सेकंडरी विद्यालय के संचालक सुरेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक हर व्यक्ति के जीवन का वह दीपक होता है, जो उसे अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के उजियारे तक ले जाने का काम करता है।

विद्यालय के संचालक सुरेंद्र त्रिपाठी ने उपस्थित विद्यालय के छात्र-छात्राओं को बताया कि हर साल 5 सितंबर भारत में भारत रत्न से सम्मानित देश के पहले उपराष्ट्रपति और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के मौके पर शिक्षक दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां शिक्षक को भगवान का दर्जा दिया जाता है। अपनी लगन और समर्पण से कई शिक्षकों ने छात्रों के भविष्य को नया आकार और दिशा दी है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुतियां दी।

इसके अलावा शिक्षक दिवस के अवसर पर संस्था के शिक्षकों एवं उपस्थित अतिथियों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। आयोजित कार्यक्रम में जेके जैन, बाबू खान, आनंद दुबे, भवानी प्रसाद रत्नाकर, केशवदास संज्ञा, नन्ना खरे, बीबीएल गुप्ता, कृष्णकांत त्रिपाठी, इंद्रपाल सिंह, भगवत खरे, संतोष रिछारिया, महेंद्र तिवारी, मानवेंद्र अहिरवार, आशुतोष खरे, महेंद्र सिंह, श्रीमती साधना त्रिपाठी, तनुप्रिया दुबे, किरण खरे, आयशा अंजुम, महक गुप्ता, आशी मोर, भावना गुप्ता, प्रियंका श्रीवास्तव, महेश गुप्ता एवं अन्य उपस्थित अतिथियों का सम्मान संस्था के संचालक सुरेंद्र त्रिपाठी के द्वारा किया गया।

नारगुड़ा के जंगल में जुआ खेलते हुए 4 युवक गिरफ्तार

टीकमगढ़, देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा अवैध हथियार, जुआ, सट्टा व अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या तथा एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात द्वारा दिनांक सोमवार 4 सितम्बर को मुखबिर से जुआ की सूचना मिलने पर से नारगुडा जंगल में चार युवकों को जुआ खेलते हुए पकड़ा गया है। पकड़े गए युवकों में रवि यादव पिता भोले यादव नया वस स्टैण्ड, इमरान पिता याकूब खान अनंतपुरा, विकाश पिता जुगल अहिरवार अंबेडकर चौराहा, नीरज यादव पिता नत्थू चकरा तिराहा नारगुडा जंगल मे जुआ खेलते हुए पाये गये। जुआरियों के कब्जे से 6800 रूपए नगद, 52 पत्ते ताश, 02 मोटर सायकिल एवं 04 मोबाईल फोन कुल मशरुका 86000 रुपए जप्त करने मे सफलता प्राप्त की। आरोपीगण के विरुद्ध अपराध क्रमांक 346/23 धारा 13 जुआ एक्ट का पंजीबद्ध किया गया है। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक मनीष कुमार, सहायक उप निरीक्षक रेवाराम, प्रधान आरक्षक अवधेश, आरक्षक अवनीश, अर्जुन, सूरज, एनआरएस मलखान, मनीष, सोनू की सराहनीय भूमिका रही है।

देशी कट्टा व कारतूस सहित पकड़ा गया युवक

टीकमगढ़। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा अवैध शस्त्र रखने वालों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या व एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना बम्हौरी कला पुलिस द्वारा मंगलवार 05 सितम्बर को अवैध रुप से जिंदा कारतूस भरा हुआ कट्टा लिये घूमते पाये जाने से ग्राम कंजना से आरोपी महेश अहिरवार पिता वंशी अहिरवार उम्र 35 साल निवासी ग्राम कंजना थाना बम्हौरी कला जिला टीकमगढ़ को विधिवत गिरफ्तार किया जाकर थाना पर अपराध धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया एवं आरोपी को जेआर पर माननीय न्यायालय जतारा मे पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बमोरीकला उप निरीक्षक रामसिया चौधरी, सहायक उप निरीक्षक एनडी कोदर, आरक्षक 350 कमल सिंह सेंगर, 549 संगम नायक, 587 राजीव मिश्रा की विशेष भूमिका रही।

बच्चों ने कविताओं के माध्यम से किया शिक्षकों का सम्मान

जिससे हम कुछ सीखते हैं वह हमारा गुरुः प्रधानाध्यापक

टीकमगढ़, देशबन्धु। शिक्षक दिवस के अवसर पर शासकीय माध्यमिक शाला नयाखेरा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाला के प्रधान अध्यापक बुद्ध सागर सिंह ने बच्चों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु सिर्फ वह नहीं जो हमें पढ़ाते हैं, हर वह व्यक्ति जिससे हम सीखते हैं वह हमारा गुरु है। शाला के शिक्षक विवेक खरे ने बताया कि समारोह में शाला के बच्चों द्वारा बड़े ही उत्साह पूर्वक समस्त शिक्षकों का सम्मान किया गया। शाला की छात्रा वैशाली विश्वकर्मा, आकांक्षा विश्वकर्मा, शिवि यादव, साहिल अहिरवार, शिवम यादव ने शिक्षक दिवस समारोह का संचालन एवं व्यवस्था की। बच्चों ने भी अपने अनुभव और विचार रखे। कविताओं के माध्यम से अपने स्कूल व शिक्षकों की खूबियों का बखान किया। इस अवसर पर शाला की शिक्षिका अनामिका शर्मा, प्रीति, रानी जैन, किशोर कुमार जैन, गीता चंदेरिया, पुष्पा चादर, माधुरी अवस्थी ने भी अपने-अपने विचार रखे। शाला की छात्रा रेशमा अहिरवार ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

शिक्षक दिवस पर सरोज कान्वेंट एवं शासकीय कन्या उमा विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

शिक्षकों से ज्ञान लेकर बनें आत्मनिर्भर : राकेश गिरी

टीकमगढ़। डॉ. राधाकृष्णन सर्वपल्ली जी की जन्म जंयती पर शहर में अनेकों स्कूलों में शिक्षक दिवस मनाया गया। शहर के सरोज कान्वेंट एवं शासकीय कन्या उमा विद्यालय में शिक्षक दिवस के उपलक्ष में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक राकेश गिरी, जन भागीदारी के अध्यक्ष प्रमोद खरे मौजूद। विधायक राकेश गिरी ने दीप प्रज्वलित कर एवं डॉक्टर राधाकृष्णन सर्वपल्ली जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके साथ ही सरोज कान्वेंट स्कूल के छात्राओं ने मंच पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इसके बाद विधायक राकेश गिरी ने सभी शिक्षकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके अलावा शासकीय कन्या उमा विद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया जहां विधायक राकेश गिरी ने कार्यक्रम में शामिल होकर सभी छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान विधायक राकेश गिरी ने सभी उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि आप जितना शिक्षकों से ज्ञान ले सके उतना आप शिक्षकों से ज्ञान ले और ज्ञान लेने के साथ ही सभी को अपना ज्ञान भी दें ताकि वह भी आगे अपने पथ पर बढ़ सके। इस अवसर पर जन भागीदारी के अध्यक्ष प्रमोद खरे, स्कूल के प्राचार्य सुनील श्रीवास्तव, सरोज कान्वेंट स्कूल संस्थापक दिनेश तिवारी सहित अनेक छात्राएं एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

अतिथि शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में किया जा रहा खिलवाड़

फूलपुर सरपंच ने संकुल केंद्र में दर्ज कराई शिकायत, कार्यवाई की मांग

पलेरा, देशबन्धु। संकुल केंद्र अंतर्गत आने वाले विद्यालय में रिक्त पड़े अतिथि शिक्षक पदों की भर्ती मनमाने तरीके से की जा रही है। ग्राम पंचायत फूलपुर सरपंच रामस्वरूप यादव ने भटगौरा गांव के विद्यालय में मनमाने तरीके से की गई अतिथि शिक्षक भर्ती प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए संकुल केंद्र में शिकायत दर्ज कराई है। सरपंच ने बताया कि भटगौरा गांव के विद्यालय में शिक्षक के द्वारा मनमाने तरीके से अतिथि शिक्षक पद की भर्ती की गई है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में नियम कानून को ताक पर रखकर भटगोरा विद्यालय में की गई अतिथि शिक्षक की नियुक्ति पूर्णता फर्जी है। उन्होंने कहा कि अतिथि शिक्षक नियुक्ति मेरिट के आधार पर की जाना चाहिए थी, जिसमें एसएमसी की बैठक करते हुए प्रस्ताव पारित होना था। सरपंच ने बताया कि विद्यालय में एसएमसी की बैठक ही नहीं हुई है, एसएमसी अध्यक्ष पिछले दो महीने से गांव से बाहर है। उन्होंने बताया कि भर्ती प्रक्रिया में किए गए हेरफेर के संबंध में एक ऑडियो भी वायरल हुआ है। जिसकी जांच कर इस पूरे मामले में अतिथि शिक्षक भर्ती प्रक्रिया निरस्त करते हुए सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। संकुल प्राचार्य महेश रावत के द्वारा ग्राम सरपंच को मामले की जांच करते हुए कार्यवाही किए जाने की बात की गई है।

महेंद्र सागर तालाब में उतराता मिला गुमशुदा युवक फारुख का शव

टीकमगढ़। शहर के महेंद्र सागर तालाब स्थित महादेव घाट के पास मंगलवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव दिखाई दिया। मॉर्निंग वॉक के लिए निकले लोगों ने तालाब में शव देखा और तत्काल कोतवाली पुलिस को सूचना दी। जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने अज्ञात व्यक्ति के शव को बाहर निकाला। उसके बाद उसकी पहचान के लिए पूछताछ शुरू की गई। कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि पूछताछ के दौरान युवक की पहचान 26-27 वर्षीय फारुख खां निवासी मोटे का मोहल्ला के तौर पर हुई है। पुलिस ने बताया कि 2 दिन पहले युवक के परिजनों ने उसकी गुमशुदा होने की शिकायत कोतवाली में दर्ज कराई थी। पुलिस बीते दो दिनों से उसकी तलाश में जुटी थी। आज उसका शव तालाब में पड़े होने की सूचना मिली। युवक की पहचान हो जाने के बाद पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि युवक की पहचान उसके मामा और भाई ने की है। फिलहाल मौत के कारणों का पता नहीं चला है।

हड़ताली पटवारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को वितरित किए फल

पलेरा, देशबन्धु। अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए पटवारियों ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर भर्ती किए गए मरीजों को फल वितरित किए। बताया गया है कि अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए पलेरा तहसील संघ के समस्त पटवारी कर्मचारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर भर्ती किए गए मरीजों से मुलाकात करते हुए उनके जल्द ही स्वस्थ होने की कामना भगवान से की। उपस्थित मरीजों को सभी कर्मचारियों के द्वारा फल वितरित किए गए। इस मौके पर पटवारी लक्ष्मी प्रसाद राजपूत, रामचरण अहिरवार, रामनारायण खटीक, किशनलाल गोंड, ऋषभ साहू, दीपक मिश्रा, सुनील अहिरवार, अमित गुप्ता, अवधेश दुबे, राकेश कुशवाहा, सौरभ तिवारी, नरेंद्र पटेल, गोविंद यादव, बृजेंद्र खरे, राहुल सेन, महेंद्र प्रजापति, मुकुल चंदेल, हरीराम गोंड के नाम शामिल है।

जन्म दिवस पर सरपंच प्रतिनिधि ने बच्चों और बुजुर्गों को पहनाई चप्पल

पलेरा, देशबन्धु। ग्राम पंचायत खजरी के समाजसेवी एवं सरपंच प्रतिनिधि अंशुल तिवारी ने अपने जन्मदिन पर गांव के स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को चप्पल एवं जूते बांटे। प्राइमरी स्कूल और मिडिल स्कूल के बच्चों को उन्होंने जूते दिए। इसके अलावा बुजुर्ग परिवार के घर जाकर चप्पल पहनाई। अंशुल ने कहा कि अगर हम मिल जुलकर शिक्षा के इन मंदिरों और शिक्षा प्राप्त करने वाले गरीब परिवार के बच्चों को अडॉप्ट कर लें तो हम स्कूलों की दशा और गरीब बच्चों का भविष्य बना सकते हैं। लायंस क्लबों व सामाजिक संगठनों को इस ओर विशेष ध्यान केंद्रित करना चाहिए ताकि इन बच्चों और देश के भविष्य को उज्जवल बना सकें।

सार समाचार

जनसुनवाई में 105 आवेदन आये

दमोह देशबन्धु। कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शहर एवं दूरस्थ अंचलों से जनसुनवाई में आवेदको की समस्याए एवं बाते सुनी। उन्होंने आवेदनों का मौके पर समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मीना मसराम सहित विभाग प्रमुखों ने सहभागिता निभाई। आज जनसुनवाई में 105 आवेदन आये।

लवकुश जयंतीः निकाली शोभायात्रा

दमोह देशबन्धु। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जिला कुशवाहा समाज एवं युवा कुशवाहा समाज संगठन द्वारा लवकुश जयंती का आयोजन 4 सितम्बर 2023 को किया गया। मुस्की बाबा धाम से चल समारोह तीन गुल्ली, स्टेशन चौराहा, घंटाघर होते हुए मासन भवन अस्पताल चौराहे पर समापन किया गया। समारोह का मुख्य आर्कषण भगवान लवकुश की झाकी रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बाबूलाल कुशवाहा जन अधिकार पार्टी यूपी के रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कुशवाहा समाज संगठन के अध्यक्ष बी.डी. मासाब हटा, विशिष्ट अतिथि युवा नेता सिद्धार्थ मलैया, कार्यकारी अध्यक्ष मकुंदी कुशवाहा, उमाशंकर पार्षद, सरंक्षक ईश्वरदास कुशवाहा, पूर्व अध्यक्ष सरपंच गोविंद राम कुशवाहा ग्वारी, रहें। मंच संचालन गोपाल, राजेश पटैल द्वारा किया गया एवं आभार अध्यक्ष राघवेन्द्र कुशवाहा, सचिव, खेमचंद कुशवाहा ने माना। कार्यक्रम में अर्जुन,लीलाधर खैरी, प्रताप के अलावा बडी संख्या में लोगो की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में राघवेन्द्र कुशवाहा एवं खेमचंद कुशवाहा का विशेष योगदान रहा।

लोक अदालत का आयोजन 9 को

दमोह देशबन्धु। म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष रेणुका कंचन के निर्देशन एवं जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बुज पाण्डेय के मार्गदर्शन में 09 सितम्बर 2023 दिन शनिवार को जिला न्यायालय दमोह व तहसील न्यायालय हटा, पथरिया, तेंदूखेड़ा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। जिसमें न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य दांडिक, सिविल, चौक बाउंस, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक, विद्युत प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। साथ ही बैंक, विद्युत एवं नगर पालिका के प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का आपसी सहमति एवं राजीनामा के आधार पर निराकरण किया जायेगा।

एक ओर मन रहा शिक्षक दिवस, दूसरी ओर शिक्षक पर लग रहे अनियमितता का आरोप

अतिथि शिक्षक भर्ती में प्रधानाध्यापक पर चहेतों की नियुक्ति का आरोप

दमोह देशबन्धु। एक ओर जहां जिले सहित पूरे देश में शिक्षकों की कार्यपरायणता पर लोग उनका सम्मान करते हुए शिक्षक दिवस मना रहे हैं वहीं दूसरी ओर जिले का शिक्षा विभाग अतिथि शिक्षक नियुक्ति में अपने चहेतों को फायदा पहुंचाने के लिए नियम विरुद्ध और अनियमितता के आरोपों के चलते एक बार फिर सुर्खियों में है।

ताजे मामले में बांदकपुर संकुल केंद्र के कन्या शाला के प्रधानाध्यापक पर अतिथि शिक्षक नियुक्ति मामले में किसी भी अभ्यर्थी को फॉर्म जमा करते समय अनियमितता किये जाने का आरोप लगने का मामला सामने आया है जिसकी शिकायत अभ्यार्थियों द्वारा सीएम हेल्पलाइन में भी की गई।

अभ्यर्थी ने लगाये अनियमितता के आरोप

एक अभ्यर्थी सौरभ दुबे के अनुसार अतिथि शिक्षक भर्ती के दौरान आये आवेदन पत्रों पर स्कूल के प्रधानाध्यापक ने सुनियोजित तरीके से फ्रॉड किया और किसी भी अभ्यर्थी को आवेदन पत्र की मौके पर पावती नहीं दी गयी। जिन्होंने पावती मांगी उनसे विवाद तक होने का आरोप लग रहा है। इसके वाद अपने चहेते को नियुक्त करने के षड्यंत्र के तहत चहेते से अधिक नंबर स्कोर कार्ड वाले अभ्यर्थी का आवेदन पत्र नियत तारीख के वाद आया दिखा दिया गया और उसका नाम पैनल से ही अलग कर दिया गया एवं उसके फार्म में जमा करने की तारीख 15

जुलाई की जगह 1 अगस्त कर दी।

अभ्यर्थी सौरभ दुबे ने आरोप लगाते हुए बताया कि जब वह नियत तारीख 30 जुलाई के पहले 15 जुलाई को फार्म जमा करने पहुंचा तो स्कूल के प्रधान अध्यापक ने सबसे अधिक स्कोरकार्ड देखकर मुझे यह कहते हुए फार्म लौटा दिया कि तुम दूसरा फॉर्म लेकर आओ जिसमें जमा करने की दिनांक नहीं डालना। अभ्यर्थी सौरभ दुबे ने ऐसा ही किया और दूसरा फॉर्म जमा कर दिया। इसके वाद कलम का दुरुपयोग करते हुए स्कूल के प्रधानाध्यापक ने आवेदन पत्र में तारीख 1 अगस्त बनाकर रिजेक्ट कर दिया। अभ्यर्थी फार्म की जांच हैण्ड राइटिंग स्पेशलिस्ट से करने की बात कह रहा है एवं न्याय के लिए शिक्षा विभाग में एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय के चक्कर लगा रहा है जिम्मेदार अधिकारी अपने विभाग कर्मचारी को बचाने में लगे हुए हैं।

प्रधान अध्यापक ने खारिज किए आरोपः जब संबंध में प्रधान अध्यापक गुप्ता से चर्चा की तो उन्होंने अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपी खारिज करते हुए बताया कि अभ्यर्थी द्वारा विलंब से फार्म जमा किया गया था उनका तो यह तक कहना था कि अभ्यर्थी ने फार्म जमा नहीं किया वह टेबल पर रखकर चला गया था ऐसे में सवाल यह उठता है कि फार्म जमा करने का कोई व्यवस्थित मानदंड तय किए गए थे अथवा नहीं। अन्य अभ्यर्थी द्वारा भी प्रधानाध्यापक गुप्ता पर यही आरोप लगाया गया है कि उन्होंने कोई भी फार्म जमा करने की पावती नहीं दी। इस संबंध में उसके द्वारा सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज की गई जो कि अभी लंबित है।

एकलव्य विश्वविद्यालय में मनाया शिक्षक दिवस

दमोह देशबन्धु। एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शिक्षक दिवस मनाया गया। एकलव्य विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया, प्रति कुलाधिपति पूजा मलैया एवं रति मलैया के नेतृत्व में कुलपति प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार जैन, कुलसचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार जैन, कुलसचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा के साथ ही मुख्य परीक्षा नियंत्रक डॉ. प्रकाश खम्परिया, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शैलेंद्र जैन, अधिष्ठाता अकादमिक डॉ. अर्चना पाठक, आएक्यूएसी निर्देशक डॉ. पर्ली जैकब, समस्त संकायों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकों के साथ ही विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। शिक्षक दिवस के अवसर पर एकलव्य नृत्य नाटिका के साथ ही अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें सतेंद्र यादव, आशीष अथे, अनुज सिंह, राज सिंह आदि विद्यार्थियों में अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सांस्कृतिक कार्यक्रम समन्वयक डॉ. स्वाति गौर, डॉ. वैभव कैथवास एवं डॉ. प्रकाश मिश्रा के साथ ही सुश्री यामिनी गेडाम, तपन कुमार साहू, रीतेश विश्वकर्मा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हृदय नारायण तिवारी ने किया।

उद्यमी कौशल विकास की कार्यशालाएं संपन्न

दमोह देशबन्धु। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देव डोगरा में नीता चौरसिया की मुख्य आतिथ्य में चार उद्यमियों के सम्मान के साथ उपस्थित संख्या 310 रही। शासकीय हाई स्कूल कुडई में एस.के जैन एवं एम.एल. नामदेव की मुख्य अतिथि में कार्यशाला संपन्न हुई। तीन उद्यमियों के सम्मान के साथ उपस्थित संख्या 210 रही। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोजना मैं एसके सोनी व राहुल व्यास के मुख्य आतिथ्य में कार्यशाला संपन्न हुई। दो उद्यमियों के सम्मान के साथ उपस्थित संख्या 360 रही। इस अवसर पर स्वावलंबी भारत अभियान के जिला समन्वयक ने छात्र छात्राओं को बताया कि पढ़ते-पढ़ते हम कैसे अपने स्वरोजगार में स्थापित हो सकते हैं, वह सरकार की योजनाओं का कैसे लाभ प्राप्त कर सकते हैं, स्थानीय स्वदेशी उद्यमिता सहकारिता पर विस्तार से चर्चा की।

उत्कृष्ट विद्यालय के छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

दमोह देशबन्धु। जिला मुख्य निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल के निर्देनानुशार एवं जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा के मार्गदर्शन शिक्षक दिवस के अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह के विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का प्रारंभ उत्कृष्ट विद्यालय से प्राचार्य एस. एल. अहिरवाल एवं वरिष्ठ व्याख्याता आर. पी. पटेल ने हरी झंडी देकर किया। मतदाता जागरूकता रैली शहर के प्रमुख मुख्य मार्गो से होते हुए अंबेडकर चौक, कोतवाली चौक से होते हुए उत्कृष्ट विद्यालय में समापन किया गया। छात्रों द्वारा रैली के दौरान मतदाताओं को जागरूक करने हेतु नारे लगाए गए साथ ही मतदान के महत्व को बताया। ज्ञात हो कि प्रदेश में प्रशासन द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी की जा रही है,एवम निर्वाचन आयोग द्वारा अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी छात्र छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने के निर्देश दिए गए है।आज की रैली में छात्रों के साथ विद्यालय के सभी शिक्षकों ने बडचड़कर हिस्सा लिया।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

दमोह देशबन्धु। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुड़िया में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत शाला के छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा साईकिल रैली का आयोजन किया गया। जिसमें साईकिल रैली शाला से प्रारंभ होकर गांव की विभिन्न गलियों में पहुंची तो गांव की गलियां मतदाता जागरूकता के नारों से गूंज उठी। जिससे गांव के मतदाता भाई-बहन भी बाहर आकर रैली को देखने लगे और सभी को मतदान करने के लिए छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा प्रेरित किया गया। इसके पश्चात .रैली वापस शाला में पहुंची और उसके बाद रंगोली प्रतियोगिता .और पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें बहुत सारे बच्चों द्वारा बाढ़ चढ के हिस्सा लिया गया और बहुत ही सुंदर-सुंदर रंगोली एवं पोस्टर छात्रों द्वारा बनाए गए । तत्पश्चात कार्यक्रम के समापन पर सभी बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया । साईकिल रैली एवं रंगोली प्रतियोगिता का सफल संचालन शिक्षक एवं मास्टर ट्रेनर इलेक्शन जयकुमार जैन एवं रूपचंद पटेल द्वारा किया गया ।

देवरान हत्याकांड मामले में कार्रवाई को लेकर ज्ञापन सौंपा

दमोह देशबन्धु। देवरान हत्याकांड के आरोपियों के परिजनों द्वारा फिर महेश अहिरवार एवं उनके बच्चों के ऊपर हमला किया गया। घटना की गई सूचना मिलते ही भीम आर्मी जिले की टीम परिजनों की सहायता के लिए पहुंची। लेकिन 1 घंटे बाद पुलिस 100 गाड़ी पहुंची इसी संबंध में का ज्ञापन दिया। पीड़ित परिवार की मांगे की जो 21 दिन का अनिश्चितकालीन धरने के बाद प्रशासन द्वारा हमें झूठा आश्वासन दिया गया था की आपको आवास योजना के अंतर्गत तीन प्लांट आवंटन की जाएंगे, एक शासकीय नौकरी, करोड़ की आर्थिक सहायता राशि की मांग की गई थी वह भी आज तक नहीं मिली। भीम आर्मी जिला अध्यक्ष नवीन बौद्ध ने कहा की दमोह के ग्राम देवरान में पीड़ित परिवार 4 एक की गार्ड लगी हुई थी पुलिस प्रशासन द्वारा उसे भी एक महीने पहले हटा लिया गया जब से ही अपराधियों के परिजनों द्वारा धमकी दी जा रहे हैं दमोह एसपी को इसकी जानकारी देने के बाद भी गार्ड नहीं लगाई गई एवं नवीन बौद्ध जिसने जिले की तमाम घटनाओं एवं निजी मुद्दों को लेकर 120 से ज्यादा ज्ञापन कलेक्ट के लिए सौंप दिए हैं लेकिन एक पर भी कोई कार्यवाही नहीं की गई नवीन बौद्ध ने कहा अगर दमोह प्रशासन द्वारा अगर इन सभी ज्ञापनों पर कार्रवाई नहीं की जाती तो फिर कलेक्टर ऑफिस के सामने मैं अपना आत्म दहन करूंगा क्योंकि जब हम अपनी समाज को न्याय नहीं दिला पा रहे तो फिर हमारा जीना व्यर्थ है इस ज्ञापन में आजाद समाज पार्टी जिला अध्यक्ष गगन बौद्ध, विधानसभा अध्यक्ष राहुल अहिरवार जी जिला उपाध्यक्ष नितिन बौद्ध जिला कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार अहिरवार रत्नेश अहिरवार धर्मेंद्र अहिरवार सूरज अहिरवार महेश अहिरवार नारायण अहिरवार राजेंद्र अहिरवार विजय अहिरवार विपिन सुनील एवं अधिक संख्या में कार्यकर्ता एवं परिजन मौजूद रहे।

कांग्रेस ने धरना देकर किया पुतला दहन

दमोह देशबन्धु। कांग्रेस अनुसूचित विभाग के जिला अध्यक्ष अजय जाटव के नेतृत्व में स्थानीय अम्बेडकर चौक पर दलितों पर हो रहे अत्याचार एवं खुरई में दलित परिवार की हत्या एवं मृतक की मां का निवस्त्र करने की घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन किया एंव मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री का पुतला दहन कर परिवार को शीघ्र न्याय मिले। मृतक के परिवार को 1 करोड़ का मुआवजा एवं 1 सदस्य को शासकीय नौकरी की मांग की गई। भाजपा के शासन द्वारा की जा रही दलित विरोध घटना को लेकर कांग्रेस ने रोष जताया। इस अवसर अनुसूचित विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश रोहितास पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बसंत कुशवाहा, अल्पसंख्यक कांग्रेस के शहर अध्यक्ष समीम कुरैशी, किसान कांग्रेस के अध्यक्ष पप्पू कुशवाहा महामत्री पवन गुप्ता, के.के. अग्रवाल, शानु जुनेजा, चिश्ती भाई, आईटी सेल के अरूण दुबे, राहुल जैन, अनुजाति विभाग के उपाध्यक्ष पप्पू खटीक सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं के द्वारा धरना में भाग लिया गया एवं विरोध प्रदर्शन किया गया।

हायर सेकेंडरी स्कूल मड़ियादो के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर दिया संदेश

दमोह देशबन्धु। स्वीप अभियान के तहत हायर सेकेंडरी स्कूल मड़ियादो के विद्यार्थियों के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में शामिल विद्यार्थियों ने लोगों से मतदान करने की अपील की और जनजागरूकता का सन्देश दिया। हाथों में तख्तियां लेकर छात्र-छात्राओं ने इंदिरा कॉलोनी से मुख्य मार्गो पर भ्रमण कर मतदान करने का आग्रह किया। इस दौरान स्कूल प्रबंधन से ओ.एस. राजपूत, ममता छिरोलया, सुरेशचंद्र मिश्रा, श्रीराम यादव, हरीश राव आदि की उपस्थिति रही।

शिक्षक दिवस पर जबेरा विधायक ने सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया सम्मान

दमोह/नोहटा देशबन्धु। जबेरा विधानसभा से विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया। जिसमें जनपद तेंदूखेड़ा और जबेरा में पहुंचकर सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों और कर्मचारियों का सम्मान किया, विधायक धर्मेंद्र सिंह ने कहा की सेवानिवृत्त शिक्षक एंव कर्मचारी जनों को सम्मानित करने का अवसर प्राप्त हुआ है। चूकि मेरे परम पूज्य पिता शिक्षक रहें और उनका आशीर्वाद और मार्गदर्शन मुझे सदैव गुरु के रूप मे प्राप्त हुआ। शिक्षक दिवस के अवसर पर आप सभी सेवा निवृत्त शिक्षक एवं सेवा निवृत्त कर्मचारी का सम्मान करने का अवसर प्राप्त हुआ है।

नवीन प्राथमिक शाला सीएम राइज कैंपस 2 पथरिया में शिक्षक दिवस मनाया

दमोह/पथरिया देशबन्धु। शासकीय नवीन प्राथमिक विद्यालय पथरिया में देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद को सुशोभित करने वाले सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन जी का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सविता काछी के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। सर्वप्रथम डॉक्टर सर्वपल्ली जी के चित्र पर तिलक लगाकर एवं पुष्प माला आदि से सम्मानित किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि का सम्मान शाला परिवार द्वारा किया। अतिथि द्वारा संस्था में कार्यरत उपस्थित सभी शिक्षक गणों का सम्मान कलम, पुष्प माला व श्री फल देकर सम्मानित किया बाद में सभी छात्रों को विशेष भोज पुरी सब्जी खीर आदि आभार संस्था प्रमुख कुंजी लाल पाली द्वारा व कार्यक्रम संचालन अजय कोरी ने किया उक्त कार्यक्रम में संस्था के सभी शिक्षक गण सुदेश नायक, विनोद भारती, लक्ष्मण सिंह, कुसुम खटीक आदि व छात्रों की भागीदारी रही।

विनोद राय ने किया शिक्षको का सम्मान

दमोह/नोहटा देशबन्धु। शिक्षक दिवस के अवसर पर जनपद अध्यक्ष जबेरा भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनोद राय ने बम्होरी मानगढ़, बिजौरा खमरिया, तेजगढ़, हिनोती पुतलीघाट, झलोन,ससना सर्रा के शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलो में जाकर शिक्षकों का सम्मान किया।

सहायक यंत्री तेंदूखेड़ा को जनपद पंचायत पथरिया सीईओं का प्रभार सौंपा

दमोह/पथरिया देशबन्धु। विगत डेढ़ वर्ष से जनपद पंचायत पथरिया में सीईओं की पदस्थापना नही हो पा रही है जिसके अभी तक जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा सीईओं मनीष बागरी को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया जो करीब डेढ़ वर्ष तक रहा वही चुनावी साल होने के बाद लगा कि पंचायत विभाग द्वारा तबादला सूची में शायद जनपद पंचायत पथरिया में किसी की पदस्थापना हो जाए पर नही हो पाई वही जिला पंचायत द्वारा विगत दिवस आदेश जारी किया गया जिसमें जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा के सहायक यंत्री महेंद्र कुमार गुप्ता को प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पथरिया का प्रभार सौंपा गया है।

गुरुजनों का सम्मान करना मेरा राज धर्म, जब तक मैं जीवित हूं, क्षेत्र के गुरुओं का सम्मान होता रहेगा: गोपाल भार्गव

5000 से अधिक शिक्षकों का हुआ सम्मान

सागर, देशबन्धु। मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा कि गुरुजनों का सम्मान करना मेरा राज धर्म है, जब तक मैं जीवित हूं, रहली विधानसभा क्षेत्र के समस्त गुरुजनों का सम्मान होता रहेगा। आज मैं समस्त गुरुजनों का सम्मानित कर अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। गोपाल भार्गव शिक्षक दिवस के अवसर पर रहली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री भार्गव ने कहा कि अगले शिक्षक दिवस पर रहली विधानसभा क्षेत्र के अध्यनरत छात्राओं के मेधावी आने पर उनको भी सम्मानित किया जाएगा। समस्त गुरुजन अपने पूर्ण मनोयोग एवं ज्ञान से रहली विधानसभा क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को अपना ज्ञान देकर उनका उज्जवल भविष्य बनाएं। कोई भी शिक्षक किसी भी प्रकार की समस्या से चिंतित न रहे। मैं उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए 24 घंटे उपलब्ध हूं। शिक्षक सम्मान समारोह के प्रभारी अभिषेक भार्गव दीपू ने कहा कि आज मैं इतना बड़ा शिक्षक सम्मान कार्यक्रम देखकर गौरवान्वित हूं कि एक ही छत के नीचे 5000 से अधिक समस्त शिक्षकों को सम्मानित किया जा रहा है। आज सभी शिक्षक यह संकल्प लें कि हमें केवल शैक्षणिक कार्य कराकर अपनी संस्था के साथ-साथ रहली विधानसभा क्षेत्र का नाम रोशन करना है।

इस अवसर पर राजेंद्र जारोलिया, पीएल पटेल, आरआर रावत, देवराज सोनी, जिला पंचायत सीओ पीसी शर्मा, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, जिला परियोजना समन्वयक गिरीश मिश्रा, अभय श्रीवास्तव सहित गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

शिक्षक केवल पढ़ाते ही नहीं हैं, बल्कि अच्छे और बुरे के बीच का फर्क भी बताते है: गोविंद सिंह

सागर, देशबन्धु। शिक्षक दिवस पर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सुरखी विधानसभा क्षेत्र के सेवानिवृत्त सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया। समारोह में बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। इस अवसर पर मंत्री राजपूत ने गुरूजनों पर पुष्पवर्षा भी की। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री राजपूत ने कहा कि आज हमारे पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन है। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा था कि पूरी दुनिया एक विद्यालय है, जहां हम कुछ न कुछ नया सीखते हैं। हमारे शिक्षक हमें केवल पढ़ाते ही नहीं हैं, बल्कि हमें अच्छे और बुरे के बीच का फर्क भी बताते हैं। जिस तरह से हमारे माता-पिता ही हमारे भगवान होते हैं, उसी प्रकार से हमारे गुरु में भी ईश्वर का वास होता है। सुरखी विधानसभा में 2 सीएम राइज स्कूल खुलवाएं हैं, आने वाले समय में इस क्षेत्र में 4 नए सीएम राइज और 2 पीएम श्री स्कूल खुलें जाएंगे। इससे शिक्षा का स्तर तो बढ़ेगा ही, साथ ही इन स्कूलों में गरीबों के बच्चे भी पढ़ सकेंगे। स्वागत भाषण देते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि एक शिक्षक और शिष्य के बीच में शिक्षा और ज्ञान का संबंध होता है। शिक्षकों का सम्मान आदिकाल से रहा है। उन्होंने त्रेतायुग में गुरू वशिष्ट, द्वापर में गुरू द्रोणाचार्य के उदाहरण दिए। गोस्वामी तुलसीदास का जिक्र करते हुए उन्होंने चौपाई सुनाई और कहा कि तुलसीदास ने रामचरित मानस की शुरूआत गुरू की चौपाई से की है। आपके सभी के पास ज्ञान रूपी खजाना है, आप जहां भी रहेंगे पूजे जाएंगे। कार्यक्रम को संयुक्त संचालक शिक्षा डॉ. मनीष वर्मा, डॉ. महेंद्र प्रताप तिवारी, जिला पंचायत सीईओ पीसी शर्मा, भाजपा नेता सुखदेव मिश्रा आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, डीपीसी गिरीश मिश्रा, अभय श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

सार-समाचार

राज्य स्तरीय सागर गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मैच सागर रोज क्लब ने जीता

सागर, देशबन्धु। खेल परिसर हॉकी मैदान पर खेले जा रहे राज्य स्तरीय सागर गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मैच भोपाल हॉकी टीम एवं सागर रोज क्लब हॉकी टीम के मध्य खेला गयादोनों टीम में पूरे समय में बराबर रही इसका निर्णय पेनल्टी स्ट्रोक द्वारा कराया गया जिसमें रोज क्लब सागर ने भोपाल हॉकी टीम के खिलाफ 3-2 से जीतारोज क्लब सागर विजय रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवरी क्षेत्र के पूर्व विधायक सुनील जैन, अंकलेश्वर दुबे, प्रशांत समैया, जित्तू खटीक पार्षद मकरोनिया, गोपी यादव, राजू श्रीवास्तव, हाजी नईम खान, अजीम खान उपस्थित रहे।

हलवाई केटर्स एवं वेटर समिति की बैठक सम्पन्न

सागर, देशबन्धु। मंगलवार को सागर हलवाई केटर्स एवं वेटर समिति की बैठक श्री बालाजी मंदिर में संपन्न हुई। समिति के सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रात्रि 11 बजे तक ही सभी केटर्स भोजन प्रदाय करेंगे। श्री गणेश विर्सजन एवं दशहरा पर्व पर सभी सदस्यों द्वारा प्रसाद एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया जायेगा। जनता के समर्थन की कामना करते हुए होर्डिंग लगाने एवं रात्रि 11 बजे तक ही सभी कार्यक्रम समाप्त करने का निवेदन किया जायेगा। अगली मीटिंग में सभी सदस्य अपनी समस्या लिखित में लेकर आए। यूनियन में आय के साधनों पर चर्चा करना होगी। पहलवान बब्बा मंदिर में अगली मीटिंग 12 सितम्बर को दोपहर 12 बजे से होगी एवं पदाधिकारियों का चयन होगा। इस अवसर पर अरविन्द्र मिश्रा, राजकिशोर, विजय नेमा, फूल सिंह, गुड्डू साहू, राममिलिन ठाकुर, मुन्ना यादव, रीतेश तिवारी एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

आकाश मछंदर बने युवा समिति अध्यक्ष

सागर, देशबन्धु। शास्त्री वार्ड में जय मां हरसिद्धि मां ललिता धाम युवा समिति की बैठक धाम परिसर में आयोजित हुई। जिसमें इस वर्ष गणेश उत्सव का 9 वां वर्ष बड़े ही हर्ष और उल्हास के साथ मनाने पर विचार हुआ। सर्व सहमति से जय मां हरसिद्धि मां ललिता धाम युवा समिति के अध्यक्ष के रूप में आकाश मछंदर का निर्वाचन हुआ। नवनिर्वाचित अध्यक्ष आकाश मछंदर ने बताया कि इस वर्ष समिति द्वारा आयोजित गणेश उत्सव में चंद्रयान 3 की झांकी का मनोरम दृश्य झांकी पंडाल में दर्शाया जाएगा एवं विभिन्न प्रकार के संस्कृतिक कार्यक्रम निरंतर 9 दिनों तक बप्पा की सेवा के साथ-साथ चलेंगे बैठक का संचालन युवा समिति संयोजक अंकित सनकत ने किया।

तुम्हें हर कदम खुद ही संभलना होगा: प्रो. राजपूत

सागर, देशबन्धु। डॉ हरीसिंह गौर विवि के मानविकी एवं समाज विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत ने शिक्षक दिवस के अवसर पर सबको शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी के व्यक्तित्व में एक शिक्षिक और एक विद्यार्थी निवास करते हैं। इसीलिए हमको खुद हो संभलना होगा और खुद ही अपना शिक्षक भी बनना होगा। प्रो. राजपूत ने शिक्षक की गरिमा को प्रकाशित करते हुए विद्यार्थी के नाम एक संदेश दिया। शिक्षक.. एक शिक्षक का सन्देश एक विद्यार्थी के नाम सीखने और जीवन जीने की राह में तुम खुद के शिक्षक बनो खुद पर भरोसा रखो भ्रम और अतिविश्वास के अंधकार से बचकर रहो, जमाना कितना खुदगर्ज़ है, ये कह पाना आसान नहीं तुम्हें हर कदम पर खुद ही संभालना होगा कठिन परिश्रम करो और पढ़ाई करो भविष्य उज्जवल बनाओ।

बेटा-बेटी के साथ कुएं में कूदी मां

सागर, देशबन्धु। कैंट थाना क्षेत्र के भगवानगंज इलाके में घर के पीछे बने कुएं में मां ने अपने बेटे और बेटी के साथ कूदकर जान दे दी। सुसाइड के पीछे पारिवारिक विवाद वजह बताया जा रहा है। वारदात सामने आते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कुएं से बाहर निकलवाया। पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां पीएम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिए गए हैं। मामले में कैंट थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार सोमवार रात करीब 10 बजे भगवानगंज के तुलसी नगर वार्ड में जनता कोल्ड स्टोरेज के पीछे बने कुएं में दो बच्चों के साथ महिला के कूदने की सूचना मिली थी। खबर मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से कुएं में महिला और बच्चों की सर्चिंग शुरू कराई। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद महिला और दो बच्चों के शव कुएं से बाहर निकाले गए। जांच के दौरान मृतकों की पहचान तुलसी नगर वार्ड निवासी दीपक पटेल की पत्नी हेमलता पटेल उम्र 30 साल, उसकी बेटी स्नेहा पटेल उम्र 7 साल और बेटा चिराग पटेल उम्र 5 साल के रूप में हुई। पुलिस ने तीनों के शवों का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार मृतका का पति दीपक पटेल निवासी तुलसीनगर वार्ड मोहल्ले में ही स्थित राशन दुकान में काम करता है। वह शराब पीने का आदी है। वह अक्सर पत्नी से विवाद करता था। प्राथमिक जांच में पुलिस आत्महत्या के पीछे पति-पत्नी के बीच पारिवारिक और तत्कालिक विवाद होना मान रही है। हालांकि पुलिस मामले के हर बिंदु पर जांच कर रही है। जांच के दौरान परिवार वालों के बयान लिए जाएंगे। जिसके बाद सुसाइड की असल वजह सामने आ सकेगी। मृतका के पति दीपक पटेल ने बताया कि वह सोमवार को पत्नी हेमलता और बच्चों को ससुराल घूघर से लेकर घर आया था। उन्हें घर के बाहर छोड़कर मैं राशन दुकान पर चला गया था। जिसके बाद मेरे पास फोन आया और घटना की जानकारी दी। मुझे नहीं पता कि किस कारण से पत्नी ने ऐसा कदम उठाया है। एडिशनल एसपी लोकेश सिंहा ने बताया कि महिला ने अपने बच्चों के साथ कुएं में कूदकर जान दी है। मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रहे हैं। प्राथमिक जांच में पारिवारिक विवाद की बात सामने आ रही है। हालांकि प्रकरण में जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एसपी आफिस के सामने युवती ने पीया जहर

सागर, देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने मंगलवार को 28 वर्षीय युवती ने जहर पी लिया। युवती बदहवास होकर सड़क पर गिर गई। तभी एडिशनल एसपी लोकेश सिंहा मौके पर पहुंचे और स्वयं के वाहन से युवती को बुंदेलखंड मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। युवती का अस्पताल में इलाज चल रहा है। युवती के बयान अभी नहीं हो सके हैं। पुलिस को युवती के पास से एक आवेदन मिला है। जिसमें उसने अपनी पीड़ा और शिकायत लिखी है। जानकारी के अनुसार जहरीला पदार्थ पीने वाली युवती पूनम पुत्री राजाराम प्रजापति उम्र 28 साल निवासी मस्जिद वार्ड छोटी बजरिया बीना की है। उसने 21 अगस्त को बीना थाने में शिकायती आवेदन दिया था। आवेदन में बताया था कि वह बीना के मस्जिद वार्ड में किराए के कमरे में रहती है। यहां वर्ग विशेष के लोग उसे परेशान कर रहे थे। शादी करने का दबाव बना रहे थे। युवती को लगातार परेशान किया जा रहा था। लेकिन बीना में सुनवाई नहीं हुई तो युवती मंगलवार को सागर एसपी ऑफिस में शिकायत करने पहुंची थी। लेकिन यहां उसने जहरीला पदार्थ पी लिया। मामले में युवती का इलाज चल रहा है। एडिशनल एसपी लोकेश सिंहा ने बताया कि युवती ने ऐसा कदम क्यों उठाया, इस संबंध में जांच की जा रही है। युवती के बयान लिए जाएंगे। वहीं जांच के दौरान जो भी साक्ष्य सामने आए, उस आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कलश यात्रा में चोरों ने पूर्व नपाध्यक्ष की पत्नी समेत 25 महिलाओं के गले से मंगलसूत्र और चेन चुराई

खुरई, देशबन्धु। खुरई में होने वाली बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की हनुमंत कथा के एक दिन पहले मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में करीब 25 महिलाओं के गले से सोने के मंगलसूत्र और चेन चोरी हो गए। घटना के बाद खुरई शहरी थाने में एक के बाद एक महिलाओं ने शिकायती आवेदन दिए हैं। तीन दिवसीय हनुमंत कथा सागर जिले के खुरई में होने जा रही है। कथा के शुरू होने से एक दिन पहले कलश यात्रा निकाली गई, लेकिन इसमें आभूषण पहनकर कलश यात्रा में शामिल होना महिलाओं को महंगा पड़ गया। एक या दो नहीं बल्कि 25 महिलाओं के साथ चेन स्नेचिंग जैसी घटनाएं हुई है। इसमें अधिकतर महिलाओं के मंगलसूत्र गायब हो गए हैं। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रहे इंद्र कुमार राय की पत्नी सुनीता राय की सोने की चेन, लॉकेट और महावीर वार्ड की पार्षद अनीता इंद्र राज सिंह ठाकुर का मंगलसूत्र भी चोरी हो गया। सभी ने खुरई शहरी थाना पहुंचकर लिखित में आवेदन दिए हैं। कलश यात्रा में भीड़ का फायदा उठाकर महिलाओं के गले से सोने की चेन और मंगलसूत्र चोरी करने वाली चार संदिग्ध महिलाओं को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। जिससे इस संबंध में पूछताछ की जा रही है। वहीं कथा में बाहर से आए बड़ी संख्या में लोग जो टीका लगा रहे थे। उन्हें भी पूछताछ करने के लिए थाने बुलाया गया है। खुरई शहरी थाना प्रभारी शशि विश्वकर्मा ने बताया कि इस मामले में महिलाओं ने थाने में शिकायत की है। उन सभी महिलाओं के मामले की जांच की जाएगी। चार संदिग्ध महिलाओं से पूछताछ की जा रही है। फिलहाल इस मामले की जांच जारी है।

लोहे की सेंटिंग प्लेटे और पाईप चोरी करने वाले चोरो को किया गिरफ्तार

सागर, देशबन्धु। 29 अगस्त को फरियादी हेमराज पिता रामराज पटैल उम्र 30 साल निवासी राजा बिलहरा हाल छत्रसाल नगर बाघराज वार्ड थाना गोपालगंज ने थाना आकर 29 अगस्त को अशोक बिहार कालोनी नाला के पास तिरुपतिपुरम से अज्ञात चोरो के द्वारा उसकी 35 लोहे की सेंटिंग एवं पाईप चोरी कुल कीमती 35,000 रुपये चोरी हो जाने संबंधी रिपोर्ट लेख कराने पर थाना गोपालगंज में अपराध क्रमांक 519/23 धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना स्तर पर टीम गठित कर आरोपियो की तलाश की गयी एवं घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरो की फुटेज चैक की गयी जो तकनीकी साक्ष्यो के आधार पर संदेहीयान प्रमोद रैकवार पिता नारायण रैकवार उम्र 30 साल निवासी तिरुपतिपुरम, रवि जाटव पिता स्व. रामलाल जाटव उम्र 24 साल निवासी मलैया गार्डन के पास तिली, मनोज पिना गनेश प्रसाद पटैल उम्र 38 साल निवासी मरघटा रोड तिली गांव थाना गोपालगंज जिला सागर को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गयी तो आरोपियो के द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया गया एवं आरोपियो से घटना प्रयुक्त एक बिना नंबर की यामाहा आर 15 मोटर साईकिल, 12 लोहे की सेंटिंग की प्लेट, 4 लोहे की सेंटिग पाईप कुल कीमती 150000 रुपया गिरफ्तार कर लिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय सारवान, डीएस मरावी, सुजीत, संजय मिश्रा, अनुराग वैद्य, विक्रम गुरु चौरसिया, राहुल, हीरेन्द सिंह, पुष्पेन्द का योगदान रहा।

नेशनल लोक अदालत में बकाया जलकर और संपति कर के अधिभार में दी जा रही छूट

सागर, देशबन्धु। 9 सितंबर शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें नगर निगम के जलकर और संपत्तिकर के बकाया करों के अधिभार में शासन के नियम अनुसार छूट प्रदान की जाएगी। संपत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिकार की राशि रुपए पचास हजार तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी। जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपए दस हजार तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी। संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपए पचास हजार से अधिक तथा एक लाख तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपए दस हजार से अधिक तथा पचास हजार तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

विधायक ने किया शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरुजनों का सम्मान

सागर, देशबन्धु। विधायक शैलेंद्र जैन द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में शिक्षको ने उपस्थित होकर कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सर हरिसिंह गौर केंद्रीय विवि की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता उपस्थित थी। विशिष्ट अतिथि शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक मनीष वर्मा, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, डीपीसी गिरीश मिश्रा, रविशंकर शुक्ल स्कूल प्राचार्य महेंद्र तिवारी, अतिरिक्त संचालक आशुतोष गोस्वामी आदि उपस्थित थे। विधायक श्री जैन और उपस्थित अतिथियों ने मंच से राष्ट्रपति एवं राज्यपाल पुरुस्कार प्राप्त शिक्षकों का सम्मान किया एवं अन्य शिक्षकों का उनके पास पहुंचकर उन पर पुष्प वर्षा कर शाल श्रीफल एवं भेंट देकर उनको सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक श्री जैन ने कहा कि जैसे जल बिना जीवन नहीं है उसी प्रकार शिक्षक बिना जीवन भी अधूरा है क्योंकि जिस प्रकार व्यक्ति को जीने के लिए जल की आवश्यकता होती है जीवन में एक मार्गदर्शक जरूरी है। जो की एक गुरु के रूप में व्यक्ति को सत्य अहिंसा एवं ईमानदारी के साथ अपने जीवन का निर्वहन करने की प्रेरणा एक शिक्षक से ही प्राप्त होती है। कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में मनुष्य निर्माण में शिक्षा का बहुत बड़ा योगदान है, एक चिकित्सक तो व्यक्ति की जान बचाने कार्य करता है परंतु एक शिक्षक मनुष्य के निर्माण का कार्य करता है। कार्यक्रम का संचालन एमडी त्रिपाठी ने किया।

24 घंटे के अंदर बलात्कार के आरोपी को किया गिरफ्तार

सागर, देशबन्धु। थाना गोपालगंज में दर्ज दुष्कृत्य के मामले में आरोपी छोटू उर्फ जितेन्द्र पटेल पिता अशोक पटेल निवासी मझगुवां थाना रहली को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया। मामले की पीड़िता ग्राम मझगुवां थाना रहली की रहने वाली है जो कि सागर में एक प्रायवेट कंपनी में काम करती थी एवं गोपालगंज क्षेत्र में किराये के मकान में रहती थी। 4 सितम्बर को फरियादिया द्वारा थाना पर रिपोर्ट लेख करायी कि 8 जून 23 के शाम करीब 7 बजे वह गोपालगंज स्थित अपने किराये के मकान में थी तभी उसके गांव का परिचित छोटू उर्फ जितेन्द्र पटेल आया और घूमने के बहाने मोटर साईकिल पर बैठाकर ले गया आरोपी द्वारा जान से खत्म करने की धमकी देकर एक रेस्टोरेंट में ले जाकर फरियादिया के साथ गलत काम किया उसके बाद मोटर साईकिल से भोपाल ले गया तथा एक अनजान जगह पर किराये का कमरा लेकर वहां भी फरियादिया के साथ जबरदस्ती गलत काम करता रहा एवं जबरदस्ती शादी करके साथ में रखा। फरियादिया को मौका मिलने पर फरियादिया ने घर वालों को अपना पता एसएमएस के जरिये भेजकर बुलाया एवं उनके साथ आकर थाना पर रिपोर्ट लेख करायी। फरियादिया की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना पर अप.क्र. 517/23 धारा 366, 376, 376(2द), 506 भादस का अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी की तलाश के दौरान 5 सितम्बर को आरोपी छोटू उर्फ जितेन्द्र पिता अशोक पटैल निवासी मझगुवा थाना रहली को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में निरी. अजय सारवान, मनीषा तिवारी, प्रवीण भलावी, प्रियंका का योगदान रहा।

शिक्षक श्रेष्ठ इंसान बनाने का सांचा है, मशीन है, जिसमें ढलकर बच्चे श्रेष्ठ पदों को प्राप्त होते हैं: चंद्रदत्त सागर

मकरोनिया, देशबन्धु। जगत के सबसे बड़े शिक्षक तीर्थंकर आदिनाथ है जिन्होंने षटकर्मों की शिक्षा दी और अपनी पुत्री ब्राह्मी सुंदरी को अंक विद्या और अक्षर विद्या प्रदान कर शिक्षा की शुरुआत की यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने शिक्षक दिवस के अवसर पर अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही। मुनि श्री ने कहा शिक्षक देश के निर्माता है हर बालक बालिका सभी शिक्षक से शिक्षा पाकर उच्च पदों को प्राप्त करते हैं आज शिक्षकों का सम्मान घट रहा है इसके लिए शिक्षकों का विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को सहयोग करना पड़ेगा। शिक्षक गरिमा में रहकर अपना गौरव बढ़ाये और मांस, मदिरा, बीड़ी सिगरेट, तंबाकू, गुटका आदि व्यसन, बुराइयों से दूर रहे। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा जैन दर्शन में उपाध्याय परमेष्ठी को शिक्षक कहा गया है, वह स्वयं अध्ययन करते हैं और शिष्यों को भी पढ़ाते हैं। शिक्षकों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। शिक्षक श्रेष्ठ इंसान बनाने का सांचा है, मशीन है, जिसमें ढलकर बच्चे श्रेष्ठ पदों को प्राप्त होते हैं। शिक्षक कर्तव्य निष्ठा पूर्वक श्रेष्ठ दायित्व निभाएं और ड्यूटी इज ब्यूटी सूत्र का पालन करें।

एस्ट्रो टर्फहॉकी मैदान पर सागर की हॉकी टीम को मिली सफलता

दमोह, गुना को हराकर फाइनल खेली सागर टीम ने भोपाल को हराया

सागर, देशबन्धु। सागर के खिलाड़ियों को स्मार्ट सिटी द्वारा एक बहुत बड़ी सौगात खेल परिसर मैदान में एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान की दी गई है। यह बात हॉकी फीडर सेंटर सागर के खिलाड़ी मोहम्मद नफीस खान ने खेल परिसर मैदान में आयोजित सागर हॉकी गोल्ड कप टूर्नामेंट के फाइनल मैच में भोपाल से जीतने के बाद कही। उन्होंने कहा की हमारे शहर में टर्फजैसी सुविधाओं के अभाव में चट मैदान में हमें हॉकी खेलना पड़ती थी जिससे सागर में हॉकी खेल पिछड़ गया था आज एस्ट्रो टर्फ मैदान मिलने से सागर में बहुत अच्छी हॉकी प्रेक्टिस हो रही है जिससे हमें यह फायदा मिला की आज इस पहले टूर्नामेंट में हमनें जीत हासिल की है। पहला मैच हमनें 9 गोल से दमोह से जीता फिर दूसरा मैच 5 गोल से गुना से जीतकर फाइनल में पहुंचे। फाइनल मैच में हमारी टीम ने भोपाल जैसी मजबूत हॉकी टीम को हराकर विजेता का खिताब हासिल किया है। ये हमारे सागर की बड़ी उपलब्धि है। हमारे फीडर सेंटर के बच्चे हॉकी में पिछड़ गए थे अब उन्हें खेलने के लिए बेहतर सुविधाएं मिल रहीं हैं। हम इस अनमोल सौगात एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान को सम्हाल कर रखेंगे और सागर से नेशनल खिलाड़ी निकले इसका पूरा जोर लगाकर प्रयास करेंगे। एक अन्य खिलाड़ी समीर खान ने कहा की पहले हम चट ग्राउंड पर खेलते थे जिससे बहुत अच्छी प्रेक्टिस नहीं हो पाती थी जबकि दमोह, भोपाल आदि अन्य शहरों में हॉकी के टर्फ मैदानों पर खिलाड़ी प्रेक्टिस करते थे। इस टर्फ मैदान पर हमारी बहुत अच्छी प्रेक्टिस हो रही है। हम सभी का खेल मे पहले की अपेक्षा काफी सुधार आया है। अब सागर की हॉकी को प्रसिद्धि और मिलेगी। हम इस बहुत ही अच्छे टूर्नामेंट में आज विजेता बने हैं।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: पलाश सुरजन, कार्यकारी संपादक: ज़ाकिर अली * प्रबंध संपादक डॉ. योगेश दत्त तिवारी फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in प्रेस पंजीयन- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।